राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 171
लखनऊ, शनिवार 21 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



डियूटी न ज्वाइन करने वाले शिक्षकों का रुकेगा वेतन : डीआईओएस 10

यूपी ने बनाये विकास के नए कीर्तिमान : केशव 03

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षाबलों ने आतंकी साजिश को किया नाकाम

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। श्रीनगर-बारामूला नेशनल हाईवे पर गश्त के दौरान सुरक्षाबलों को सड़क किनारे एक संदिग्ध आईईडी मिला, जिसे बम स्क्वॉड ने तुरंत निष्क्रिय कर दिया। हाईवे पर आईडीडी मिलने के बाद पूरे इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है और सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है।

### मासूम की दुष्कर्म के बाद हत्या, गड्ढे में दफनाया शव

**गुड़गांव।** तीन साल मासूम को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ रेप के बाद गला दबाकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने शव को गड्ढा खोदकर दफना दिया। जब माता-पिता ने बच्ची के गुमशुदा होने की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने आसपास एरिया के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जिसमें एक युवक मासूम को अपने साथ ले जाता दिखाई दिया। पुलिस ने जब युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने पूरी वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। जिसके बाद आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने गड्ढा खोदकर शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शिवनाथ (उम्र-25 वर्ष) निवासी सुपौल (बिहार) के रूप में हुई।

### नमाज-आरती एक ही समय होने से दो पक्षों में भड़का विवाद, पथराव से इलाके में तनाव

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के सिहोरा क्षेत्र में शुक्रवार को आजाद चौक इलाके में पथराव की घटना सामने आई, जिसके बाद कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि विवाद आरती के दौरान एक युवक से मारपीट और तोड़फोड़ के बाद बवाल हो गया। दो समुदाय आमने-सामने आ गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे स्थानीय चैनल का लाइव फुटेज बताया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर हल्का बल प्रयोग कर हालात को नियंत्रित कर लिया है।

### शिवाजी जयंती के बाद बागलकोट में फिर पथराव

**बागलकोट।** कर्नाटक के बागलकोट शहर में शिवाजी जयंती के अवसर पर निकाली गई झांकी और शोभायात्रा के दौरान हुए पथराव के बाद हालात सामान्य होने लगे थे, लेकिन शक्रवार को किल्ला ओणी क्षेत्र में एक बार फिर पथराव की घटना सामने आई, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात की घटना के विरोध में हिंदू संगठनों के नेताओं की शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के बाद कार्यकर्ता बाजार बंद कराने के लिए निकले। इसी दौरान जब वे सब्जी मंडी की ओर बढ़ रहे थे, किल्ला ओणी इलाके में फिर से पत्थर फेंके गए। पत्थर सब्जी विक्रेताओं के पास आकर गिरे, जिससे अफरा-तफरी मच गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस मौके पर पहुंची और उग्र भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर हालात पर काबू पाया गया। फिलहाल क्षेत्र में भारी पुलिस बंदोबस्त किया गया है।

### एलओसी पर पाक ने किया सीजफायर का उल्लंघन

**श्रीनगर।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने कहा कि कुपवाड़ा (उत्तरी कश्मीर) के नौगाम सेक्टर में टीएमजी (टूट मार गली) में दोपहर के आसपास संघर्ष विराम उल्लंघन हुआ जब पीओके चौकियों ने भारतीय चौकियों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की। कुछ देर बाद गोलीबारी बंद हो गई। उन्होंने आगे बताया कि कोई जानमाल का नुकसान या चोट नहीं आई।

# भारत पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




भारत ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में आयोजित एक समारोह में पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में एआई संचालित वैश्विक अर्थव्यवस्था को शक्ति देने वाले संपूर्ण तकनीकी ढांचे को सुरक्षित करने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई गई।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां भारत मंडपम में इंडिया एआई इंपैक्ट समिट के पांचवें दिन इस समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद कहा कि यह केवल एक औपचारिक हस्ताक्षर नहीं है, बल्कि भविष्य निर्माण का क्षण है। स्वतंत्रता के बाद से भारत की वृद्धि को देखें तो कंपाउंडिंग ग्रोथ की ताकत स्पष्ट होती है। आज भारत के इंजीनियर दुनिया के सबसे उन्नत दो-नैनोमीटर चिप डिजाइन कर रहे हैं और सेमीकंडक्टर उद्योग को लगभग दस लाख नए पेशेवरों की आवश्यकता होगी, जो भारत के लिए बड़ा अवसर है।

> एआई इंपैक्ट समिट के दौरान हुए समझौते पर हस्ताक्षर

अमेरिका के आर्थिक वृद्धि, ऊर्जा और पर्यावरण मामलों के अवर सचिव जैकब हेलबर्ग ने इस घोषणा को साझा भविष्य का रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि पैक्स सिलिका पर हस्ताक्षर करके भारत और अमेरिका ने यह संदेश दिया है कि आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा है। हम भविष्य की संपूर्ण तकनीकी श्रृंखला को सुरक्षित कर रहे हैं। धरती के भीतर खनिजों से लेकर प्रयोगशालाओं और फैब्स में सिलिकॉन वेफर्स तक और उस बुद्धिमत्ता तक जो मानव क्षमता को उजागर करेगी।

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत की भागीदारी को रणनीतिक और आवश्यक बताया। पैक्स सिलिका 21वीं सदी की आर्थिक और तकनीकी व्यवस्था को परिभाषित करेगा। यह खनिज खदानों से लेकर चिप निर्माण फैब्स और डेटा सेंटर तक पूरी सिलिकॉन श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए बनाया गया है। यह गठबंधन इस सवाल का जवाब है कि क्या स्वतंत्र समाज वैश्विक अर्थव्यवस्था की ऊंचाइयों पर नियंत्रण रखेंगे। हम स्वतंत्रता चुनते हैं, साझेदारी चुनते हैं और ताकत चुनते हैं। सर्जियो गोर ने कहा कि एआई क्रांति भविष्य में नहीं, बल्कि आज ही मौजूद है।

हस्ताक्षर समारोह के बाद आयोजित उच्च स्तरीय फायरसाइड चैट में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन, अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर, माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ एवं एमडी रंधीर ठाकुर ने एआई महत्वाकांक्षा और सेमीकंडक्टर लचीलापन पर रणनीतिक विषयों पर चर्चा की। एस कृष्णन ने कहा कि भारत का लक्ष्य भरोसेमंद साझेदारों के साथ लचीला सहयोग है, जिससे भारत भविष्य की वैश्विक तकनीकी व्यवस्था में अपनी जगह सुनिश्चित कर सके।

पैक्स सिलिका की घोषणा में कहा गया है कि हम साझा समृद्धि, तकनीकी प्रगति और आर्थिक सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे। भरोसेमंद सप्लाई चेन और सुरक्षित एआई सिस्टम भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी हैं। एआई की तेज प्रगति वैश्विक अर्थव्यवस्था और सप्लाई चेन को बदल रही है और इससे ऊर्जा, खनिज, विनिर्माण, हार्डवेयर, इंफ्रास्ट्रक्चर और नए बाजारों में बड़े अवसर बनेंगे।

### सुंदर पिचाई ने किया पहल का स्वागत

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भी इस पहल का स्वागत किया और कहा कि पैक्स सिलिका सुरक्षित सप्लाई चेन और प्रमुख तकनीकों में व्यावसायिक साझेदारी को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि हालिया व्यापार समझौते के साथ यह पहल अमेरिका-भारत टेक साझेदारी के लिए मजबूत आधार तैयार करेगी और दोनों देशों को इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए बधाई दी।

# एक अप्रैल से सिर्फ फास्टैग या यूपीआई से ही कटेगा टोल टैक्स

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने देश भर के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल प्लाजा पर नकद भुगतना बंद करने का ऐलान किया है। देश में एक अप्रैल से टोल शुल्क केवल फास्टैग या यूपीआई से ही लिया जाएगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मुताबिक देशभर में 1,150 से अधिक टोल प्लाजा पर यह व्यवस्था लागू होगी। यह पहल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के उस लक्ष्य के अनुरूप है, जिसके तहत तकनीक-आधारित, तेज और निर्बाध राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। मंत्रालय ने बताया कि अभी तक अगर कोई वाहन बिना वैध फास्टैग के टोल प्लाजा में प्रवेश करता है और नकद भुगतान करता है, तो उससे दोगुना शुल्क लिया जाता है। वहीं यूपीआई से भुगतान करने वाले उपयोगकर्ताओं से केवल 1.25 गुना शुल्क लिया जाता है। इन प्रावधानों का उद्देश्य नकद लेन-देन को हतोत्साहित करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना है। एनएचएआई के आकलन में पाया गया है कि नकद भुगतान से टोल प्लाज़ा पर भीड़ बढ़ती है, प्रतीक्षा समय लंबा होता है और लेन-देन से जुड़े विवाद भी सामने आते हैं। डिजिटल भुगतान व्यवस्था लागू होने से परिचालन दक्षता बढ़ेगी, यातायात प्रबंधन सुधरेगा और यात्रियों का अनुभव बेहतर होगा। मंत्रालय ने बताया कि इस कदम से टोल प्लाज़ा पर भीड़ कम होगी, गाड़ियों की आवाजाही तेज होगी और लेन-देन में पारदर्शिता आएगी। पिछले कुछ वर्षों में फास्टैग की 98 प्रतिशत से अधिक पहुंच ने टोल वसूली की व्यवस्था को बदल दिया है। अब अधिकांश वाहन आरएफआईडी-सक्षम फास्टैग से गुजरते हैं, जिससे टोल भुगतान स्वतः हो जाता है। साथ ही यूपीआई भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे यात्रियों को तुरंत और आसान डिजिटल विकल्प मिलता है।

# एआई सम्मिट में युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, पुलिस ने लिया हिरासत में

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को यहां केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने अपनी टी-शर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए। फिलहाल, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया है।

मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त देवेश कुमार महला ने कहा, यह शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे की घटना है। इन लोगों ने क्यूआर कोड के जरिए आवेदन किया और फिर ये लोग अंदर आए। उन्होंने स्वेटर और जैकेट पहनी हुई थी और बाद में उन लोगों ने हॉल नंबर 5 के लॉबी एरिया में स्वेटर और जैकेट उतारकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। ये सभी भारतीय युवा कांग्रेस के लोग हैं। इनमें बिहार से कृष्णा (35) हैं, जो कि भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव हैं। बिहार से कुंदन यादव (33) जो कि प्रदेश सचिव हैं। उत्तर प्रदेश से अजय कुमार जो कि प्रदेश उपाध्यक्ष हैं और महबूब नगर, तेलंगाना से नरसिम्हा यादव जो कि राष्ट्रीय समन्वयक हैं। महला ने कहा कि इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ा रहा मजबूती से कदम : योगी

> अंधेरे में जो कारनामे होते थे, वे अब बंद हो गए हैं
>
> प्रकाश व्यवस्था से पारदर्शिता व सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हुई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



विधानसभा बजट सत्र के अंतिम दिन सदन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में हुए व्यापक बदलावों का उल्लेख करते हुए ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री 1988 बैच के अनुभवी आईएएस अधिकारी रहे हैं और अपने प्रशासनिक अनुभव का लाभ प्रदेश की ऊर्जा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कुछ लोग उन्हें अनावश्यक रूप से घेरने का प्रयास करते हैं, लेकिन उनके कार्य स्वयं उनकी प्रतिबद्धता और दक्षता का प्रमाण हैं। पूर्ववर्ती सरकारों के समय प्रदेश में कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता मात्र 7159 मेगावाट थी, जबकि आज उत्तर प्रदेश अपने स्वयं के स्रोतों से 18136 मेगावाट पावर जनरेशन क्षमता की ओर अग्रसर है। यह वृद्धि केवल आंकड़ों का विस्तार नहीं, बल्कि प्रदेश की औद्योगिक, कृषि एवं घरेलू जरूरतों की पूर्ति की दिशा में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है।उन्होंने स्पष्ट कहा कि आज उत्तर प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ा रहा है, जिसका श्रेय ऊर्जा मंत्री के नेतृत्व में प्रयासों को जाता है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना ने आम नागरिक को ऊर्जा उत्पादक बनने का अवसर दिया है। उत्तर प्रदेश ने इस योजना के अंतर्गत 1.29 गीगावॉट सौर क्षमता अर्जित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एक समय था जब प्रदेश में बिजली की इतनी कमी थी कि लोग बिजली के तारों पर कपड़े सुखाते थे। आज वही उत्तर प्रदेश 24 घंटे जिला मुख्यालयों पर, 22 घंटे तहसील मुख्यालयों पर और 18 घंटे ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनकी पीड़ा यह नहीं है कि बिजली नहीं आ रही, बल्कि उनकी पीड़ा यह है कि अब बिजली क्यों आ रही है। क्योंकि अंधेरे में जो कारनामे होते थे, वे अब बंद हो गए हैं। प्रकाश व्यवस्था से पारदर्शिता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हुई हैं।

### भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता अप्रैल में लागू होने की संभावना : पीयूष गोयल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने और अप्रैल में इसके लागू होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि भारत के ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भी अप्रैल में लागू होने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के साथ समझौता सितंबर में लागू हो सकता है। भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए तीन दिवसीय बैठक अमेरिका में शुरू होगी। इस महीने की शुरुआत में भारत और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर घोषणा की थी कि अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तय कर ली गई है।

# भारतीय सेना ने किया युद्ध तैयारी व मारक क्षमता का प्रदर्शन

**एजेंसी, जैसलमेर।**



राजस्थान के चुनौतीपूर्ण और तपते रेगिस्तानी क्षेत्र में भारतीय सेना की एयर डिफेंस यूनिट ने अपनी उच्च स्तरीय युद्ध तैयारी और मारक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय सेना की एयर डिफेंस यूनिट ने एक व्यापक फायरिंग अभ्यास के दौरान अपनी युद्ध तैयारियों और अचूक मारक क्षमता को परखा।

भीषण गर्मी और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद, सेना के जांबाजों ने आधुनिक हथियार प्रणालियों के जरिए आसमान से आने वाले हर खतरे को नेस्तनाबूद करने का सफल अभ्यास किया।

अग्रिम इलाकों में आयोजित व्यापक फायरिंग अभ्यास के दौरान एयर डिफेंस वॉरियर्स ने सटीक निशानेबाज़ी, त्वरित प्रतिक्रिया और आधुनिक हथियार प्रणालियों के प्रभावी उपयोग से अपनी ऑपरेशनल दक्षता साबित की। कठिन भू-भाग और तेज गर्म हवाओं के बीच भी अभ्यास पूरी तरह सफल रहा। इस सैन्य अभ्यास में कोणार्क कोर के डेजर्ट वॉरियर्स तथा ब्लेजिंग स्काइज ब्रिगेड के जवानों ने भाग लिया। अभ्यास का उद्देश्य युद्ध जैसी परिस्थितियों में तैनात सैनिकों की प्रतिक्रिया क्षमता, फायरिंग सटीकता और समन्वय कौशल को परखना था। इसमें अत्याधुनिक रडार प्रणालियों और ट्रैकिंग उपकरणों के बीच बेहतरीन समन्वय देखने को मिला, जिससे हर टारगेट को पलक झपकते ही ध्वस्त कर दिया गया। अभ्यास के दौरान विभिन्न अत्याधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम का उपयोग किया गया। रडार, ट्रैकिंग और हथियार प्रणालियों के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। हर फायरिंग ड्रिल निर्धारित समय-सीमा में पूरी की गई, जिससे सैनिकों की प्रोफेशनलिज़्म और अनुशासन की झलक साफ दिखाई दी। कठिन मौसम, सीमित दृश्यता और रेत भरी आंधियों जैसी परिस्थितियों में भी जवानों ने संयम और साहस का परिचय दिया।

### भारत के हाथों में 16 साल बाद फिर आई हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी की कमान

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना को 16 साल बाद फिर से हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) की कमान मिल गई है। भारत ने आज ही विशाखापट्टनम में हिंद महासागर नौसैनिक संगोष्ठी के प्रमुखों के 9वें कॉन्क्लेव में रॉयल थाई नेवी से अध्यक्षता वापस ली। भारत इससे पहले 2008 से 2010 तक अध्यक्ष रहने के बाद अब फिर इस फोरम को आगे बढ़ाएगा, जो पेशेवर समुद्री सहयोग के लिए एक सेंट्रल प्लेटफॉर्म बन गया है। इस कॉन्क्लेव में 33 देशों के नौसेना प्रमुख और समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुख शामिल हुए।

### बिटकॉइन घोटाला मामले में राज कुंद्रा को मिली जमानत



**एजेंसी, मुंबई।** बिटकॉइन घोटाले से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए मुंबई की विशेष पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) अदालत ने शक्रवार को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और मशहूर बिजनेसमैन राज कुंद्रा जमानत दे दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से इस मामले में दाखिल की गई चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने यह फैसला सुनाया है।

# सुलतानपुर की अदालत में राहुल गांधी ने दर्ज कराया बयान

**सुलतानपुर, समृद्धि न्यूज।**



विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर में एक सांसद-विधायक अदालत में पेश हुए और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ उनकी टिप्पणी से संबंधित मानहानि मामले में बयान दर्ज कराया।

राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया, राहुल गांधी सुल्तानपुर में सांसद-विधायक अदालत में पेश हुए और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ उनकी टिप्पणी से संबंधित मानहानि मामले में बयान दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख नौ मार्च तय की है, जिस पर राहुल गांधी को अपने बचाव में सबूत पेश करने के लिए कहा गया है। राहुल गांधी सुबह करीब 10.40 बजे सुल्तानपुर की अदालत में दाखिल हुए और करीब 11.15 बजे मामले में बयान दर्ज कराने के बाद वहां से चले गए। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय राय ने बताया, अदालत ने मामले में अगली तारीख नौ मार्च तय की है।

**उच्चतम न्यायालय का बड़ा फैसला**

# बाबरी नाम से निर्माण या नामकरण पर रोक से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



उच्चतम न्यायालय ने मुगल शासक बाबर या बाबरी मस्जिद के नाम पर किसी भी मस्जिद या धार्मिक संरचना के निर्माण या नामकरण पर रोक लगाने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ द्वारा याचिका पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त करने के बाद याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने इसे वापस ले लिया। पीठ ने कहा, याचिका वापस लिए जाने के कारण इसे खारिज किया जाता है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने निलंबित तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर द्वारा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने की घोषणा का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता देश में आक्रांताओं के नाम पर मस्जिदों के निर्माण के खिलाफ है। वकील ने कहा कि कबीर ने इस तथ्य के बावजूद मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण की घोषणा की थी कि बाबर एक आक्रमणकारी था। उन्होंने कहा कि उनके (कबीर के) खिलाफ कुछ कार्रवाई की जानी चाहिए। जब पीठ ने याचिका खारिज करने की घोषणा की तो वकील ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। याचिका में केंद्र, राज्यों और अन्य सरकारों को याचिकाकर्ता के मामले पर विचार करने और समूचे भारत में बाबर या बाबरी मस्जिद या उनसे मिलते-जुलते, व्युत्पन्न नामों पर किसी भी मस्जिद या धार्मिक संरचना के निर्माण, स्थापना या नामकरण पर रोक लगाने या प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे बाबरी मस्जिद, बाबर या भारत पर आक्रमण करने वाले किसी भी व्यक्ति के नाम पर किसी भी मस्जिद या धार्मिक संरचना के निर्माण पर प्रतिबंध लगाने के लिए उचित दिशा-निर्देश तैयार करने या परिपत्र और प्रशासनिक आदेश जारी करने पर विचार करें।

**सख्ती | एआई कंटेंट पर अनिवार्य लेबलिंग लागू**

# सोशल मीडिया को तीन घंटे में हटाने होंगे डीपफेक पोस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एआई से तैयार किए गए डिजिटल कंटेंट को लेकर सख्त दिशा-निर्देश लागू कर दिए हैं। 10 फरवरी 2026 को नोटिफिकेशन जारी होने के बाद ये नियम 20 फरवरी से प्रभावी हो गए। अब यदि कोई फोटो, वीडियो या ऑडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाया जाता है, तो उस पर साफ तौर पर लेबल लगाना जरूरी होगा। साथ ही, किसी भी आपत्तिजनक या गैर-कानूनी कंटेंट की शिकायत मिलने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सिर्फ 3 घंटे के भीतर उसे हटाना होगा। पहले यह समयसीमा 36 घंटे थी।

नियम लागू होने से एक दिन पहले 19 फरवरी को आयोजित एआई समिट में पीएम नरेंद्र मोदी ने डिजिटल कंटेंट पर 'ऑथेंटिसिटी लेबल' की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा था कि जैसे खाद्य पदार्थों पर 'न्यूट्रिशन लेबल' होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए कि वह असली है या एआई से तैयार किया गया है। इससे लोगों को फर्जी और असली बीच फर्क समझने में मदद मिलेगी। अब हर एआई से तैयार कंटेंट के कोने में स्पष्ट रूप से एआई जनरेटेड या इसी तरह का लेबल दिखना अनिवार्य होगा।

उदाहरण के तौर पर, अगर किसी नेता का एआई से बनाया गया भाषण वाला वीडियो अपलोड किया जाता है, तो उसे बिना लेबल के पोस्ट नहीं किया जा सकेगा। मेटाडेटा को किसी फाइल का 'डिजिटल डीएनए' कहा जा सकता है। यह स्क्रीन पर दिखाई नहीं देता, लेकिन फाइल के अंदर छिपा रहता है। इसमें यह जानकारी दर्ज होगी कि कंटेंट कब बनाया गया, किस एआई टूल से बना और सबसे पहले किस प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया गया। अगर एआई के जरिए कोई अपराध किया जाता है, तो जांच एजेंसियां इसी तकनीकी मार्कर की मदद से मूल स्रोत तक पहुंच सकेंगी। पहले लोग एडिटिंग करके एआई कंटेंट का वॉटरमार्क हटा देते थे। अब ऐसा करना गैर-कानूनी होगा।

सरकार ने प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया है कि वे ऐसी तकनीक अपनाएं जिससे लेबल या मेटाडेटा से छेड़छाड़ की कोशिश होने पर कंटेंट स्वतः डिलीट हो जाए या उसे रोका जा सके। अगर एआई का इस्तेमाल बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री, धोखाधड़ी, हथियारों से जुड़ी जानकारी फैलाने या किसी व्यक्ति की नकल करने के लिए किया जाता है, तो इसे गंभीर अपराध माना जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

आईटी नियमों में संशोधन के बाद अब सोशल मीडिया कंपनियों को शिकायत मिलने के 3 घंटे के भीतर आपत्तिजनक सामग्री हटानी होगी। पहले उन्हें 36 घंटे का समय मिलता था। इस बदलाव से कंपनियों की जवाबदेही और बढ़ गई है। अब जब कोई यूजर कंटेंट अपलोड करेगा, तो उसे यह घोषित करना होगा कि सामग्री एआई से बनाई गई है या नहीं। प्लेटफॉर्म्स को ऐसे टूल्स लगाने होंगे जो यूजर के दावे की जांच कर सकें।

अगर बिना डिस्क्लोजर के एआई कंटेंट पब्लिश हो जाता है, तो इसकी जिम्मेदारी कंपनी पर भी तय की जाएगी। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, इन नियमों का उद्देश्य ओपन, सेफ़ ट्रस्टेड और अकाउंटेबल इंटरनेट तैयार करना है। सरकार का कहना है कि इससे जनरेटिव एआई के जरिए फैलने वाली गलत जानकारी, पहचान की चोरी और चुनावी हेरफेर जैसी चुनौतियों पर नियंत्रण मिलेगा।

डीपफेक तकनीक में एआई टूल्स की मदद से किसी असली व्यक्ति के चेहरे या आवाज को किसी अन्य वीडियो या ऑडियो में इस तरह जोड़ा जाता है कि वह बिल्कुल वास्तविक लगे। यही वजह है कि इसे लेकर सरकार ने सख्ती बढ़ा दी है।

# सशक्त किशोरी ही स्वस्थ समाज की पहचान : सीएमओ

▸ किशोर स्वास्थ्य कार्यशाला में छह प्राथमिकता क्षेत्रों पर जोर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सीएमओ सभागार में आयोजित सशक्त किशोरी-समृद्ध गांव प्रशिक्षण कार्यक्रम में किशोरियों को स्वच्छता, पोषण और समग्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। पियर एजुकेटर आधारित इस कार्यशाला का उद्देश्य किशोरावस्था से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों पर सही जानकारी और व्यवहारिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना रहा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा कि किशोरियों का स्वस्थ रहना समाज के संतुलित विकास की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि एनीमिया, कुपोषण, मानसिक तनाव और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का अभाव किशोरावस्था की प्रमुख समस्याएं हैं। यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य की कम जानकारी, अनचाहा गर्भ, संक्रमण, एचआईवी का खतरा तथा गर्भावस्था के दौरान रक्ताल्पता जैसी चुनौतियां गंभीर हैं। इनसे निपटने के लिए पोषण सुधार, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, नशामुक्ति, हिंसा की रोकथाम और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम को प्राथमिकता दी जा रही है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला सलाहकार राकेश गुप्ता ने बताया कि किशोर स्वास्थ्य के छह प्रमुख क्षेत्र–पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति, असंक्रामक बीमारियां तथा शारीरिक चोट एवं लैंगिक आधारित हिंसा की रोकथाम–पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।

समय पर परामर्श और जागरूकता से भविष्य की गंभीर समस्याओं को रोका जा सकता है। सद्भावना संस्था के अध्यक्ष योगेंद्र मणि त्रिपाठी ने स्वच्छता, संतुलित आहार और नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने बाल विवाह रोकने और किशोरियों को शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया। डीसीपीएम मुहम्मद राशिद ने मातृ मृत्यु दर कम करने में जागरूकता और संस्थागत प्रसव की भूमिका बताई।

डॉ. पी. तिवारी ने किशोरों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। बाल भारत रक्षा के अखिलेश शुक्ला ने एनीमिया से बचाव के लिए किशोरियों को आयरन फॉलिक एसिड के सेवन का महत्व बताया। कार्यशाला में पयागपुर, मिहींपुरवा, चितौरा, हुजूरपुर, तेजवापुर, शिवपुर, बलहा, रिसिया एवं नगर क्षेत्र की 86 किशोरियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, एवं पुरुस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर बाल रक्षा भारत से अखिलेश शुक्ला, जितेंद्र, भावना, नगमा, पीएफआई से सफिया जमीर, आरोह से इरफान, प्रदीप रायवानी सहित बीसीपीएम रोहित वर्मा, जेपी प्रजापति, अरविंद मिश्र एवं अशोक कुमार उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे दो छात्रों की मौत




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

बहराइच नानपारा मार्ग पर झिंगहा घाट के पास शुक्रवार सुबह एक रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य छात्र घायल हो गया।

घटना के बाद बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान रामगांव थाना क्षेत्र के राजापुर माफी गांव निवासी मस्तराम (17) और उसके मामा के लड़के रोहित के रूप में हुई है। घायल छात्र का नाम

▸ रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर, दोनों रिश्ते में थे भाई

जयहिंद है। तीनों शुक्रवार सुबह करीब सात बजे बाइक से नगर के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में हाईस्कूल की परीक्षा देने के लिए घर से निकले थे।जब वे झिंगहा घाट के पास स्थित हनुमान मंदिर के सामने पहुंचे, तभी रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर रामगांव पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि मस्तराम और रोहित की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। घायल जयहिंद को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक मस्तराम के पिता आशाराम ने बताया कि बस की टक्कर से उनके बेटे और उनके साले के बेटे की जान चली गई है। मृतका मस्तराम के पिता आशाराम व रोहित के पिता के पास पांच व छह बीघा खेत है। दोनों लोग खेती करते हैं रामगांव थाना प्रभारी गुरुसेन सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खेलते समय मासूम पर गिरा खौलता पानी, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**चिप्स बनाने के लिए रखा था गर्म पानी**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के फखरपुर इलाके में एक तीन साल का बच्चा खौलते पानी की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। यह घटना होली के त्योहार के दौरान चिप्स बनाने के लिए रखे गए गर्म पानी से हुई। बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। यह घटना फखरपुर थाना क्षेत्र के कहरनपुरवा गांव में हुई। ग्रामीण प्रदीप के घर में होली के लिए चिप्स बनाई जा रही थीं, जिसके लिए आंगन में एक बाल्टी में खौलता हुआ पानी रखा था। इसी दौरान प्रदीप का तीन वर्षीय बेटा करण खेलते हुए उस बाल्टी के पास पहुंच गया। खेलते-खेलते करण ने पास रखे जग से खौलता पानी अपने ऊपर डाल लिया। इससे उसका पेट और शरीर के अन्य हिस्से बुरी तरह झुलस गए। बच्चे की चीख सुनकर घर की महिलाएं तुरंत आंगन की ओर दौड़ीं। मासूम को झुलसा हुआ देखकर परिजन उसे आनन-फानन में स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया। फिलहाल, करण का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है और उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### नगदी व जेवर लेकर युवती प्रेमी के संग फरार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात में एक महिला ने तहरीर दिया है कि उस की पुत्री की उम्र 18 वर्ष है।उस का गांव में एक लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था।जिस की बात मोबाइल पर अक्सर घंटों होती थी। गुरुवार की सुबह उस की पुत्री को उस युवक ने मोबाइल पर बात करने के बाद अपने साथ भगा ले गया। घर से जाते समय उस की पुत्री डेढ़ लाख नगदी और छह थान जेवर भी लेकर चली गई।घटना पर कोतवाली देहात की पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया है ।

### दुकान में मार-पीट व तोड़-फोड़ मामले में मुकदमा दर्ज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** एक दुकान में घुस कर सी सी टी वी कैमरा बंद कर तोड़ फोड़ करने के मामले में तीन नाम जर्द सहित आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया गया है। नगर कोतवाली में अतिकुरु हमान पुत्र महफूज उर रहमान निवासी सुभाग नगर ने कोतवाली में तहरीर दिया कि उस की दुकान चौक बाजार में निकट इण्डियन बैंक रकाबगंज, बेलसर रोड पर है जिसमें फिजा रोल कार्नर के नाम से दुकान करता है ।दुकान में बीते 8 जनवरी को समय सुबह करीब 11 बजे फैजान व समीर अपने पिता रिजवान निवासी–फैजाबाद रोड के साथ करीब आधा दर्जन लोगों के साथ दुकान पर आ गए और गाली–गुप्ता देते हुए सामने से धक्का दिया। दुकान में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरा बंद कर दिया और उसके बाद दुकान के अंदर घुस कर सामान आदि को उठाकर बाहर फेंक दिया और रखे हुए सामान को तहस नहस कर दिया, रोकने पर कहा तो अचानक पीछे से ढकेल दिया उसके बाद सभी ने मिलकर लात–घूसे से मारा और दुकान से बाहर ढकेलकर दिया। दुकान हड़प लेने की नियत से दुकान पर ताला मार दिया और दोबारा खोलने पर जान से मार डालने की धमकी भी दी गई। जिस की सूचना डायल 112 पर दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची। घटना की पूरी जानकारी लिया जिस की सूचना चौकी पर देने व दुकान का ताला तोड़कर दुकान खोलने और भयभीत न होने को कहा, जिसके बाद स्थानीय चौकी पाण्डेय बाजार चौकी पर इस की सूचना दी, स्थानीय चौकी की पुलिस मौके पर आकर जायजा लिया, जिस पर दुकान में लगा ताला तोड़कर दुकान खोलने और मारपीट करने की बात बताई गई।फैजान अधिवक्ता है और अन्य तमाम अधिवक्ताओं को लेकर वो चौकी पर आये भी और दबाव बनाने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय चौकी पर पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति बनाये रखने का निर्देश देकर वापस भेज दिया। मौके पर सहमत भी हुए लेकिन चौकी से बाहर निकलने के बाद रास्ते में फिर से जान से मारने की धमकी दी गई। नगर कोतवाली विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि तीन नाम ज॑सहित आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### एसपी ने परेड की ली सलामी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/ कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया । परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई। परेड के उपरान्त शस्त्रों का निरीक्षण किया तथा पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा समेत विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त एसपी ने पुलिस लाइन की बेहतर साफ–सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। तत्पश्चात एसपी ने पुलिस लाइन के आदेश–कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन , प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पाच दिवसीय साइबर सुरक्षा, नेटवर्किंग व एआई प्रशिक्षण सम्पन्न



▸ एएसपी ने प्रतिभागियों को वितरित किया प्रमाण-पत्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को जनपद में तकनीक–सक्षम एवं सुदृढ़ पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित 05 दिवसीय 'साइबर सुरक्षा, नेटवर्किंग एवं एआई परिचय' प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत आज प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। 05 दिवसीय 'साइबर सुरक्षा, नेटवर्किंग एवं एआई परिचय' प्रशिक्षण जिला समन्वयक बलराम शुक्ला द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें जनपदीय कुल 17 कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को चरणबद्ध एवं व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान साइबर अपराधों की बदलती प्रवृत्तियों, फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, मालवेयर, रैनसमवेयर, सोशल इंजीनियरिंग से बचाव, डेटा सुरक्षा, नेटवर्किंग आधारभूत संरचना, डिजिटल साक्ष्य संधारण, आईपी लॉग विश्लेषण एवं साइबर ट्रैकिंग की प्रक्रियाओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अर्जित ज्ञान का प्रभावी उपयोग कर साइबर अपराधों की रोकथाम एवं डिजिटल सुरक्षा तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद में स्मार्ट पुलिसिंग प्रणाली को मजबूत करने तथा साइबर सुरक्षा क्षमता को उन्नत स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## कतर्नियाघाट में वर्दी का खौफ या सत्ता का दुरुपयोग?

▸ भोर में घर में धावा, महिलाओं से दुर्व्यवहार व जेवर-नकदी गायब होने का सनसनीखेज आरोप

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** कतर्नियाघाट क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम पेटरहा, थाना मोतीपुर की निवासी प्रेमा देवी ने कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में तैनात डिप्टी रेंजर सत्य प्रकाश वर्मा और उनके पुरुष स्टाफ पर भोर में घर में जबरन घुसने, महिलाओं से अभद्रता करने और कीमती जेवर–नकदी गायब होने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक, 10 फरवरी 2026 की सुबह लगभग 5:30 बजे घने कोहरे का फायदा उठाकर वन विभाग की टीम अचानक उनके घर में घुस आई। उस समय घर में केवल महिलाएं और छोटे बच्चे मौजूद थे। आरोप है कि बिना किसी लिखित आदेश या महिला कर्मी की मौजूदगी के घर की तलाशी शुरू कर दी गई। जब परिवार ने कार्रवाई का कारण पूछा तो कथित रूप से गाली–गलौज और धक्का–मुक्की की गई। घर में रखे बक्सों के ताले तोड़ दिए गए और पूरे घर का सामान बिखेर दिया गया। पीड़िता का कहना है कि तलाशी के नाम पर भय और आतंक का माहौल बनाया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि टीम के जाने के बाद जब बक्सों की जांच की गई तो बेटी के विवाह के लिए रखे गए जेवरात और नकदी गायब मिले। अब सवाल उठ रहा है—क्या यह तलाशी थी या कुछ और? घटना के बाद पीड़िता ने उच्च अधिकारियों, जिनमें प्रधान मुख्य वन संरक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन मंडल–गोंडा और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को शिकायत भेजी है। क्षेत्र में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है और लोग निष्पक्ष जांच तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यदि आरोप सही साबित होते हैं तो यह मामला न सिर्फ विभागीय मर्यादा बल्कि कानून व्यवस्था पर भी बड़ा धब्बा साबित हो सकता है। फिलहाल विभाग की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है, जिससे संदेह और गहरा गया है।

# सरकारी किताब कबाड़ी के यहां मिलने का मामला : अनेक अधिक अधिकारी व कर्मचारियों के विरूद्ध हुई कार्रवाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



▸ तीन अधिकारियों के विरूद्ध होगी विभागीय कार्रवाई

जिले में सरकारी स्कूलों की निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों को कबाड़ में बेचने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। यह मामला जिले के रामगांव थाना क्षेत्र के मेंटूकहा इलाके का है। यहां दिलशाद कबाड़ी के गोदाम में खड़े ट्रक संख्या यूपी 21 एफटी 8485 में शैक्षणिक सत्र 2026-2027 की भारी मात्रा में सरकारी किताबें मिली थीं। इन किताबों को कबाड़ में बेचने के लिए काशीपुर (उत्तराखंड) ले जाने की तैयारी थी। जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी और पुलिस टीम ने तत्काल ट्रक को जब्त कर लिया था। जिलाधिकारी ने मामले की गहन जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया था। गुरुवार शाम को जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष सिंह ने कार्रवाई की। इसमें अनुचर आलोक कुमार और शफीक अहमद को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा, अनुदेशक अतुल कुमार सिंह, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता आशुतोष सिंह और स्पेशल एजुकेटर दीपक कुमार की संविदा समाप्त कर दी गई है। मामले में प्रभारी सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी (नगर क्षेत्र) डाली मिश्रा और खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) रंजीत कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को जांच रिपोर्ट भेजी है। उन्होंने प्रभारी सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी (नगर क्षेत्र) डाली मिश्रा और खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) रंजीत कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की है।

# पेंशनर्स कक्ष में निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य शिविर आज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

तेजी से बढ़ रही हृदय रोग की समस्या को देखते हुए संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश, गोंडा एवं उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, गोंडा के संयुक्त तत्वावधान में एक निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 21 फरवरी, शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से पेंशनर्स कक्ष (जिलाधिकारी कार्यालय के निकट) आयोजित होगा।

संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के सहसंयोजक एवं शिविर के संयोजक के.बी. सिंह ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण हृदय रोग के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, विशेषकर बुजुर्गों में यह समस्या अधिक देखी जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस शिविर में हिंद मेडिकल कॉलेज, बाराबंकी एवं जैनश इनिशिएटिव्स संस्था के संस्थापक एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा मरीजों की जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर में हृदय संबंधी रोगों की जांच के साथ आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी प जीरवोअ्रदान किया जाएगा। उत्तर प्रदेश मिनिस्टर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ,एवं पेंशनर्स संस्था आयोजकों ने जनपद के पेंशनर्स एवं अन्य जरूरतमंद नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

## चौपाल महोत्सव में किसान गोष्ठी आयोजित



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** लखनऊ रोड स्थित आईटीसी चौपाल सागर में चौपाल महोत्सव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीएम प्रियंका निरंजन रहीं। उन्होंने एफपीओ के सीईओ कुलदीप मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान डीडी डॉ. प्रेम कुमार ठाकुर, नेशनल हेड रिटेल शितांशु कुमार, मार्केटिंग सेल्स मैनेजर परवेज खान, एरिया मैनेजर पवन राव व मॉल इंचार्ज विनय त्रिपाठी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कृषि से जुड़े और बैक समेत विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे।किसानों को कृषि योजनाओं, ऋण सुविधा व आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी दी गई।

# अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो घायलों में तीन की हालत गंभीर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



बारात से वापस लौट रही स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित हो कर इटियाथोक थाना क्षेत्र के पारा सराय ग्राम के पास सड़क के किनारे लगे एक आम के पेड़ से टकरा गई।जिस में सवार तीन सगे भाई सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिस में दो की हालत गम्भीर होने पर उनको लखनऊ रेफर किया गया है।

नवाब गंज थाना क्षेत्र के तुलसी पुर माझा गांव के निवासी 21वर्षीय सोनू पुत्र दीना नाथ 55 वर्षीय दीना नाथ पुत्र बड़े भगाती व उस के भाई 50 वर्षीय मुन्ना लाल 40 वर्षीय भाई तारा मन 8 वर्षीय संतोष पुत्र दीना नाथ स्कॉर्पियो में सवार हो कर बल राम पुर बरात गए हुए थे।

देर रात्रि में बारात से वापस स्कॉर्पियो से घर लौट रहे थे। इटियाथोक थाना क्षेत्र के पारा सराय गांव के पास अचानक चालक नौवीं लाल को नीद लग जाने की वजह से स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो कर पेड़ से टकरा गई।

घायल अवस्था में पड़े लोगों को आसपास के लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना देकर बुलाया। घायलों को मेडिकल कालेज इलाज के लिए भेजवाया। घायलों नौवीं लाल और 8 वर्षीय बालक संतोष की हालत गम्भीर होने पर उस को लखनऊ के लिए रेफर किए गए।

घायल अवस्था में दीना नाथ ने बताया कि उस के गांव महेश यादव के पुत्र गुलशन यादव की बारात बल राम पुर जिला में गई थी। हम सभी लोगों स्कॉर्पियो में सवार हो कर गुरुवार की देर शाम को गए थे।बारात का दुवार पूजा होने के बाद वापस लौटते समय यह घटना घट गई।

## विकास भवन में कई बरसों से जमे सफाई कर्मी हटाए गए



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** राजस्व ग्रामों में तैनात सफाई कर्मचारी पूर्व में अपनी तैनाती गांव छोड़कर निम्नलिखित सफाई कर्मी अमित कुमार गौतम राकेश कुमार पांडे रामजस उपरोक्त सफाई कर्मचारी विकास भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में तैनात होकर जहां पर लगातार बाबू गिरी का काम कर रहे थे इन कर्मचारियों की लगातार शिकायतें आ रही थी शिकायतों को गंभीरता पूर्वक जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा संज्ञान लेकर इनकी जांच करवा कर तत्काल कार्रवाई करते हुए इनकी जिला मुख्यालय से संबद्धता समाप्त कर राजस्व ग्राम में तैनात किया गया है निर्देशित किया गया है कि तत्काल सभी कर्मचारी गांव में जाकर अपना योगदान प्रस्तुत करें अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# बिसुही पुल निर्माण की मांग, राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ता ने सर मुंडा कर बुलंद की आवाज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार क राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदर्शन का 14वां दिन अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया गया आज राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा बिसुही पुल के नीचे बैठकर प्रदर्शन कर मुड़वाया अपना सर कहा कोई तो हमारा दर्द सुन ले इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष युगांक मिश्रा ने बताया कि आज हमारे कार्यक्रम का 14वाँ दिन है हजारों की संख्या में हम मुख्यमंत्री को पत्र लिख चुके हैं तथा 12000 से ऊपर लोगों ने समर्थन में हस्ताक्षर किया है लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हो रही है तो आज हम लोग अपने सिर के बाल मुंडवाए हैं और हम यह बाल मुख्यमंत्री जी को अर्पित कर रहे हैं कि यह बाल लेकर तो कम से कम हमारे दर्द को आप समझ लीजिए और इस पुल का निर्माण करवा दीजिए। मोहनपुर निवासी भूपेन तिवारी ने बताया कि मैं प्रतिदिन इस पुल से प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने के लिए जाता हूं घंटों जाम में फंसा रहता हूं जिसकी वजह से मेरी सैलरी भी कटती रहती है आज छत्र पंचायत का मैं समर्थन करते हुए अपने सर के बाद मुड़वा रहा हूं तथा मेरी अधिकारियों को यह बाल समर्पित करता हूं और जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से मांग करता हूं कि इस पुल का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाए इस अवसर पर अभिषेक वर्मा, आदित्य द्विवेदी, हिमांशु मिश्रा, सरताज, शहजादा, शुभम, अमन शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्रावास सुविधाएं दुरुस्त करने के दिये निर्देश



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** छात्रों की आवासीय सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने छत्रपति साहू जी महाराज राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, उतरौला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास के फर्श निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को रहने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मुख्य विकास अधिकारी ने अवर अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रावास में निर्माणाधीन फर्श का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्रावास की व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान छात्रावास के शौचालयों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। पानी के निकास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही टूट–फूट की स्थिति वाले शौचालयों की शीघ्र मरम्मत और सुधार कार्य कराने पर बल दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कॉलेज भवन, दोनों छात्रावासों और प्रशासनिक कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिन्हित कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षण संस्थान में आधारभूत सुविधाएं मजबूत होना आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों का शैक्षणिक वातावरण बेहतर बन सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने छात्र–छात्राओं से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि छात्रावास एवं शैक्षणिक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

# नन्हे रोजेदारों ने रखा पहला रोजा, इबादत और सब्र का दिया सन्देश

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

माहे रमजान के पवित्र अवसर पर क्षेत्र में अकीदत और आस्था का विशेष माहौल देखने को मिल रहा है। रमजान के पहले रोजे को लेकर बच्चों, महिलाओं और पुरुषों में उत्साह साफ झलक रहा है। कई नन्हे रोजेदारों ने भी इस बार अपना पहला रोजा रखकर इबादत का संदेश दिया।

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह सहरी के साथ ही रोजे की शुरुआत हुई। मस्जिदों में फज्र की नमाज के बाद से ही इबादत का सिलसिला जारी रहा। दिन भर रोजेदारों ने रोजे की पाबंदी करते हुए नमाज, कुरआन शरीफ की तिलावत और दुआओं में समय बिताया।

क्षेत्र के एक परिवार के चार बच्चों मोहम्मद अली (7 वर्ष), मोहम्मद अब्दुल्लाह (8 वर्ष), मरियम फातिमा (9 वर्ष) और मोहम्मद अबू सईद ने पहला रोजा रखकर अपने परिवार और मोहल्ले में खुशी का माहौल बना दिया। बच्चों ने पूरे दिन सब्र और संयम के साथ रोजा रखा और शाम को इफ्तार के समय विशेष उत्साह देखा गया। परिजनों ने बताया कि बच्चों में धार्मिक शिक्षा के प्रति गहरी रुचि है और उन्होंने अपनी इच्छा से रोजा रखने का संकल्प लिया।



रमजान को इस्लाम धर्म में रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना माना जाता है। इस महीने में रोजा रखने का उद्देश्य आत्मसंयम, परहेजगारी और जरूरतमंदों के प्रति सहानुभूति विकसित करना है। धार्मिक जानकारों के अनुसार, रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि अपने व्यवहार, वाणी और विचारों को भी संयमित रखने का अभ्यास है।

शाम होते ही मस्जिदों और घरों में इफ्तार की तैयारियां शुरू हो गई। खजूर, फल, शरबत और अन्य व्यंजनों के साथ रोजा खोला गया। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई और फिर तरावीह की विशेष नमाज में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

रमजान के दौरान क्षेत्र में आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द भी देखने को मिल रहा है। लोग जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं तथा जकात और फितरा के माध्यम से सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

रोजेदारों का कहना है कि यह महीना आत्मशुद्धि, धैर्य और आध्यात्मिक उन्नति का अवसर प्रदान करता है। बच्चों द्वारा रखा गया पहला रोजा न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक संदेश है कि आस्था और अनुशासन का संस्कार बचपन से ही विकसित किया जा सकता है।

माहे रमजान के इस पवित्र महीने में क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बना हुआ है, और लोग अल्लाह की इबादत में पूरी श्रद्धा के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं।

**कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय**
(सम्बद्धः माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर)
उत्तम नगर, बड़नापुर (तजवापुर) - बहराइच (उ.प्र.)
**आवश्यकता है**
स्नातक स्तर पर बी.एस.सी. पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान,जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-07 पद।
**स्नातक स्तर पर बी.ए. पाठ्यक्रम में (भूगोल, चित्रकला)।**
**योग्यता एवं वेतनमानः** यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व. हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
भवदीय-प्रबन्धकः विनोद कुमार त्रिपाठी
मो.नं.-9415442258

# यूपी ने बनाये विकास के नए कीर्तिमान : केशव

- विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रदेश देश में नंबर वन
- किसानों, गरीबों व महिलाओं के सशक्तिकरण पर सरकार का फोकस



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नेता सदन विधान परिषद केशव प्रसाद मौर्य ने विधान परिषद में सरकार की उपलब्धियों और बजट प्रावधानों पर चर्चा करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनकर उभरा है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश ने कई योजनाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना और अटल पेंशन योजना में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष स्थान पर है। उन्होंने कहा कि किसानों को 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है तथा गरीबों को बड़ी संख्या में आवास उपलब्ध कराए गए हैं।

उज्ज्वला योजना के तहत 1.85 करोड़ से अधिक निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान कर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका निभाई है। सरकार सामाजिक सुरक्षा को मजबूत कर रही है। वृद्धावस्था, दिव्यांग और अन्य पेंशन योजनाओं की राशि को 300 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह करने का निर्णय लिया गया है, जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा। शिक्षा क्षेत्र में शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे लाखों परिवारों को लाभ मिलेगा। श्री मौर्य ने कहा कि वर्तमान सरकार ने कानून-व्यवस्था, आधारभूत संरचना और जनकल्याण योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की तस्वीर बदली है और उत्तर प्रदेश को 'रामराज्य' की अवधारणा के अनुरूप आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने सदन के माध्यम से प्रदेशवासियों से विकास यात्रा में सहभागिता का आह्वान किया।

### सरकार का लक्ष्य प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे में भी व्यापक सुधार हुआ है। वर्ष 2017 में जहां प्रदेश में मात्र 4 हवाई अड्डे थे, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 16 हो गई है। ग्रामीण स्वच्छता, घरौनी योजना और संपत्ति अभिलेखीकरण में भी उत्तर प्रदेश ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग मिला है। उत्तर प्रदेश गन्ना, खाद्यान्न, दूध और आलू उत्पादन में देश में अग्रणी है। किसानों को सीधे डीबीटी के माध्यम से निवेश अनुदान दिया जा रहा है तथा निजी नलकूपों के बिजली बिल के लिए बजट में 3000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पर्यावरण संरक्षण के तहत 37 करोड़ पौधारोपण कर प्रदेश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश में एक करोड़ महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास, सुरक्षा और सुशासन के माध्यम से प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण : चौधरी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का विरोध किए जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। यह केवल एक राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को धूमिल करने का सुनियोजित प्रयास है।

श्री चौधरी ने कहा कि जब पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की तकनीकी प्रगति, नवाचार और वैश्विक भूमिका की सराहना कर रहा है, तब कांग्रेस द्वारा ऐसे कार्यक्रमों में व्यवधान उत्पन्न करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना आचरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह घटना पूर्व नियोजित थी और देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नुकसान पहुँचाने की मंशा से की गई है।

यह अत्यंत चिंताजनक है कि राजनीतिक लाभ के लिए कांग्रेस इस स्तर तक गिर गई है कि राष्ट्रीय महत्व के वैश्विक आयोजनों को भी बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकार की गतिविधियाँ कांग्रेस के वैचारिक दिवालियापन और नकारात्मक राजनीति को दर्शाती हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता, तकनीकी सामर्थ्य और नवाचार शक्ति का प्रतीक है। इस सम्मेलन में 100 से अधिक देशों की भागीदारी, अनेक राष्ट्राध्यक्षों, वैश्विक तकनीकी विशेषज्ञों, उद्योग जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों और हजारों शोधकर्ताओं एवं स्टार्टअप्स की उपस्थिति भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाती है। ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन में व्यवधान डालना राष्ट्रहित के विरुद्ध है।उन्होंने कहा कि देश की प्रगति, तकनीकी विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य जारी रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### दुनिया का सबसे पतला स्मार्टफोन पोवा कर्व-2 बिक्री के लिए उपलब्ध

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निरंतरता और दिन भर की चुनौतियों के बावजूद कनेक्टेड रहना। काम के लंबे दिनों से लेकर अविश्वसनीय नेटवर्क तक, रोजमर्रा की जिंदगी बहुत कुछ मांगती है। और अब, इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। पोवा कर्व 2 आधिकारिक तौर पर बिक्री के लिए उपलब्ध है, जो वास्तविक दुनिया के संघर्ष के लिए डिज़ाइन किए गए स्लिम, कर्व्ड डिज़ाइन में अत्यधिक सहनशक्ति लेकर आया है। पोवा कर्व 2 एक आकर्षक कीमत पर उपलब्ध है। यह स्मार्टफोन अभी फ्लिपकार्ट और देश भर के बड़े रिटेल स्टोर पर खरीदने के लिए उपलब्ध है। खरीदार बड़े बैंक और NBFC पार्टनर से 3,000 रुपये तक का कैशबैक भी पा सकते हैं। भारतीय उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया एला एआई 2.0, स्मार्ट अनुभव को और बेहतर बनाता है। हिंदी, बंगाली, तमिल, गुजराती और मराठी में बहुभाषी समर्थन के साथ, एला एआई दैनिक बातचीत को अधिक सहज बनाता है। यह डिवाइस अपने सेगमेंट में भारत का पहला ऑल-सिनारियो एआई नॉइज़रिडक्शन भी पेश करता है, जो कॉल, वीडियो मीटिंग और गेमिंग चैट के दौरान स्पष्ट आवाज़ की गुणवत्ता सुनिश्चित करता है।
पोवा कर्व 2 के मुख्य भाग में सेगमेंट-लीडिंग8000 एमएएच की बैटरी है, जिसे बहुत ही शानदार ढंग से 7.42mm की स्लिमप्रोफ़ाइल में पैक किया गया है और इसका वज़न सिर्फ 195 जी है। स्मार्टफोन में 144एचजेड कर्व्ड AMOLED डिस्प्ले भी है जिसमें आई कम्फर्ट टेक्नोलॉजी है, जो लंबे समय तक उपयोग के दौरान आंखों के तनाव को कम करते हुए सहज विज़ुअल प्रदान करता है।

### फर्जी फर्म बनाकर 37 लाख का जीएसटी चुराया, तीन आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में फर्जी दस्तावेज के जरिये फर्म रजिस्टर कर करोड़ों का फर्जी लेनदेन और 37 लाख रुपए का जीएसटी चुराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने 3 जालसाजों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी सहित चार अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित ने बताया कि 3 नवंबर 2025 को भगवती चरण वर्मा ने महानगर का फर्जी पता दिखाते हुए एमएस केएस इंटरप्राइजेज नाम से जीएसटी नंबर लिया था। फर्म के नाम पर करोड़ों की खरीद-बिक्री दिखाई गई थी। जांच में सामने आया कि दिए गए पते पर न तो कोई दफ्तर है, न ही फर्म का कोई अस्तित्व है। मकान मालिक ने भी इसे फर्जी बताया। विवेचना के दौरान पता चला कि दीपक नामक युवक ने साथियों के साथ मिलकर अपने बैंक खातों का इस्तेमाल करते हुए फर्जी फर्म के जरिये करीब 4 करोड़ 70 लाख रुपए का लेनदेन किया। फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाकर सरकार को कुल 37,52,545 रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाया। जांच में सामने आया कि लेनदेन की राशि में से करीब 15 लाख रुपए चार चेक के जरिये प्रशांत तिवारी को दिए गए, जिनका उपयोग उसने घरेलू कामों में किया। कैलाश मौर्या पर फर्जी मुहर तैयार कर बैंक खाते खुलवाने और जीएसटी चोरी में सहयोग का आरोप है। आरोपियों ने तेजी से पैसा कमाने के लालच में फर्जी बिजली बिल तैयार किया। इसके आधार पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन भी कराया।

### बेकाबू कार ने 7 गाड़ियों को मारी टक्कर डिलीवरी बॉय समेत तीन घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में तेज रफ्तार कार ने सात गाड़ियों में टक्कर मार दी। हादसे में डिलीवरी बॉय समेत तीन लोग घायल हो गए। ड्राइवर नशे की हालत में था और गलियों में तेजी से गाड़ी दौड़ा रहा था। घटना हसनगंज थाना क्षेत्र स्थित निराला नगर में शुक्रवार दोपहर को हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज कार अचानक बेकाबू हो गई और सबसे पहले एक डिलीवरी बॉय को टक्कर मार दी। इसके बाद किराना सामान ले जा रहे एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर लगी। इसी दौरान सड़क किनारे मौजूद एक महिला भी चपेट में आकर घायल हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास खड़ी कई अन्य गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थानीय लोगों ने किसी तरह चालक को पकड़ कर पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में चालक के नशे में होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है। घायल तेज बहुत यादव ने बताया 200 मीटर की सड़क पर ड्राइवर 80 की स्पीड से गाड़ी दौड़ा रहा था। पीछे से मेरी गाड़ी में टक्कर मार दी। इसके साथ ही वो इतनी तेज था कि 7 गाड़ियों को और टक्कर मारी। ड्राइवर शराब के नशे में था।

### पेड़ से लटकता मिला युवती का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर के बाहर नीम के पेड़ से लटकता मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना बंथरा के मवई पड़ियाना गांव की है। यहां मजदूर राजेश गौतम की 20 वर्षीय बेटी बिंदु गौतम हाईस्कूल की पढ़ाई के बाद घर पर ही रहती थी। गुरुवार रात घर के सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे गांव की एक महिला ने राजेश के घर के सामने नीम के पेड़ पर बिंदु का शव दुपट्टे के सहारे लटकता देखा। महिला ने तुरंत इसकी जानकारी परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। उन्होंने तत्काल बंथरा पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शुरुआती छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, युवती ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। बिंदु गौतम अपने परिवार में सबसे बड़ी थी। उसके परिवार में पिता राजेश गौतम, मां, दो भाई विनीत और सुमित, तथा एक छोटी बहन तन्नू हैं।

# राजनीति का शुद्धिकरण कर रहे योगी आदित्यनाथ : डेविड फ्रॉले

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- अमेरिकी वैदिक विद्वान ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात
- नाथ परंपरा से प्रशस्त हो रही वैश्विक कल्याण की नई राह



लखनऊ, 20 फरवरी (हि.स.)। अमेरिका के प्रख्यात वैदिक विद्वान डॉ. डेविड फ्रॉले ने शुक्रवार को राजधानी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से योग, आयुर्वेद व सनातन संस्कृति पर चर्चा की ओर योगी सरकार के अयोध्या का पुरातन गौरव लौटाने की कार्य की सराहना की डॉ. फ्रॉले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ राजनीति का शुद्धिकरण कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री के बहुआयामी व्यक्तित्व के प्रशंसक डॉ. फ्रॉले ने नाथ परंपरा का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे वैश्विक कल्याण की नई राह प्रशस्त हो रही है। अयोध्या का कायाकल्प वेदों की ओर लौटने का मार्ग है। डॉ. फ्रॉले ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ समय बिताना मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात रही। गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी उस नाथ परंपरा से जुड़े हुए हैं, जो प्राचीन योग संस्कृति से जुड़ी है और इसे भारत में जीवंत बनाए हुए है। वे इन परंपराओं को न केवल संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक स्तर पर विस्तार भी दे रहे हैं। साथ ही वे शरीर, मन, समाज के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। डॉ फाले ने कहा

कि योगी आदित्यनाथ राजनीति का शुद्धिकरण भी कर रहे हैं। भारत की वे सभी परंपराएं, जो संपूर्ण मानवता के लिए प्रासंगिक हैं, योगी आदित्यनाथ के माध्यम से नई ऊर्जा प्राप्त कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के बाद प्रफुल्लित डॉ. डेविड फ्रॉले ने 'नई अयोध्या' की प्रशंसा करते हुए कहा कि अयोध्या का कायाकल्प अत्यंत प्रसन्नता की बात है।

प्रभु श्रीराम का दर्शन आध्यात्मिक रूप से अत्यंत सुखद अनुभव देता है। भगवान राम भारत की आत्मा के प्रतीक हैं। वे हमें सूर्यवंश से जोड़ते हैं और समस्त धार्मिक परंपराओं को एक सूत्र में पिरोते हैं। आज विश्व धीरे-धीरे अपनी आध्यात्मिक चेतना खोता जा रहा है। ऐसे में वेद, योग, आयुर्वेद और अन्य भारतीय परंपराओं तक, सबका नवोन्मेष और पुनर्जीवन मौजूदा परिवेश में अत्यंत आवश्यक है। ऐसे समय में योगी जी जैसा नेतृत्व मिलना भारत ही नहीं, पूरे विश्व के लिए वरदान है। डॉ. फ्रॉले ने कहा कि योगी में तेज है, क्योंकि वे 'आदित्य' हैं, सूर्य तत्व से जुड़े हैं। आत्मविद्या के लिए हम आदित्य की ओर देखते हैं और सूर्य ही योग का आधार है। योगी जी के साथ कुछ क्षण बिताना भी जीवनभर के लिए यादगार पल है।

विसकॉन्सिन (अमेरिका) में एक कैथोलिक परिवार में जन्मे डॉ. डेविड फ्रॉले की गिनती अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुत्व के प्रमुख विचारकों में होती है। उन्होंने करीब एक दशक तक आयुर्वेद का भी अध्ययन किया है।

उन्होंने वेद, हिंदू धर्म, योग, आयुर्वेद व ज्योतिष शास्त्र पर कई पुस्तकें लिखी हैं। वर्ष 2015 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया।

# विजिलेंस के पीछे विजिलेंस लगानी पड़ेगी : राजा भैया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



यूपी विधानसभा में कुंडा से निर्दलीय विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने बिजली विभाग की विजिलेंस टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए सरकार की छवि पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति अब काफी बेहतर हो गई है, लेकिन विजिलेंस टीम की छापेमारी से सरकार की बदनामी हो रही है।

सदन में अपने बयान के दौरान राजा भैया ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों से विजिलेंस टीम लगातार ऐसी कार्रवाइयां कर रही है, जिससे योगी सरकार की मेहनत पर पानी फिर रहा है। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि विजिलेंस टीम के पीछे एक और विजिलेंस टीम लगानी पड़ जाएगी, ताकि उनकी गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सके। राजा भैया का यह बयान बजट सत्र के दौरान आया, जहां विभिन्न मुद्दों पर चर्चा चल रही। उन्होंने स्वीकार किया कि बिजली की उपलब्धता में सुधार हुआ है और आम जनता को अब पहले से ज्यादा घंटे बिजली मिल रही है, लेकिन विभाग की आंतरिक जांच टीमों की अतिसक्रियता से जनता में गलत संदेश जा रहा है। उनका कहना था कि ऐसी कार्रवाइयां सरकार के विकास कार्यों और सुधारों की सकारात्मक छवि को धूमिल कर रही हैं। यह बयान विधानसभा में काफी चर्चा का विषय बना, क्योंकि राजा भैया अक्सर जनहित के मुद्दों पर खुलकर बोलते हैं और कभी-कभी सत्तापक्ष की नीतियों पर भी सवाल उठाते हैं।

# बिजलीकर्मियों का थाने पर प्रदर्शन

- पावर हाउस में घुसकर महिला ने मारे थे थप्पड़

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राजधानी लखनऊ में पावर हाउस में घुसकर बिजलीकर्मियों को थप्पड़ मारने की घटना के बाद कर्मी आक्रोशित हैं। बुधवार को एक महिला ग्राहक ने विकासनगर सेक्टर-14 पावर हाउस पर बवाल मचाया था। उसने समस्या की शिकायत की तो उससे कर्मियों ने बिजली बिल डिटेल मांग ली थी। इसी पर गुस्साई महिला ने वहां पहुंचकर थप्पड़ मारे थे। उसके बाद आज, शुक्रवार को दर्जनों बिजलीकर्मियों ने स्थानीय पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। वे पावर हाउस से हाथों में न्याय दो लिखी तख्तियां लेकर विकासनगर थाने पहुंचे।

यहां पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। उनका कहना है कि पुलिस अपराधियों को संरक्षण दे रही है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? कर्मचारी थाने के सामने नारेबाजी करने लगे तो पुलिस ने सख्ती बरती। इसके बाद कर्मचारियों ने नारा लगाना बंद कर दिया और शांत हो गए। कर्मचारियों ने कहा कि जिन लोगों ने उनपर हमला किया उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन सिर्फ बिजली विभाग के कर्मचारियों को थाने पर बुलाकर ही पूछताछ की जा रही है।

कर्मचारियों ने मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि घटना के बाद में मनोबल गिर गया है क्योंकि कोई कार्रवाई नहीं हो रही। बुधवार को विकासनगर सेक्टर-14 स्थित पावर हाउस का वीडियो सामने आया था।

### कंट्रोल रूम में रखे सरकारी दस्तावेजों को फाड़ा

आरोप है कि विकासनगर सेक्टर-14 निवासी महिला ने कंट्रोल रूम में बिजली नहीं आने की शिकायत की थी। जब उनसे कनेक्शन संख्या बताने का अनुरोध किया गया तो महिला भड़क गई। गुस्से में फोन काट दिया। इसके कुछ देर बाद एक लड़के के साथ पावर हाउस पहुंची। कर्मचारी के साथ जमकर मारपीट और गाली गलौज की। इस दौरान विकासनगर सेक्टर- 14 की रहने वाली महिला ने स्थानीय पावर हाउस स्थित कंट्रोल रूम पर बुधवार दोपहर 2.10 बजे शिकायत की। कहा कि मकान सं- 14/115 में बिजली नहीं आ रही है। जब बिजली कर्मचारियों ने उनसे जमा बिल की जानकारी की और कनेक्शन संख्या बताने का अनुरोध किया तो महिला ने गुस्से में फोन काट दिया। कुछ देर बाद महिला एक अन्य व्यक्ति के साथ पावर हाउस पहुंची। वहां घुसते ही उसने बिजली कर्मचारी अनूप कुमार के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी देने लगी। कंट्रोल रूम में रखे सरकारी दस्तावेजों को फाड़ दिया। डॉयल-112 पर फोन करके पुलिस को घटना की सूचना दी गई। मारपीट में उपकेंद्र पर कार्यरत हरीश यादव, आकाश कन्नौजिया, अनूप कुमार और रजनीश यादव को चोट आई है।

# राज्य मंत्री ने राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा पहली बार आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ शुक्रवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने फीता काटकर किया।

उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलन, ध्वजारोहण, मार्च पास्ट की सलामी और प्रतिभागियों के शपथ ग्रहण के साथ प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत हुई। इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि विभाग का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण के साथ युवाओं को खेलों से जोड़कर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आईटीआई संस्थानों में खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थी शारीरिक रूप से सशक्त और मानसिक रूप से आत्मविश्वासी बन सकें। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीत और हार जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन निरंतर प्रयास ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने बताया कि पहली बार आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से 579 प्रतिभागी (271 महिला और 308 पुरुष) भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 100, 200 और 400 मीटर दौड़, लंबी व ऊंची कूद, शॉटपुट, बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी और खो-खो सहित कुल 13 खेलों में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता 22 फरवरी तक चलेगी।

# सपा का आरोप, आईएएस-आईपीएस नहीं बता रहे अपनी संपत्ति

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- संसदीय कार्य मंत्री ने कहा- विवरण पोर्टल पर मौजूद

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में भ्रष्टाचार और अधिकारियों की संपत्ति के ब्यौरे को लेकर शुक्रवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस छिड़ गई है।

समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा ने सदन में सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है, जिसका जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया था उनका वेतन रोका गया। जिसके बाद अब सभी ने दे दिया और पोर्टल पर मौजूद है। रविदास मेहरोत्रा ने विधानसभा में अपने बयान में दावा किया कि आईएएस, आईपीएस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से उनकी चल-अचल संपत्तियों का ब्यौरा मांगा गया था, लेकिन कई अधिकारियों ने अब तक यह जानकारी नहीं दी है।

उन्होंने मांग की कि विधायकों की तर्ज पर आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की संपत्ति का विवरण भी सार्वजनिक किया जाए ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जा सके। जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विपक्ष के आरोपों का खंडन किया उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश में सभी आईएएस अधिकारियों की संपत्ति का ब्यौरा एक ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध है, जिसे जनता देख सकती है। संपत्ति ब्यौरा न देने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान मौजूद है।

वर्ष 2019 से केवल एक अधिकारी ने ही संपत्ति का ब्यौरा जमा नहीं किया है, जिसके खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है या प्रक्रिया चल रही है। बेसिक पे के दोगुने से अधिक मूल्य की खरीद पर सरकार को जानकारी देनी अनिवार्य है, और इस नियम का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से महापौर ने की भेंट



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से महापौर सुषमा खर्कवालने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर नगर विकास, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा संगठनात्मक विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। महापौर ने नगर निगम द्वारा संचालित विकास कार्यों, स्वच्छता अभियानों एवं शहर के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की योजनाओं की जानकारी दी।

**अवसर**

### एमकेआईटीएम और इग्नू की संयुक्त पहल

# तीन सर्टिफिकेट व पीजी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश जारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- सीएफओ, सीएफबीओ, सीएचओ और पीजीडीएचओ में नामांकन का अवसर

पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट एमकेआईटीएम ने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के सहयोग से ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग ओडीएल मोड में तीन सर्टिफिकेट तथा पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है।

यह पहल उन छात्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जो लचीले अध्ययन विकल्प के साथ पर्यटन उद्योग में पेशेवर पहचान बनाना चाहते हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्एमकेआईटीएम द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। यह पाठ्यक्रम विशेष रूप से उन छात्रों के लिए लाभदायक है, जो नियमित कक्षाओं में हिस्सा लेने में असमर्थ हैं।

एमकेआईटीएम छात्रों के लिए आवासीय सुविधाएं भी उपलब्ध करवा रहा है। इच्छुक छात्र हॉस्टल की निर्धारित फीस का भुगतान कर निवास तथा नियमित कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं।श् एमकेआईटीएम और इग्नू द्वारा संचालित तीनों सर्टिफिकेट कोर्सो- सर्टिफिकेट इन फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन सीएफओ सर्टिफिकेट इन फूड एंड बेवरेज सर्विस ऑपरेशन सीएफबीओ और सर्टिफिकेट इन हाउसकीपिंग ऑपरेशन सीएचओ के लिए योग्यता 102 बारहवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। ये कोर्स हिंदी और इंग्लिश दोनों भाषाओं में उपलब्ध हैं। तीनों सर्टिफिक्रेट कोर्स 6 महीने की अवधि के हैं, जिनके लिए 18 क्रेडिट निर्धारित हैं। सर्टिफिक्रेट कोर्स की फीस 3,000 रुपए निर्धारित की गई है, 400 रुपए पंजीकरण शुल्क देय होगा। छात्रों को दो महीने थ्योरी और चार महीने इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग कराई जाएगी।

एमकेआईटीएम और इग्नू द्वारा संचालित पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन होटल ऑपरेशन्स पीजीडीएचओ एक पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रम है। यह होटल इंडस्ट्री में संचालन और प्रबंधन में विशेषज्ञता प्रदान करता है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए है, जिन्होंने अपनी स्नातक की डिग्री पूरी कर ली है।

कोर्स हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है, जिसके लिए 48 क्रेडिट निर्धारित किए गए हैं। यह पाठ्यक्रम छात्रों को होटल उद्योग में विभिन्न प्रकार के कार्यों और जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। पीजीडीएचओ पाठ्यक्रम के लिए 9,000 रुपए फीस निर्धारित की गई है, जिसके साथ 400 रुपए पंजीकरण शुल्क अलग से देय होगा। पीजी डिप्लोमा कोर्स के दौरान छात्रों को चार महीने थ्योरी और आठ महीने इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग व इंटर्नशिप कराई जाएगी।

अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि एमकेआईटीएम द्वारा इग्नू के सहयोग से प्रारंभ किए गए ये ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग पाठ्यक्रम उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर हैं, जो लचीली अध्ययन व्यवस्था के साथ आतिथ्य और होटल उद्योग में पेशेवर पहचान बनाना चाहते हैं। 2025 में हुए समझौते के तहत इच्छुक छात्र अब इग्नू संचालित टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी के कोर्स एमकेआईटीएम से भी कर सकते हैं।

# पिचकारियों से पट गए राजधानी के थोक बाजार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



होलिकोत्सव पर्व से पहले इस बार फिर से यहियागंज थोक बाजार तमाम तरह की पिचकारियों से पट गए हैं। ब्रह्मोस सरीखी मिसाइल से तबाही नहीं रंग बरसेगा। बीजेपी के हथौड़े से होरियार रंगों का वार करेंगे। होली के बाजार में कुल्हाड़ी काटेगी नहीं लोगों पर रंग बरसाएगी। मोदी पिट्ठू गन है तो बिग बॉस भी है। ऐसी म्यूजिक गन जिससे पाइप खींचते ही होली के रंग के साथ गीत बजने शुरू हो जाएंगे।

जितने बार पाइप खींचेंगे भरा हुआ रंग निकलेगा और होली के गीत सुखद अहसास कराएंगे। एक नहीं तमाम ऐसी वैरायटी जो आपको रुकने को मजबूर न कर दें। बच्चों के लिए भी जेली टैंक जैसी आकर्षक पिचकारियां मौजूद हैं। पर्व नजदीक हैं ऐसे में थोक बाजार में न केवल शहर आसपास के जिलों से पिचकारियों की खरीद के लिए दुकानदारों का आगमन तेज हो गया है। कुश मिश्र और आलोक गुप्ता बताते हैं कि इस रंग फेंकने वाली पिचकारी की अलग खासियत है। रंग खींचते समय जैसे ही इसके पाइप से रंग भरकर खींचेगे और लोगों पर डालने लगेंगे इसमें से होली के गीत बजना शुरू हो जाएंगे। जब तक पाइप खुला रहेगा, गीत बजते रहेंगे। बंद होते ही म्यूजिक बंद हो जाएगा। इसमें दो सेल लगते हैं। इसकी कीमत 260 रुपया प्रति पीस है। आलोक गुप्ता बताते हैं कि एक पीस मिसाइल की कीमत 180 रुपये है। यह देखने में एक पाइप वाली गन नजर आती है। इसे ब्रह्मोस मिसाइल की तरह बनाया गया है। यह होरियारों पर रंग बरसाने के लिए तैयार है। पिट्ठू की विस्तृत रेंज है। कारोबारी टेनी भाई बताते हैं कि इनकी कीमत 75 रुपये से शुरू होकर 500 रुपये तक है। 700 रुपये वाली पिट्ठू गन भी बाजार में है। इसी दायरे में बिग बॉस के सलमान खान भी हैं जो होली को और रंगीन करने को तैयार हैं।

## खबरें एक नजर में

### नवागत डीपीआरओ ने संभाला कार्यभार




**शाहजहांपुर।** जून 2025 से जनपद में रिक्त चल रहे, डीपीआरओ पद के लिए शासन की ओर से जिला पंचायत राज अधिकारी निदेशालय में तैनात अपर जिला पंचायत राज अधिकारी प्रमोद कुमार यादव की तैनाती दी है। उन्होंने जनपद में आकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डीपीआरओ ने चार्ज संभालते ही आवास,शौचालय समेत अन्य सरकारी योजनाओं की फाइलों को तलब कर संबंधित लिपिकों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशानुरूप सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना हमारा ध्येय है। नवागत डीपीआरओ मूलतः चंदौली जनपद के निवासी हैं। हालांकि वित्तीय कार्य अभी डीडीओ ऋषिपाल सिंह ही संभालेंगे।

### खानकाह ए हुसैनीया कलीमिया में एक माह का रोज़ा इफ्तार प्रोग्राम शुरू



**मीरानपुर कटरा।** शाहजहांपुर जनपद की मशहूर खानकाह ए हुसैनीया कलीमिया के सज्जादानशीन हजरत सैय्यद मसूद अहमद कलीमी चिश्ती क़ादरी आप के छोटे भाई सैय्यद डॉक्टर असद अहमद कलीमी ने रमज़ान की मुबारकबाद देते हुए बताया खानकाहे हुसैनीया कलीमिया में वैसे तो पूरी साल लंगर चलता है लेकिन रमज़ान के मुबारक महीने का लंगर कुछ खास होता है जिसमें सहरी से लेकर इफ्तार तक का पूरा इंतजाम किया जाता है जिसमें तमाम नगर व क्षेत्र वासियों के अलावा बाहर से आने वाले जायरीनों और मुसाफिरों के लिए खास इंतजाम किया जाता है रोज़ा इफ्तार करने आए नगर व क्षेत्र वासियों ने बताया हर साल की तरह इस साल भी मैं रोज़ा इफ्तार करने आया हूं यहां मुझे पूरी इज़्ज़त व सम्मान के साथ बड़े सुकून से रोज़ा इफ्तार कराया जाता है और खानकाहे हुसैनीया कलीमिया के सज्जादानशीन हजरत सैयद मसूद अहमद कलीमी चिश्ती क़ादरी आप के छोटे भाई सैयद डॉक्टर असद अहमद कलीमी व नाइब ए सज्जादानशीन सैयद मुशाद अहमद कलीमी उर्फ चिश्ती मियां साथ बिना किसी भेदभाव के साथ में बैठा कर रोज़ा इफ्तार कराया जाता है।

### बौर पूर्ण रूप से खिला हो तो रासायनिक दवाओं का छिड़काव न होः पाठक

**शाहजहांपुर।** जनपद में आम के गुणवत्तायुक्त उत्पादन को सम-सामयिक महत्व के कीट एवं रोगों का उचित समय प्रबंधन नितांत आवश्यक है, क्योंकि बौर निकलने से लेकर फल बनने तक का समय अत्यंत ही संवेदनशील होती है। जिसको लेकर जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया कि वर्तमान में आम की फसल को मुख्य रूप से भुनगा, मिज कीट, थ्रिप्स रूजीकीट, कैटरपिलर, कटर कीट ब्लैक इंच वर्म एवं खर्रा रोगों से पौधों, वृक्षों को क्षति पहुंचने की संभावना रहती है। आम के बागों में भुनगा कीट कोमल पत्तियों एवं छोटे फलों के रस चूसकर हानि पहुंचाता है। प्रभावित भाग सूखकर गिर जाता है। साथ ही यह कीट मधु की तरह का पदार्थ भी विसर्जित करता है, जिससे पत्तियों पर काले रंग की फफूंद जम जाती है, फलस्वरूप पत्तियों द्वारा हो रही प्रकाश संश्लेषण की क्रिया मंद पड़ जाती है। आम के बौर में लगने वाला मिज कीट मंजरियों एवं तुरन्त बने फलों तथा बाद में मुलायम कोपलों में अंडे देती है, जिसकी सूंडी अंदर ही अंदर खाकर क्षति पहुंचाती है, प्रभावित भाग काला पड़कर सूख जाता है। इसके नियंत्रण हेतु यांत्रिक विधि से ब्लू एवं येलो स्टिकी ट्रैप 20 से 25 ट्रैप प्रति हेक्टेयर की दर से लगायें। भुनगा एवं मिज कीट के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड 17.1 फीसदी एसएल 1.0 मिली प्रति लीटर पानी या फिप्रोनिल (5 फीसदी एससी, 1.0 मिली प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। खर्रा रोग के प्रकोप से ग्रसित फल एवं डंठलों पर सफेद चूर्ण के समान फफूंद की वृद्धि दिखाई देती है। प्रभावित भाग पीले पड़ जाते हैं तथा मंजरियाँ सूखने लगती हैं। इस रोग से बचाव हेतु प्रथम छिड़काव घुलनशील सल्फर गंधक का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव किया जा सकता है एवं दूसरा छिड़काव हेक्साकोनाजोल 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। गुजिया कीट के नियंत्रण के लिए लगायी गयी पॉलीथीन पट्टी को कपड़े से साफ कर देना चाहिए। यदि किसी कारण से गुजिया कीट की रोकथाम के लिए एल्काथीन पट्टी न लगायी जा सकी हो या क्लोरोपाइरीफॉस धूल का बुरकाव न किया गया हो और गुजिया कीट पेड़ चढ़ गयी हो तो इमिडाक्लोप्रिड 17.8 फीसदी स्रु0.5 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर प्रति लीटर घोल की दर से स्टिकी के रूप में 1 प्रतिशत शैम्पू अथवा डिटर्जेंट मिलाकर छिड़काव करें। उन्होंने कहा कि बागवानों को यह सलाह दी जाती है कि बागों में जब बौर पूर्ण रूप से खिला हो तो उस अवस्था में रासायनिक दवाओं का छिड़काव न किया जाये, जिससे पर-परागण क्रिया प्रभावित न हो सके।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



**शाहजहांपुर।** जीएफ़ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। मुख्य अतिथि हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. फैयाज अहमद का बुके देकर स्वागत किया गया। उन्होंने स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा करते हुए छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन,सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करना है। स्वयंसेवक स्वच्छता अभियान, साक्षरता अभियान और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।सात दिवसीय शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले स्वयमसेवी छात्र-छात्राओं को प्रो फ़ैयाज़ अहमद ने प्रमाण-पत्र, ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के लक्ष्य गीत से हुआ।तदुपरांत तीनों इकाइयों के प्रतिनिधि स्वयंसेवियों द्वारा सात दिवसीय शिविर में आयोजित कराए गए कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अतुल कुमार वर्मा,शान अली और आरिश हुसैन ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किया,अतुल ने स्टैंडिंग कॉमेडी की,अमृत भारती ने नशामुक्ति पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किया।शिविर में विशेष योगदान देने वाले स्वयंसेवी सेविकाओं को बेस्ट वॉलिंटियर का खिताब दिया गया। छात्र इकाई में बेस्ट वालंटियर का खिताब अभिनव, सूरज, रुद्र, रोहित, विवेक, नवीन ने तथा छात्रा इकाई में प्रियंका, गौरी, शिवांगी, अब्दुल रहमान, प्रियंका तथा संजना ने हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी अलवीरा खान ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डा. समन ज़हरा ज़ैदी, डॉ रज़ा रसूल, डा. निजामुद्दीन खान के अतिरिक्त छात्र-छात्राओ श्रेया, अनम, काजल, अब्दुल, अमित, दानिया, संजना, सूरज अभिनव, इब्रा आदि का विशेष योगदान रहा।

# जिलाधिकारी ने नगर पंचायत कांट का किया निरीक्षण

- कार्यों को 31 मार्च तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में संचालित विकास कार्यों की प्रगति एवं नगर पंचायतों की व्यवस्थाओं का स्थलीय सत्यापन करने के क्रम में डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा नगर पंचायत कांट का निरीक्षण किया गया। डीएम ने सर्वप्रथम नगर पंचायत कार्यालय का भ्रमण कर विभिन्न अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का परीक्षण किया। जन्म-मृत्यु पटल के रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जन्म एवं मृत्यु से संबंधित प्रतिदिन प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का पृथक दैनिक रजिस्टर तैयार किया जाए, जिससे अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख रखाव सुनिश्चित किया जा सके। ईओ द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नगर पंचायत कांट के संक्षिप्त इतिहास एवं वर्तमान में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। प्रस्तुतीकरण में कान्हा गौशाला के निर्माण, वंदन योजना के अंतर्गत प्राचीन मां शीतला देवी मंदिर परिसर में निर्मित विश्रामालय, मदनापुर रोड पर निर्माणाधीन दुकानों, आदर्श नगर पंचायत योजना के अंतर्गत मार्ग प्रकाश एवं सीसी रोड निर्माण, जल निकासी हेतु नाला निर्माण तथा स्वच्छ भारत मिशन एसबीएम 2.0 के अंतर्गत निर्माणाधीन शौचालयों सहित अन्य कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया। सफाई व्यवस्था के अंतर्गत संचालित डोर-टू-डोर कलेक्शन प्रणाली, निकाय की आय के स्रोतों, जीआईएस सर्वे के उपरांत कर में हुई वृद्धि, निकाय क्षेत्र में लागू विभिन्न उपविधियों, सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत स्थापित सीसीटीवी कैमरों, वेस्ट टू वंडर पार्क, पोल पंजीयन तथा तालाब सौंदर्यीकरण कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई।

### डीएम ने नगर पंचायत कांट में संचालित परियोजनाओं का किया निरीक्षण

डीएम ने वंदन योजना के अंतर्गत मां शीतला देवी मंदिर परिसर में निर्मित विश्रामालय का स्थलीय निरीक्षण किया तथा मंदिर में माता रानी के दर्शन कर जनपद की सुख-समृद्धि की कामना की। निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर पंचायत में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत संचालित समस्त निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा 31 मार्च तक गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का भी निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने गीले कूड़े से तैयार की जा रही जैविक खाद की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण करते हुए सूखे कूड़े के पृथक्कीकरण एवं उससे प्राप्त विभिन्न उपयोगी सामग्रियों का अवलोकन किया। अभिलेखों के परीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि सेंटर पर प्रतिदिन आने वाले कूड़ा वाहनों का नियमित पंजीकरण किया जाए तथा सेंटर पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम एक माह तक सुरक्षित रखी जाए, जिससे पारदर्शिता एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके। डीएम ने एमआरएफ सेंटर को जाने वाले संपर्क मार्ग का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए, जिससे नगर के ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित निस्तारण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कांट को निर्देश दिए कि डोर-टू-डोर कलेक्शन प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक घर पर क्यूआर कोड लगाया जाए, जिससे प्रत्येक घर से कूड़ा संग्रहण की निगरानी एवं पुष्टि सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान ईओ नूरजहां,अवर अभियंता, पूर्व अध्यक्ष, सभासद एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरु नानक पाठशाला कन्या हाई स्कूल में विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर लेखन प्रतियोगिता



**शाहजहांपुर।** गुरु नानक पाठशाला कन्या हाई स्कूल, शाहजहाँपुर में राहत- मदद जो सुकून दे के मूल मंत्र के साथ राम मूर्ति सिंह वर्मा मेमोरियल सेवा ट्रस्ट द्वारा विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर छात्राओं के लिए लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता, अधिकार एवं कर्तव्यों जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक लेख लिखे। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा बताया गया कि समाज में समान अवसर, सम्मान और अधिकार सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली लेखन प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को उनके सराहनीय प्रयास, रचनात्मक सोच एवं सामाजिक विषयों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण के लिए पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।ट्रस्ट के इस सराहनीय प्रयास की विद्यालय प्रशासन एवं छात्राओं द्वारा प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और सामाजिक जागरूकता के संदेश के साथ हुआ।

## एआरटीओ कार्यालय में दो दिवसीय परिवहन मेला में उमड़ी भीड़

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित दोपहिया मोटर साइकिल, तिपहिया मोटर कैब एवं मैक्सी कैब, संनिर्माण उपस्कर यान,विशेष प्रयोजन यान, माल वाहन, राज्य परिवहन उपक्रम के स्वामित्वाधीन सार्वजनिक सेवायान आदि के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1997 की धारा 4 की उपधारा 1 क तथा धारा 4 की उपधारा 2 में संशोधन करते हुए राज्य सरकार द्वारा परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार की एकमुश्त कर ढांचे का लागू किया गया है। व्यवस्था तकनीकी रूप में वाहन पोर्टल पर लाइव हो गयी है। उक्त व्यवस्था का प्रमुख उददेश्य वाहन स्वामियों को बार बार भुगतान की जटिल एवं समय साध्य प्रक्रिया से राहत प्रदान करना, कर प्रशासन को सरल बनाना, अधिकाधिक गैर परिवहन यानों को परिवहन यानों में परिवर्तित करना तथा राजस्व संग्रह की प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़ करना है। परिवहन विभाग की अधिसूचना द्वारा परिवहन मानों पर एक बारीय कर की दर निर्धारित की गयी है। पहले से रजिस्ट्रीकृत वाहनों पर एक बारीय कर की गणना के लिए पूर्व अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए एकबारीय कर की धनराशि में आठ प्रतिशत की छूट देकर गणना की जाएगी। यह छूट पचहत्तर प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। यदि कोई वाहन पूर्व में एक बारीय कर जमा कराकर निजी वाहन के रूप में पंजीकृत है व व्यवसायिक वाहन के रूप में पृष्ठांकित कराना चाहता है, उस स्थिति में वाहन के एक्स शोरूम का मात्र 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त कर के जमा करना होगा।

वाहन स्वामियों को सरकार की इस योजना से अवगत कराये जाने तथा विभागीय राजस्व प्राप्ति के उद्देश्य से दो दिवसीय परिवहन मेला नियामतपुर परिवहन कार्यालय में किया गया। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह से उक्त बिन्दुओं पर चर्चा की गई, जिससे आम जन मानस को इसके बारे में विस्तार से अवगत कराया जा सके। इसके अतिरिक्त मेले में आए वाहन स्वामियों को भी अधिसूचना के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर एआरटीओ प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम, विभिन्न डीलरशिप के प्रतिनिधि, कार्यालय स्टाफ आदि मौजूद रहे।

## सचल दल ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, एडीएम ने देखी व्यवस्थाएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में यूपी बोर्ड परीक्षा चल रही है। जिसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम जिला प्रशासन द्वारा किए गए हैं। नकलचियों से निपटने के लिए प्रत्येक केंद्र पर मजिस्ट्रेटों, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की जा रही है।

शुक्रवार को एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने शहर क्षेत्र के परीक्षा केंद्र में जाकर व्यवस्थाएं परखी। वही राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक डायट प्राचार्य लखीमपुर सीमा व सचल दल 4 के प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज शाहजहांपुर अनिल कुमार ने द्वितीय पाली में रामदत्त पंचायत इंटर कॉलेज भावलखेड़ा, फूल सिंह शिक्षा निकेतन नियामतपुर, स्वर्गीय डंबरलाल इंटर कॉलेज सतवां खुर्द, विलासो देवी इंटर कॉलेज बलेली और मां दुर्गा इंटर कॉलेज कजरी नूरपुर का निरीक्षण किया।

उन्होंने सभी केंद्रों को सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत रात 10 बजे के बाद डीजे बजाना रहेगा प्रतिबंधित



**शाहजहांपुर।** डीएम द्वारा दिए गये निर्देशों के क्रम में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा एवं एसपी सिटी देवेंद्र कुमार द्वारा जनपद में संचालित डीजे व आर्केस्ट्रा संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में एडीएम प्रशासन व एसपी सिटी द्वारा संचालकों को निर्देशित किया गया कि वर्तमान में चल रही बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत रात्रि 10 बजे के पश्चात् डीजी व आर्केस्ट्रा का संचालन नहीं किया जाएगा। यदि ध्वनि प्रदूषण से सम्बन्धित कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो डीजे संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्यवही अमल में लायी जायेगी। इसके अतिरिक्त आगामी होली पर्व के दृष्टिगत डीजे संचालकों को शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में ही डीजे आदि ध्वनि उपकरण चलाए जाने के निर्देश दिये गये।

## शारदा नहर पर बनी बाबरपुर गांव की पुलिया कई वर्षों से क्षतिग्रस्त



**कांट, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के खिजरपुर, हरियापुर समेत कई गांवों को जिला मुख्यालय एवं कांट कुर्रिया मार्ग से जोड़ती हैं।कई वर्षों से दोनों तरफ की दीवारें टूटी होने से राहगीरों के लिये मुसीबत बनी हुई है।बाबरपुर निवासी अमन चतुर्वेदी ने बताया कि कोहरे के मौसम में पहले भी कई बार नहर में वहां स्थानीय लोग गिरकर लोग चोटिल हो चुके हैं।पुलिया की मरम्मत के लिये पूर्व में जिला प्रशासन को लिखित मे अवगत कराने के बाद भी निर्माण नहीं हुआ। वहीं शारदा नहर से निकले नगलाजाजू रजवाहे की जसनपुर गांव के पास बनी पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है और किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं।

## गुटैया क्षेत्र में बंदरों का आतंक, किसानों की फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

- भालू की पोशाक भी बेअसर, किसान का अनोखा प्रयोग विफल
- बाहरी लोगों पर बंदर छोड़ने का आरोप, ग्रामीणों में रोष

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

पुवायां क्षेत्र के गुटैया इलाके में एक किलोमीटर के दायरे में इन दिनों बंदरों का आतंक किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। झुंड के रूप में घूम रहे, बंदर खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। जिससे किसानों को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। स्थिति से निपटने के लिए एमएम फार्म के प्रगतिशील किसान तारा सिंह ने बंदरों को भगाने के उद्देश्य से भालू की पोशाक पहनाकर अपने यहां कार्य करने वाले वर्करों को खेतों में पहरा के लिए लगाया है। शुरुआती दिनों में इसका असर भी देखने को मिला और बंदर कुछ दूरी बनाए रखने लगे, लेकिन धीरे-धीरे बंदरों ने इस तरीके को भी समझ लिया और अब इसका कोई खास असर नहीं हो रहा है।

किसानों का आरोप है कि कुछ दिन पहले बाहरी लोग बंदरों को इस क्षेत्र में छोड़कर चले गए, जिसके बाद से समस्या और बढ़ गई है। ग्रामीणों में इसे लेकर गहरा रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि लगातार हो रहे नुकसान से खेती करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नए नियमों के अनुसार बंदरों को पकड़कर सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ने की



जिम्मेदारी वन विभाग की है। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। किसानों का सवाल है कि क्या विभाग किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है, ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से तत्काल अभियान चलाकर बंदरों को पकड़वाने की मांग की है, ताकि फसलों को बचाया जा सके और क्षेत्र में भय का माहौल समाप्त हो सके।

> वन विभाग रेंजर वीरेश राव ने बताया कि बंदर छोड़े जाने के मामले में टीम भेजकर निरीक्षण कराते हुए सत्यता का पता करेंगे, और पकड़वाने के लिए निर्देशों के अनुसार काम किया जाएगा।

बहादुरपुर के किसान तारा सिंह ने बताया कि पहले इस क्षेत्र में बंदर नहीं थे, कुछ दिनों से बंदर बढ़ गए हैं। उन्होंने भालू वाली पोशाक मंगवाई थी, जिससे कुछ दिन राहत रही बाद में फिर बंदरों को आदत पड़ गई। वन विभाग को बंदरों को पकड़वाने का काम करना चाहिए।

बहादरपुर निवासी संदीप चौधरी ने बताया कि कई बार बंदर लोगों पर हमला कर देते हैं, साथ ही फसलों का काफी नुकसान कर रहे हैं। ग्रामीण काफी डरे हुए हैं।

बिलसिया दौलतपुर निवासी पर्वत सिंह ने बताया कि एक दिन भालू वाली पोशाक देखकर अचानक उन्हें डर लगा, बाद में पता चला कि वह बंदर भगाने के लिए है। बंदर किसी दिन किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। प्रशासन से बंदर पकड़वाने की मांग की है। नत्थापुर निवासी निशान सिंह ने बताया कि उनके गांव तक बंदरों की पहुँच है। कई बार बंदर ग्रामीणों को घायल कर चुके हैं।

### डीएम की अध्यक्षता में मेगा क्रेडिट कैम्प आयोजित

**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैंक ऑफ़ बड़ोदा चौडेरा शाखा में जनपद स्तरीय मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन किया गया। शुभारंभ डीएम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रदान कर स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। कैम्प में जनपद के बैंक ऑफ़ बड़ौदा की आसपास की शाखों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। 166 शाखाओं की सहभागिता के साथ विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृत किए गए। स्वीकृत ऋण का विवरण में सीएम युवा योजना 106 प्रकरणों में 380.05 लाख,पीएम सूर्य घर योजना25 प्रकरणों में 44.70 लाख, पीएम स्वनिधि योजना 167 प्रकरणों में 21.53 लाख, मुद्रा योजना 35 प्रकरणों में 208.10 लाख, पशुपालन योजना 44 प्रकरणों में 93.15 लाख अन्य योजनाएं 165 प्रकरणों में 275.04 लाख का ऋण वितरण-स्वीकृति प्रदान की गई। कैम्प में विशेष रूप से स्वरोजगार, लघु उद्यम, पशुपालन एवं सौर ऊर्जा से संबंधित योजनाओं पर बल दिया गया, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त हो सके। डीसी डीआईसी डीडीएम नाबार्ड प्रवेश गंगवार, क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने एलडीएम एवं सभी बैंकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। भविष्य में भी इसी प्रकार जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रेरित किया गया।

# अवैध निर्माण व प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण कार्रवाई, गरजा बुलडोजर

- नवादा इंदेपुर में बिना मानचित्र अवैध निर्माणों पर एसडीए का एक्शन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

डीएम एवं उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में गत माह जनवरी से चलाया जा रहा, अवैध निर्माण एवं प्लाटिंग कर्ताओं के विरुद्ध कब्जे को ध्वस्त कराए जाने एवं बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लेआउट पास कराए बगैर शहर में निरंतर हो रही प्लॉटिंग के कार्यों के विरुद्ध अभियान चला रखा है। इसी अभियान की कड़ी में शुक्रवार को सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में प्राधिकरण द्वारा नवादा इंदेपुर में बिना मानचित्र प्रस्तुत किए अवैध रूप से कराए गए प्लाटिंग तथा अवैध प्लाटिंगकर्ता के ऑफिस निर्माण बाउंड्री तथा डिवीजन लाइन आदि को ध्वस्त करा दिया गया। प्राधिकरण द्वारा लगभग पच्चीस हजार वर्ग मीटर के क्षेत्र में किए गए अवैध कब्जे को पूरी तरह जमीनदोज कर दिया गया। अवैध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय प्राधिकरण के अवर अभियंता रमेश चंद्र वर्मा, प्रदीप त्रिवेदी, कार्यालय सहायक अपार कपूर, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक लेखपाल एवं स्थानीय थाना की पुलिस बल, जेसीबी स्थल पर उपस्थित रहे। प्राधिकरण सचिव अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह



प्राधिकरण का अभियान निरंतर चलता रहेगा जब तक बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अथवा बिना लेआउट पास कराए। किसी भी व्यक्ति द्वारा यदि प्लानिंग करते हुए अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है तो प्रत्येक दशा में उसे जमीनदोज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर के नियोजित विकास एवं आम जनमानस को किसी भी प्रकार से किसी ऐसे अवैध कॉलोनाइजर से प्लॉट खरीदने पर रोक लगाने एवं नियम संगत क्रय विक्रय को प्रश्रय दिए जाने के लिए यह अभियान चलता रहेगा। प्राधिकरण सचिव द्वारा आम जनमानस से भी अपील की गई कि कृपया किसी अवैध प्लांटिंग में अपने जीवन की गाढ़ी कमाई का पैसा न लगाएं, जमीन क्रय करते समय यह अभिलेख अवश्य देखें कि क्या उस कॉलोनी का नक्शा पास है या उस प्लॉटिंग का, जिसमें उनके द्वारा भूमिक्रय किए जाने का विचार किया जा रहा है उसका लेआउट शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण से पास कराया गया है, यदि नहीं कराया गया है तो किसी भी दशा में भूमि क्रय न करें। अन्यथा आपकी गाढ़ी कमाई फंस सकती है। कॉलोनाइजर से भी अपील की गई कि वह प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा मानक और भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2025 में वर्णित प्रावधानों के प्रतिकूल किसी भी कॉलोनी का निर्माण न करें। अन्यथा, प्राधिकरण का बुलडोजर उस पर चलना तय है। भूमि अथवा मकान क्रय करने वाले व्यक्ति भी प्राधिकरण कार्यालय से किसी भी समय कार्यालय अवधि में यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि क्या यह कॉलोनी वैध कालोनी है, अर्थात प्राधिकरण जिस भूमि पर कॉलोनी बसी हुई है अथवा लेआउट। पास कराकर प्लांटिंग की जा रही है। इसकी जानकारी आम जनमानस को सुगमता से उपलब्ध कराएगा। प्राधिकरण से आम जनमानस पूछ करके जानकारी प्राप्त करके कि क्या उसके द्वारा क्रय की जाने वाली प्रस्तावित भूमिका भू उपयोग निर्माण की अनुमति देता है अथवा नहीं, यह उसे स्पष्ट रूप से बताएगा और तभी उसके द्वारा उसमें अपनी जमा पूंजी लगाना चाहिए। सचिव प्राधिकरण द्वारा यह भी कहा गया कि पूर्व से स्वीकृत कॉलोनियों के कॉलोनाइजर भी वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा सुनिश्चित कराएं, तथा उनके द्वारा प्राधिकरण में जमा किए गए नक्शे के अनुसार अपने कॉलोनी के अन्तर्गत आरक्षित पार्क एवं सड़क पर किसी भी प्रकार का कोई निर्माण न होने दें। यह प्रक्रिया जांच के अंतर्गत रखी गई है, जिस किसी द्वारा इसका उल्लंघन किया जाएगा, वह कार्रवाई की जद में आएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपने पुत्र राम वर्मा के गलत आचरण के चलते चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, मेरे व मेरे परिवार से कोई लेना-देना नहीं है। शिवकुमार पुत्र रतिराम वर्मा निवासी- छोटा चौक, शाहजहांपुर।

## खबरें एक नजर में

### रमज़ानुल मुबारक के पहले जुमा पर मस्जिद में हुई तक़रीर

तिलहर। पवित्र माह रमज़ानुल मुबारक के पहले जुमा के अवसर पर मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने शिरकत की। इस अवसर पर मशहूर मौलाना वकार हुसैन हातिमी ने जुमा की नमाज़ से पूर्व प्रभावशाली तक़रीर करते हुए रोज़े की फ़ज़ीलत, सब्र व तक़वा की अहमियत और आपसी भाईचारे पर विस्तार से रोशनी डाली । मौलाना वक़ार हातिमी ने कहा कि रमज़ान रहमत, मग़फ़िरत और निजात का महीना है। यह महीना इंसान को अपने अंदर झांकने, बुराइयों से दूर रहने और नेकियों की तरफ बढ़ने का पैग़ाम देता है। उन्होंने कहा कि रोज़ा सिर्फ भूखा–प्यासा रहने का नाम नहीं, बल्कि अपनी ज़बान, आंख और दिल को भी गुनाहों से बचाने का नाम है। उन्होंने नमाज़ियों से अपील की कि वे रमज़ान के मुबारक महीने में अधिक से अधिक इबादत करें, क़ुरआन की तिलावत करें और ज़रूरतमंदों की मदद करें। साथ ही उन्होंने समाज में अमन–चैन और आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। पहले जुमा की नमाज़ के दौरान मस्जिद में विशेष इंतज़ाम किए गए थे। नमाज़ के बाद मुल्क व कौम की तरक्की, अमन और खुशहाली के लिए दुआ की गई। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की मौजूदगी से मस्जिद का माहौल पूरी तरह रूहानी नजर आया। रमज़ान के पहले जुमा को लेकर नगर में खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने एक–दूसरे को रमज़ान की मुबारकबाद भी दी।

### 27 फरवरी को फागुन एकादशी पर आयोजन, खाटू श्याम मंदिर में तैयारियां पूरी

**शाहजहांपुर।** श्याम चौक बरेली मोड़ स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर, शाहजहांपुर में आगामी 27 फरवरी को मंदिर में फागुन एकादशी उत्सव को बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा। मंदिर परिसर में तैयारियाँ जोरों पर हैं और समिति ने बताया कि इस बार फागुन एकादशी उत्सव को विशेष रूप से भव्य रूप देने की योजना बनाई गई है। मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक अग्रवाल ने बताया कि फागुन एकादशी के अवसर पर शाम 7 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी जिसमे रातभर भजन, संकीर्तन, कीर्तन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। जिसमे प्रसिद्ध भजन गायक सुश्री शालू गुप्ता मुरादाबाद से श्याम भजन संध्या में चार चाँद लगाने आ रही है और भक्तों की सुविधा के लिए पेयजल, प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवक तैनात रहेंगे। मान्यता है कि इसी पावन तिथि पर श्याम बाबा का शीश (जो महाभारत के वीर बर्बरीक का था) खाटू धाम में प्रकट हुआ। इसलिए यह दिन उनके प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। भक्तों का विश्वास है कि फागुन एकादशी पर सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फल देती है। इसलिए हर वर्ष लगभग 40 लाख श्रद्धालु जन खाटू श्याम धाम पहुँचते हैं। इस मौके पर कई राजनीतिक हस्तियों और प्रशासनिक अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। मंदिर को रंग बिरंगे गुब्बारो व फूल मालाओं व बिजली की विशेष झालर से सजाया गया जा रहा है और बाबा के श्रृंगार के लिए दिल्ली व कोलकाता से मंगवाये गये विशेष फूलो से मंगवाए गये है। मंदिर समिति ने सभी श्याम भक्तों से अनुरोध किया है कि वे परिवार सहित इस भक्ति पर्व में शामिल होकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाएं और आशीर्वाद प्राप्त करें। उक्त अवसर पर शिवम अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, मनोज अग्रवाल, पवन गुप्ता, अंकित गुप्ता आदि समिति सदस्य मौजूद रहे।

### जाको राखे साइयां मार सके न कोय, पुलिस की तत्परता से फांसी के फंदे पर लटके युवक की जान बची



**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** थाने की डायल 112 पुलिस (पीआरवी 6020) कमांडर कृष्ण कांत शर्मा और होमगार्ड चालक मुन्नालाल ने कस्बे के एक 25 वर्षीय युवक को फांसी के फंदे से उतरवाकर समय से सीएचसी ले जाकर उसकी जान बचा लिया। युवक के परिजन और पड़ोसी इन पुलिस कर्मियों को दुआएं देते हुए प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। बृहस्पतिवार सांय करीब साढ़े बजे कस्बे का एक युवक मां के मना करने के बाद भी शराब पीकर अपने घर पहुंच गया। मां ने बेटे को फटकार लगा दी। फिर क्या युवक ने नशे की हालत में अपनी मां को ही पीट दिया। जब पड़ोसियों ने मां के साथ मारपीट करने को लेकर उसे लानत मलामत दी,तब युवक ने आत्मग्लानि में मां और बहन को घर से बाहर निकालकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। युवक की बहन ने डायल 112 (पीआरवी) पुलिस को सूचना दी। महज पांच मिनट में ही पीआरवी कमांडर कृष्णकांत शर्मा और वाहन चालक होमगार्ड्स मुन्नालाल मौके पर पहुंचे। इन पुलिसकर्मियों ने बिना समय गंवाए घर के बाहर की खिड़की तोड़कर घर में प्रवेश कर देखा तो युवक फांसी के फंदे पर लटक रहा था। पुलिसकर्मियों ने फांसी के फंदे पर लटके युवक को उठाकर उसकी बहन से रस्सी से बना फांसी का फंदा कटवाकर तुरंत अपने वाहन से सीएचसी जरियनपुर (मिर्जापुर) पहुंचाया। जहां डाक्टर ने युवक का प्राथमिक उपचार कर फर्रुखाबाद के जिला लोहिया अस्पताल भेज दिया। लोहिया अस्पताल के डाक्टरों ने भी अथक प्रयास के बाद युवक की जान बचा दी। युवक की मां और बहन डायल 112 पुलिस की सराहना करते नहीं थक रहीं हैं। आसपास के लोगों का भी कहना है कि यदि पीआरवी 6020 के कमांडर कृष्ण कांत शर्मा और होमगार्ड चालक मुन्नालाल की तत्परता से युवक की जान बच गई। अन्यथा परिवार का यह चिराग बुझ ही जाता।

### कर्जे को लेकर हर आधे घंटे में किसान आत्महत्या कर रहा है: गुरुनाम सिंह चढ़ूनी



**पुवायां, शाहजहांपुर।** चढ़ूनी गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने मंडी परिसर में किसानों के साथ महापंचायत की। गुरुनाम सिंह चढ़ूनी ने बताया की भारत सरकार ने जो अमेरिका से जो डील की गई है यह डील भारत के किसानों को बर्बाद करने बाली डील है। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव ने शुक्रवार को मंडी परिसर में एक महापंचायत बुलाई। महापंचायत में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने बताया कि किसानों की इस महापंचायत इस लिए बुलाई गई है कि भारत सरकार के द्वारा जो अमेरिका से डील की गई है वह किसानों को बर्वाद करने बाली डील है। अमेरिका सरकार वहां के किसानों को भारी मात्रा में सब्सिडी देती है ओर भारत सरकार किसानों पर तमाम रूप से जीएसटी लगाकर रुपए बसूल करती है। अगर यह डील हो गई तो किसानों की जमीनें जाएगी साथ ही उसी जमीन पर कम्पनियों लगाई जाएगी जिससे भारत का किसान कंपनियों के भरोसे रहेगा। भारत सरकार पूंजीपतियों के कर्जे माफ कर रहे है और भारत मे कर्ज से डूबे किसान हर आधे घण्टे में आत्महत्या कर रहा है लेकिन सरकार को किसानों से कोई हमदर्दी नही है, धनवान व सत्ताधारियों का प्राइवेट अस्पतालों में नि:शुल्क इलाज किया जाता है लेकिन गरीब जनता इलाज के लिए मर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि यह महापंचायत सभी राज्यों में की जा रही है जिसके बाद 23 मार्च को एक बड़ा आंदोलन करने की तैयारी कर रहे है। महापंचायत में सभी जिलों के जिलाध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता रंजीत सिंह, तराई प्रदेश अध्यक्ष कर्मजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष शिशुपाल सिंह, मंडल प्रभारी चौधरी सुखबीर सिंह, जिला मुख्य सचिव महेश चंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रयागदत्त, संतोष कुमार, तहसील अध्यक्ष संजय मिश्रा, अहिबरन सिंह, सुखपाल सिंह, हरिपाल सिंह, दानवीर सिंह, अशोक कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने को फार्म-6 भरवाएं: डीईओ

- जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के साथ बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में फार्म-6, 7 एवं 8 भरवाने के संबंध में बैठक राजनैतिक दलों के पदाधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि गतिमान विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अन्तर्गत आयोग द्वारा 22 फरवरी को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित की गयी है। विशेष अभियान की तिथि में जनपद के समस्त 2810 मतदेय स्थलों पर बूथ लेविल अधिकारी आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची तथा आवश्यक फार्म यथा फार्म-6, 7 व 8 आदि के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यवाही में अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराये जाने के लिए फार्म-6 पर आवेदन प्राप्त किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि इस विशेष अभियान की तिथि में अधिक से अधिक अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराये जाने के लिए विभिन्न विभागों का सहयोग भी लिया जा रहा है। राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि वह अपने बूथ लेविल एजेन्ट तथा अन्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से अर्ह व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराये जाने के लिए फार्म-6 भरवाकर जमा कराये जाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया के संबंध में भी सभी को अवगत कराया गया। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि फार्म-6 के साथ घोषणा-पत्र भी भरा जायेगा।

1 जनवरी को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी लोगों के फार्म-6 भरवाया जाए जिससे मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा सके। मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 एवं मतदाता सूची में नाम संशोधन या स्थानांतरण सहित अन्य हेतु फॉर्म 8 भरवाया जाए। डीएम ने कहा कि 18 आयु पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिकों को शत प्रतिशत मतदाता सूची में जुड़वाया जाए। 31 दिसंबर 2026 तक 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए भी फॉर्म 6 भरवारा जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## शांति, श्रद्धा और साधना का संगम

- रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के तीसरे चरण का आध्यात्मिक उद्घोष, देश विदेश के हजारों अभ्यासियों ने किया गुरुसत्ता को प्रणाम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव‑2026 के तीसरे चरण का आज शुभारंभ हुआ।

प्रातःकाल उत्सव का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देश-विदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की मंगल कामना की। आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना से आलोकित हो उठा। इस अवसर पर पूज्य दाजी ने अपने संदेश में कहा कि आध्यात्मिक मार्ग पर अहंकार सबसे सूक्ष्म अवरोध है,क्योंकि वह स्वयं को मार्ग के रूप में ही प्रस्तुत कर देता है। जिस साधक ने वर्षों की साधना संचित की हो शास्त्रों का अध्ययन किया हो समुदाय का सम्मान प्राप्त किया हो और जो समर्पण तथा विनम्रता पर धारा प्रवाह बोल सकता हो वही साधक अहंकार की कुटिल चालों के प्रति सबसे अधिक असुरक्षित होता है। ये उपलब्धियाँ अपने आप में झूठ नहीं हैं संकट तब उत्पन्न होता है जब इनका संचय एक पहचान बन जाता है और पहचान चाहे वह कितनी ही आध्यात्मिक आवरण में क्यों न सुसज्जित हो अंततः अहंकार ही है।बसंत उत्सव के अंतर्गत आश्रम परिसर में श्रद्धा, साधना और शांति का दिव्य वातावरण रहा।इस दौरान दाजी ने लालाजी महाराज और बाबूजी महाराज की प्रतिमाओं को अभ्यासियों को वितरित किया।

सायंकालीन ध्यान सत्र में भी पूज्य दाजी ने साधकों को ध्यान कराया, जिससे वातावरण और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा।

आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, सर्वेश चंद्रा, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, माधो गोपाल अग्रवाल,श्री गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, हर्षवर्धन अग्रवाल, ममता सिंह, राज गोपाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार सिंह,शुभम सक्सेना, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी, बेबी राज, कुमार अभय, देवतोष श्रीवास्तव,सहित अनेक साधकों का योगदान रहा।

## लापरवाही पर डीएम ने सीडीपीओ से मांगा स्पष्टीकरण



- डीएम ने बीडीओ कार्यालय ददरौल का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में संचालित विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा विकास खंड ददरौल स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। डीएम ने कार्यालय में संचालित विभिन्न पटलों के कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्य प्रगति, अभिलेखों के रख-रखाव एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख रखाव, कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था तथा कार्यों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निष्पादन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी कार्यालय में डीएम प्रेरणा कैंटीन का भी शुभारंभ किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं से संबंधित अभिलेखों, आवश्यक दस्तावेजों एवं उपलब्ध सामग्री के पुष्टाहार स्टॉक का सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उपलब्ध कराए गए शिशु डेस्क एवं मैट का वितरण समय से नहीं किया गया है और संबंधित सामग्री स्टोरेज में ही पड़ी हुई है। इस गंभीर लापरवाही पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे कर्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता एवं घोर लापरवाही बताया। डीएम ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संबंधित सीडीपीओ से इस गंभीर अनियमितता के संबंध में तत्काल स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा चेतावनी दी कि यदि समय से सामग्री का वितरण नहीं किया गया तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली सामग्री का वितरण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रभावी निगरानी एवं उत्तरदायित्व तय किया जाए।

## कमला पसंद, गगन स्ट्रांग, ओवर रेट की मार

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




कटरा क्षेत्र में इस समय पान मसाला कमला पसंद और गगन स्ट्रांग जैसे उत्पादों की भारी किल्लत हो गई है। आरोप है कि एजेंसी होल्डर जानबूझकर दुकानदारों को माल देने में आनाकानी कर रहे हैं, ताकि बाजार में इन उत्पादों की कमी बनी रहे और उन्हें मनमाने दामों पर बेचा जा सके। इस रणनीति का सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है, जिन्हें नियंत्रित मूल्य से अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। पहले 5 रुपये में बिकने वाला पान मसाला अब ग्राहकों को 6 रुपये में दिया जा रहा है, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि माल उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें नियमित सप्लाई नहीं मिल पा रही है। मजबूरी में उन्हें ऊंचे दामों पर माल खरीदना पड़ रहा है, जिसका बोझ अंततः ग्राहकों पर डाला जा रहा है। छोटे दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते इस मामले का संज्ञान नहीं लिया तो कालाबाजारी और बढ़ सकती है। उपभोक्ताओं ने भी संबंधित विभाग से इस पूरे प्रकरण की जांच कराने और पान मसाला की नियमित सप्लाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सड़क का नवनिर्माण कार्य शुरू



**जैतीपुर - शाहजहांपुर।** कस्बे में थाने के सामने धीमरपुरा जाने वाले मार्ग पर नवनिर्माण कार्य शुरू हो गया है। जलभराव और खराब जल निकासी की समस्या से शीघ्र निजात मिलने वाली है। इसके तहत नालियों को ऊंचा किया जा रहा है और जल निकासी के लिए बनी पुलिया की भी मरम्मत की गई है। पहले यह मार्ग जर्जर अवस्था में था। थोड़ी सी बरसात में ही नालियां चोक हो जाती थीं, जिससे पूरे रास्ते पर जलभराव हो जाता था और ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी। वर्तमान में, पूरे मार्ग की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। इंटरलॉकिंग टाइल्स को हटाकर रास्ते की ऊंचाई बढ़ाई जा रही है और नई नालियों का निर्माण किया जा रहा है। सचिव शुभम कुमार व प्रधान कल्पना गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस गली में नवनिर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस कार्य के पूरा होने के बाद ग्रामीणों को जल्द ही गंदगी और जलभराव की समस्या से निजात मिल जाएगी।

## सीडीओ ने तहसील भवन व ब्लॉक कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

- तहसील भवन में पेयजल व्यवस्था व प्रकाश व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश



**तिलहर - शाहजहांपुर।** सीडीओ डॉ अपराजिता सिंह ने तहसील व ब्लाक कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। सीडीओ अपराजिता सिंह ने तहसील पहुंचकर नव निर्मित तहसील भवन का व्यापक निरीक्षण किया। उन्हानें कुछ खामियां मिलने पर सुधार कराए जाने के एसडीएम सदानंद सरोज व तहसीलदार दीपेंद्र कुमार को निर्देश दिये ।

निरीक्षण के दौरान भवन एवं कमरों के अलावा मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया । कुछ आवश्यक सुधारात्मक बिंदु ओ पर चर्चा करते हुए कमरों में एक्जॉस्ट फैन लगवाने , प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने के लिए लाइटों की संख्या बढ़ाने, खिड़कियों की जाली व कांच दुरुस्त कराने के साथ ही पीने के पानी की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा सभी कमियों को शीघ्रता से दूर कर कार्यालय परिसर में स्वच्छ , व्यवस्थित एवं नागरिकों के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के ज़रूरी कदम उठाए जाएं। इस मौके पर एसडीएम सदानंद सरोज व तहसीलदार दीपेंद्र कुमार व स्टाफ मौजूद रहा। तदोपरांत सीडीओ अपराजिता सिंह ने ब्लॉक कार्यालय की ओर कूच किया। वहां पहुंच कर सभागार, बीडीओ कार्यालय का निरिक्षण किया। पशु चिकित्सालय परिसर में व्यवस्थाएं बेहतर कराने के भी निर्देश भी दिये ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित अधिकारियों का स्पष्टीकरण एवं योजनाओं में अच्छी प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाने की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुपुर्दगी में दिए गए का गोवंशों की सूचना पंचायत घरों में वॉल पेंटिंग कराई जाए। सुपुर्दगी दिए गए गोवंश छोड़ने पर शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर भी वॉल पर पेंट कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही के कारण खराब रैंकिंग वाले विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद में विभागों/कार्यदाई संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों/परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा, लोक निर्माण, व्यावसायिक शिक्षा समाज कल्याण विभाग सहित कुल 32 परियोजनाएं विलंब से कार्य चलने पर संबंधित कार्य संस्थाओं के अभियंताओं के स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण किए जाएं। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, परियोजना निदेशक अवधेश राम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे ।

## बोर्ड परीक्षा में परिषदीय शिक्षकों से अभद्र व्यवहार पर भड़का शिक्षक संघ, ड्यूटी बहिष्कार की चेतावनी

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षाओं में कक्ष निरीक्षण ड्यूटी कर रहे परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के साथ हो रहे अभद्र व्यवहार पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों पर तत्काल लगाम नहीं लगाई गई, तो परिषदीय शिक्षक बोर्ड परीक्षा के कक्ष निरीक्षण कार्य का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे। संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश कुमार मिश्रा ने कहा कि एक ओर निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के नाम पर शिक्षकों का बीच सत्र में समायोजन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत गरीब बच्चों की शिक्षा प्रभावित करते हुए उन्हीं शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षाओं में लगाई जा रही है। संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई ने कहा कई परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक परिषद के स्पष्ट निर्देशों का उल्लंघन कर रहे हैं। प्रत्येक कक्ष में एक आंतरिक और एक बाह्य कक्ष निरीक्षक की व्यवस्था के बजाय दोनों कक्ष निरीक्षकों के रूप में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को तैनात किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त महिला शिक्षिकाओं से दोनों पालियों में ड्यूटी कराई जा रही है, जबकि उनके जलपान एवं भोजन की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति ने बताया कि कई परीक्षा केंद्रों पर आवश्यकता से अधिक संख्या में परिषदीय शिक्षकों को बुलाया जा रहा है, जिससे विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था बाधित हो रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि खंड शिक्षा अधिकारी बिना परिस्थितियों का संज्ञान लिए शिक्षकों को परीक्षा ड्यूटी के लिए भेज रहे हैं। संघ के जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी ने कहा कि एक विकास क्षेत्र के मान्यता प्राप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा महिला शिक्षिकाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से मांग की कि ऐसे प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों के विरुद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। संघ शाखा पुवायां अध्यक्ष अश्विनी अवस्थी ने कहा कि कई खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षकों के आकस्मिक अवकाश आवेदन निरस्त कर रहे हैं, जो अवकाश नियमावली का उल्लंघन है। पिछले कई महीनों से व्हाट्सएप के माध्यम से आदेश जारी कर आकस्मिक अवकाश पर रोक लगाई जा रही है, जो नियम विरुद्ध है। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि उच्च स्तर से आकस्मिक अवकाश पर रोक का कोई आदेश जारी हुआ है, तो उसे लिखित रूप में सार्वजनिक किया जाए। साथ ही शिक्षकों से अपील की गई है कि परीक्षा केंद्रों पर हो रही असुविधाओं एवं अभद्र व्यवहार की जानकारी संगठन को उपलब्ध कराएं।

## व्यापारियों ने कोतवाल पर लगाया अभद्रता का आरोप, लामबंद व्यापारी सीओ कार्यालय पहुंचे, जताया रोष

- सीओ ने कोतवाल से वार्ता करवाकर मामला कराया शांत, बाजार बंदी न कराए जाने की अपील की

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



व्यापारियों ने कोतवाल पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए सीओ कार्यालय पहुंचकर नाराजगी व्यक्त की । तथा पुनरावृत्ति होने पर बाजार बंद कराने की सख्त लहजे में चेतावनी दी । वहीं सीओ ने कोतवाल को तलब कर व्यापारियों से वार्ता करवाकर मामला शांत कराया।

शुक्रवार सुबह करीब सवा नौ बजे कोतवाल जुगल किशोर पाल ने पहले पुराने बस अड्डे के समीप एक दुकानदार को अतिक्रमण करने पर फटकार लगाई । इसके बाद वह बाजार पहुंचे । यहां व्यापार मंडल मिश्रा गुट के नगराध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू से कोतवाल की नोक झोंक हो गई । इसके बाद सुरेंद्र राठौर की दुकान पर रुककर कोतवाल ने दुकान से बाहर सामान न रखने को लेकर सख्त हिदायत दी। इसी से नाराज व्यापारी लामबंद हो हितेश गुप्ता व कुछलगुट व्यापार मंडल नगराध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि के नेतृत्व में सीओ कार्यालय पहुंचे और कोतवाल के रवैए पर रोष जताते हुए बाजार बंद कराए जाने की चेतावनी दी। सीओ ज्योति यादव ने व्यापारिय नेताओं की भावना को समझते हुए उन्हें समझाया कि व्यापारियों के साथ कोई नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी । उन्होंने कोतवाल जुगुल किशोर पाल को अपने कार्यालय में तलब कर व्यापारियों से वार्ता करवाकर मामला शांत करवाया । व्यापारी नेताओं ने पुनरावृत्ति होने पर आंदोलनात्मक कदम उठाए जाने की चेतावनी दी। इस मौके पर मिश्रा गुट के नगर अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू , कंछल गुट के नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, व्यापार मंडल महामंत्री चांद अंसारी, व्यापार मंडल महामंत्री जहिर अली, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष प्रियंक गुप्ता, शशांक गुप्ता, अविरल गुप्ता, विनय गुप्ता समेत कई व्यापारी मौजूद रहे ।

## एआई का महाकुंभ

अब यह समय और दौर 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) का है। आगामी तीन सालों में एआई का विस्तार हजार गुना होगा और जिंदगी बिल्कुल बदल जाएगी। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, परिवहन, प्रशासन और नीति-निर्माण, इतिहास, संस्कृति, विज्ञान से लेकर आम आदमी और कर्मचारी तक एआई का दखल होगा और ये क्षेत्र एआई से ही संचालित होंगे। भारत एआई के बड़े और स्थापित देशों की रेस में शामिल नहीं है, लेकिन एआई की प्रतिभाएं देश में 33 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। करीब 69 फीसदी कंपनियां इस साल एआई में निवेश बढ़ाएंगी और 80 फीसदी कंपनियां इस नए हुनर को प्राथमिकता दे रही हैं। करीब 92 फीसदी कर्मचारी एआई का इस्तेमाल भी कर रहे हैं। भारत में एआई के तीन आधिकारिक सूत्र घोषित किए गए हैं-लोग (पीपल), ग्रह (प्लैनेट), प्रगति (प्रोग्रेस)। यकीनन इनमें नैतिकता और मानवता का भाव अधिक है। लिहाजा राजधानी दिल्ली में एआई का जो पांच दिवसीय शिखर सम्मेलन सजा है, उसका महत्व 'महाकुंभ' सरीखा है। इस महाकुंभ में 100 से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ, 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 135 देशों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। 20 फरवरी तक 3250 से अधिक वक्ता बोलेंगे और करीब 500 सत्र आयोजित किए जाएंगे। किसी नई प्रौद्योगिकी पर विमर्श और चिंतन-मनन के लिए यह सर्वोच्च मंच है, लिहाजा 'महाकुंभ' जैसा महत्व है। सभी हिस्सेदार, भागीदार व्यक्ति या देश एआई के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे और एक पथ तय करेंगे कि एआई किस तरह मानवोपयोगी साबित हो सकती है। इतनी व्यापक चर्चा तब भी नहीं हुई, जब कम्प्यूटर हमारे बीच आया था और देश भय, खौफ में थे कि यह मानव का विकल्प साबित हो सकता है। ऐसा नहीं हुआ और आज कम्प्यूटर हमारे कामकाज का बुनियादी हथियार है। बहरहाल ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया (सोल), फ्रांस (पेरिस) के बाद एआई का यह शिखर सम्मेलन भारत की राजधानी दिल्ली में जारी है। करीब 3 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है। दरअसल बुनियादी चिंता एआई चिप्स, रोजगार और परिवर्तन के बाद की दुनिया को लेकर है। भारत में एआई को 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' से जोड़ा जा रहा है, क्योंकि इससे मुंह के कैंसर की 86 फीसदी तक सटीक पहचान हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में आईआईटी, मद्रास 100 से अधिक भारतीय बोलियों (अवधी, ब्रज, हरियाणवी) पर काम कर रहा है। मकसद है कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को उनकी स्थानीय बोली-भाषा में ही शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। आईआईटी, रोपड़ ने एआई आधारित ऑटोमैटिक 'मौसम स्टेशन' तैयार किया है। इन्हें हजारों खेतों-गांवों में लगाया जा सकता है। करीब 15,000 रुपए की कीमत वाला यह उपकरण सिंचाई, फसल योजना और कीट-नियंत्रण आदि की सटीक सलाह देगा। बिहार और उ.प्र. में इसका पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा है। एआई के क्षेत्र में हमने 5 बड़े कदम उठाए हैं, जो निर्णायक साबित हो रहे हैं। सर्वम एआई, परम-2, ज्ञानी, सॉकेट और गान-ये पांच बड़े प्रयास किए गए हैं। इनके जरिए हमारी सभ्यता, संस्कृति, इतिहास के प्राचीन अतीत को भी खंगाला जा सकता है और हम देख भी सकते हैं। फिर भी अमरीका और चीन की तुलना में भारत में एआई अभी 'शिशु अवस्था' में है। इसकी उन्नत और विकसित चिप, जिसे जीपीयू कहते हैं, बेहद महंगी है। एक चिप की कीमत 30,000 डॉलर से अधिक बताई जाती है। बीती अक्तूबर तक भारत ने 38,000 से अधिक चिप्स तैनात की हैं। पिछले साल जिन डाटा केंद्रों में ये चिप्स लगाई गई हैं, उन्होंने ग्रिड से 1.4 गीगावाट बिजली चूस ली है। यह पीक मांग के दौरान राजधानी दिल्ली की एक चौथाई बिजली के बराबर है। 2030 तक ये केंद्र 8 गीगावाट बिजली खर्च कर सकते हैं, जो राजधानी के लोड से अधिक हो सकती है। क्या हमारे पास इतनी सरप्लस बिजली है। एक गीगावाट 1000 मेगावाट बिजली के बराबर होता है। अमरीका चिप्स के बाजार का बादशाह है। उसने चीन की गति को धीमा करके रखा है, लेकिन चीन थमा नहीं है। उसने 150 अरब डॉलर का निवेश चिप-निर्माण में कर रखा है। भारत अभी 2.80 करोड़ चिप्स ही बना पा रहा है।

# पृथ्वी की निचली कक्षा में अदृश्य की निगरानी

*कृतिका शर्मा*

पृथ्वी की निचली कक्षा के शांत, निर्वात-भरे विस्तार में छुपा-छुपी का एक उच्च-दांव वाला खेल चल रहा है। आज अरबों डॉलर के उपग्रहों से लेकर अंतरिक्ष मलबे के नुकीले टुकड़ों तक 24,000 से अधिक वस्तुएं शून्य में तेजी से दौड़ रही हैं। पांच वर्षों के भीतर यह संख्या 70,000 तक पहुंचने की उम्मीद है। देशों के लिए चुनौती अब केवल भीड़ और टक्कर के जोखिम का प्रबंधन करना नहीं रह गई है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि उनकी संपत्तियां शत्रुतापूर्ण या दुष्ट तत्वों द्वारा जानबूझकर किए जाने वाले हस्तक्षेप से सुरक्षित रहें।

विवादित वातावरण में केवल रडार पर किसी वस्तु को देखना ही नहीं, बल्कि उसके इरादे को समझना भी आवश्यक है। जब कोई उपग्रह नहीं चाहता कि उसे पाया जाए, या जब वह कोई अप्रत्याशित युद्धाभ्यास करता है, तो पारंपरिक ज़मीनी-आधारित ट्रैकिंग अक्सर विफल हो जाती है। इस अंतर को पाटने के लिए, अमेरिका के रक्षा विभाग की डिफेंस इनोवेशन यूनिट ने यूएस स्पेस फोर्सेज-इंडो-पैसिफिक और स्पेस डोमेन अवेयरनेस टूल्स, एप्लिकेशन्स एंड प्रोसेसिंग लैब के साथ साझेदारी में तथा भारत की इनोवेशन्स फॉर डिफेंस एक्सीलेंस के समर्थन से, ड्यूल होराइज़न्स : यूएस-इंडिया सैटेलाइट ट्रैकिंग चैलेंज शुरू किया, जो अंतरिक्ष-डोमेन जागरूकता की अगली पीढ़ी को आगे बढ़ाने का एक द्विपक्षीय प्रयास है।

समस्या को समझने के लिए कल्पना कीजिए कि बिना कैमरों या जीपीएस के एक रेगिस्तान में एक स्वचालित वाहन चलाया जा रहा है। उसके स्थान की पुष्टि करने का एकमात्र तरीका यह है कि उसके किसी निश्चित, स्थिर चेकपॉइंट से गुजरने का इंतजार किया जाए। अब इसमें 17,000 मील प्रति घंटे की गति से चल रहे हजारों अन्य वाहनों को जोड़ दीजिए। यदि कोई वाहन अचानक मुड़ जाता है, तो वह प्रभावी रूप से प्रणाली के लिए खो जाता है।

यही पारंपरिक अंतरिक्ष स्थितिजन्य जागरूकता की वास्तविकता है। मानक तरीके पूर्वानुमेय कक्षीय गणित पर निर्भर करते हैं। यदि कोई उपग्रह स्क्रिप्ट के अनुसार चलता है तो हमें पता होता है कि वह कहां है, लेकिन आधुनिक विरोधी छुपाव और छलपूर्ण युद्धाभ्यास का उपयोग करके गायब हो जाते हैं। जैसे ही कोई उपग्रह अपने अनुमानित मार्ग से विचलित होता है उसे फिर से हासिल करने में घंटे या दिन लग सकते हैं, जिससे महत्वपूर्ण अवसंरचना असुरक्षित हो जाती है।



**जहां अधिकांश व्यावसायिक कंपनियां आकाश में मौजूद वस्तुओं की जानकारी के लिए अमेरिकी रक्षा विभाग के कैटलॉग पर निर्भर करती हैं, वहीं दिगंतरा अपना स्वयं का स्वतंत्र भंडार बना रही है। इसके सेंसर सॉफ़्टबॉल जितनी छोटी वस्तुओं का भी पता लगा सकते हैं, जो ख़ुफ़िया जानकारी की एक विशिष्ट परत प्रदान करते हैं। इस स्वतंत्रता ने स्टार्ट-अप को प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण साझेदार बनाया है। दिगंतरा वर्तमान में अमेरिका के साथ डेटा-साझाकरण समझौते के तहत काम करती है, जिससे उसकी विशिष्ट ब्लाइंड-स्पॉट डेटा को मौजूदा अमेरिकी सैन्य कैटलॉग के साथ प्रभावी रूप से जोड़ा जाता है। इंटर ऑप रेबिलिटी इसकी सफलता का प्लग-एंड-प्ले रहस्य है। स्पेक्ट्रे को मौजूदा मिशन नेटवर्क में निर्बाध रूप से एकीकृत होने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे कमांडरों को बिना अपने सॉफ़्टवेयर को नए सिरे से बनाए वास्तविक समय का डेटा मिल सकता है। अब अमेरिका में कार्यालयों और इंडो-पैसिफ़िक में गहरे संबंधों के साथ, दिगंतरा एक सिस्टम्स इंटीग्रेटर के रूप में स्थापित है।**

**दिगंतरा की सफलता अमेरिका-भारत समन्वय का एक उदाहरण है। शर्मा कहते हैं, हम अमेरिकी बाज़ार में विस्तार के हिस्से के रूप में अपने अमेरिकी कार्यालय में और निवेश करने की योजना बना रहे हैं। हम एक समर्पित टीम और सुविधा का निर्माण कर रहे हैं, जो सैटेलाइट और पेलोड असेंबली के साथ-साथ मिसाइल रक्षा अनुप्रयोगों पर केंद्रित होगी। हाल ही में अमेरिका आधारित एक कार्यक्रम के लिए हमारे चयन ने हमें यह निवेश करने और इस पहल को शुरू करने का आत्मविश्वास और आधार दिया है।**

अमेरिका-भारत ड्यूल होराइज़न्स चैलेंज की विजेता दिगंतरा इंडो-पैसिफिक में ब्लाइंड स्पॉट्स को समाप्त करने वाली सैटेलाइट ट्रैकिंग प्रणाली के साथ अंतरिक्ष सुरक्षा को मजबूत कर रही है। ड्यूल होराइजन्स चैलेंज के विजेताओं में से एक, बेंगलुरु स्थित स्टार्ट-अप दिगंतरा के संस्थापक अनिरुद्ध शर्मा एक बड़े भौगोलिक जोखिम की ओर इशारा करते हैं। अमेरिका वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ़्रीका में प्राथमिक सेंसर बनाए रखता है। शर्मा कहते हैं, इनके बीच एक बहुत बड़ा अंतर है। वे यह भी कहते हैं कि दिगंतरा इस क्षेत्र में उपग्रह गतिविधि को ट्रैक करने के लिए अमेरिकी एजेंसियों के साथ काम कर रही है।

दिगंतरा का विजेता समाधान, स्पेक्ट्रे इन ब्लाइंड स्पॉट्स को उजागर करने का लक्ष्य रखता है। ज़मीन से आकाश की ओर दृष्टिकोण बदलकर, स्पेक्ट्रे कक्षा से अंतरिक्ष वस्तुओं को ट्रैक करता है। शर्मा बताते हैं, परंपरागत रूप से प्रणालियां जमीनी-आधारित होती हैं। हमारा समाधान कक्षा से ट्रैक करता है, जिसका अर्थ है कि हम वायुमंडलीय विकृतियों और रेंज से जुड़ी समस्याओं को पार कर जाते हैं। अंतरिक्ष में एक गतिशील प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके, दिगंतरा संपत्तियों पर एक सतत दृश्य प्राप्त करता है, जिससे अधिक बार डेटा संग्रह और कहीं अधिक सटीकता संभव होती है।

जहां अधिकांश व्यावसायिक कंपनियां आकाश में मौजूद वस्तुओं की जानकारी के लिए अमेरिकी रक्षा विभाग के कैटलॉग पर निर्भर करती हैं, वहीं दिगंतरा अपना स्वयं का स्वतंत्र भंडार बना रही है। इसके सेंसर सॉफ़्टबॉल जितनी छोटी वस्तुओं का भी पता लगा सकते हैं, जो ख़ुफ़िया जानकारी की एक विशिष्ट परत प्रदान करते हैं। इस स्वतंत्रता ने स्टार्ट-अप को प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण साझेदार बनाया है।

दिगंतरा वर्तमान में अमेरिका के साथ डेटा-साझाकरण समझौते के तहत काम करती है, जिससे उसकी विशिष्ट ब्लाइंड-स्पॉट डेटा को मौजूदा अमेरिकी सैन्य कैटलॉग के साथ प्रभावी रूप से जोड़ा जाता है। इंटरऑपरेबिलिटी इसकी सफलता का प्लग-एंड-प्ले रहस्य है। स्पेक्ट्रे को मौजूदा मिशन नेटवर्क में निर्बाध रूप से एकीकृत होने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे कमांडरों को बिना अपने सॉफ़्टवेयर को नए सिरे से बनाए वास्तविक समय का डेटा मिल सकता है। अब अमेरिका में कार्यालयों और इंडो-पैसिफ़िक में गहरे संबंधों के साथ, दिगंतरा एक सिस्टम्स इंटीग्रेटर के रूप में स्थापित है।

दिगंतरा की सफलता अमेरिका-भारत समन्वय का एक उदाहरण है। शर्मा कहते हैं, हम अमेरिकी बाज़ार में विस्तार के हिस्से के रूप में अपने अमेरिकी कार्यालय में और निवेश करने की योजना बना रहे हैं। हम एक समर्पित टीम और सुविधा का निर्माण कर रहे हैं, जो सैटेलाइट और पेलोड असेंबली के साथ-साथ मिसाइल रक्षा अनुप्रयोगों पर केंद्रित होगी। हाल ही में अमेरिका आधारित एक कार्यक्रम के लिए हमारे चयन ने हमें यह निवेश करने और इस पहल को शुरू करने का आत्मविश्वास और आधार दिया है।

*(अमेरिकी राजदूतावास, नई दिल्ली)*

## विचार

# राहुल को मारने के खतरनाक मंसूबे

*डॉ. अजीत रानाडे*

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पांच महीने में दूसरी बार जान से मारने की धमकी सरेआम दी गई है। पिछले साल सितंबर में केरल के पूर्व अभाविप नेता पिंटू महादेव ने एक लाइव टीवी विमर्श में राहुल गांधी की हत्या की धमकी दी थी और अब फरवरी में फिर से राहुल गांधी को ऐसी ही एक और धमकी करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने दी है।

हैरान करने वाली बात यह है कि धमकी बाकायदा वीडियो बनाकर प्रसारित की गई है। धमकी देने वाला व्यक्ति सरेआम कह रहा है कि राहुल गांधी को घर में घुसकर मारूंगा और अपना दुस्साहस भी दिखा रहा है कि मुझे जेल भेजना हो तो भेज दो। क्योंकि वो भी जानता है कि उसका बाल भी बांका नहीं होगा। क्योंकि इससे पहले राहुल को धमकी देने वाले पिंटू महादेव के खिलाफ भी कांग्रेसियों ने एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी, साथ ही 29 सितंबर 2025 को एक पोस्ट में लिखा था कि यह कोई आकस्मिक टिप्पणी या अतिशयोक्ति नहीं है। यह न्याय की लड़ाई में हर भारतीय के साथ खड़े नेता को दी गई एक सोची-समझी और निर्मम जान से मारने की धमकी है।

राहुल को विभिन्न अवसरों पर दी गई कई धमकियों में से यह नवीनतम धमकी भाजपा के इरादों पर गंभीर सवाल खड़े करती है- इस के बाद कांग्रेस ने पूछा था कि क्या यह राहुल गांधी के खिलाफ रची जा रही कोई बड़ी, भयावह साजिश है? क्या भाजपा आपराधिक धमकियों, हिंसा और यहां तक कि जान से मारने की धमकियों की राजनीति का समर्थन करती है? क्या भाजपा विपक्ष के नेता (जो संवैधानिक पद पर हैं) और अन्य विपक्षी नेताओं के खिलाफ हिंसा को सामान्य बनाने की कोशिश कर रही है, जो उसके कुशासन के खिलाफ आवाज उठाते हैं? अपने बयान में कांग्रेस ने जो सवाल उठाए थे, वो काफी गंभीर हैं, क्या यह राहुल गांधी के खिलाफ कोई बड़ी साजिश का हिस्सा है और क्या भाजपा यानी मोदी-शाह की इसमें सहमति है। हालांकि कांग्रेस की शिकायत के बावजूद नेता प्रतिपक्ष की जान लेने की धमकी देने वाले इस व्यक्ति पर कोई कठोर कार्रवाई की गई हो, ऐसी खबर ज्ञात नहीं है।

बहरहाल, राहुल को मिली ताजा धमकी पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इसे देश में एक और गोडसे तैयार करने जैसा बताया है। पवन खेड़ा ने लिखा कि आरएसएस-भाजपा का गलियारा गोडसे फैक्ट्री है। राहुल गांधी और 25 सांसदों के खिलाफ तथा कथित करणी सेना द्वारा जारी की गई धमकी कोई छिटपुट घटना नहीं है। यह एक सोची-समझी और धूर्त योजना का हिस्सा है। सबसे पहले, किरण रिजीजू ने सार्वजनिक रूप से झूठ बोला और देश को गुमराह किया कि कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा में ओम बिड़ला को गाली दी। फिर, विभिन्न मंचों पर भाजपा सांसदों ने एक समान बात दोहराना शुरू कर दियारू कि राहुल गांधी श्भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतराश् हैं। यह विपक्ष को बदनाम करने और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों- विशेष रूप से राहुल गांधी- के खिलाफ हिंसा को वैध ठहराने का एक सुनियोजित अभियान है।

कट्टरपंथ का यही तरीका हैरूवे एक झूठ गढ़ते हैं, उसे बार-बार दोहराकर फैलाते हैं, राजनीतिक सत्ता के बल पर उसे वैधता प्रदान करते हैं, और तब तक उसका प्रसार करते हैं जब तक कि उनके अनुयायी घृणा और हिंसा के लिए उकसाए न जाएं। इसी तरह उस



समय गोडसे का निर्माण हुआ था। इसी तरह आज एक और गोडसे को उकसाया जा रहा है। पवन खेड़ा ने पूरे हालात का सही चित्र खींचा है कि आज एक और गोडसे को उकसाया जा रहा है। क्योंकि 30 जनवरी 1948 से पहले गांधीजी के खिलाफ भी कई बेबुनियाद आरोप लगाकर उन्हें हिंदूविरोधी दिखाया गया था, जिसके बाद दक्षिणपंथी लोगों ने गांधीजी की हत्या की साजिश रची और नाथूराम गोडसे ने इस घृणित काम को अंजाम दिया। संघ और उससे जुड़े लोग अब भी इसे हत्या न कहकर गांधी वध कहते हैं। शब्दों के इस हेरफेर में भी बड़ी चालाकी है। वध और हत्या दोनों ही किसी के प्राण लेने की क्रियाएं हैं, लेकिन वध आमतौर पर न्याय, धर्म या समाज की भलाई के लिए किसी दुष्ट या अत्याचारी को मारने को कहते हैं (जैसे- कंस वध, महिषासुर वध) वध को नैतिक आधार दिया गया है। जबकि हत्या किसी निर्दोष, निहत्थे या सामान्य व्यक्ति को स्वार्थ, द्वेष या आपराधिक भावना से जान से मारना है। अब सोचिए किस चालाकी से गांधी वध शब्द का इस्तेमाल कर संघ गांधीजी को अत्याचारी या दुष्ट बताता है।

प्रधानमंत्री बनने के बाद भले ही हर साल 30 जनवरी को मोदी राजघाट जाएं, लेकिन गोडसे का महिमामंडन करने वालों को आज तक सजा नहीं मिली है। याद कीजिए प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने गोडसे की तारीफ की थी, तो प्रधानमंत्री मोदी केवल इतना ही कह पाए थे कि उन्हें दिल से माफ नहीं करूंगा। लेकिन इससे ज्यादा मोदी कुछ नहीं कर पाए। अब राहुल गांधी के खिलाफ माहौल बनाने वालों पर भी मोदी सरकार कोई कार्रवाई करेगी, इसकी कोई उम्मीद नहीं है। दरअसल इस बार बजट सत्र में राहुल गांधी समेत समूचा विपक्ष मोदी सरकार पर काफी भारी पड़ा है। पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे की किताब से लेकर एपस्टीन फाइल्स तक मोदी पूरी तरह घिर चुके हैं। इन मुद्दों पर न राहुल गांधी को सदन में बोलने दिया गया, न मोदी ने लोकसभा में आने की हिम्मत दिखाई। ऊपर से इल्जाम लगा दिया कि मोदी की जान को कांग्रेस की महिला सांसदों से खतरा था। इस बारे में खुद ओम बिड़ला ने ही बयान दिया था। इसके बाद विपक्ष पर किरण रिजीजू ने आरोप लगाया कि सांसदों ने ओम बिड़ला के कक्ष में बदतमीजी की और उनके साथ गाली-गलौच भी की। एक इंटरव्यू में रिजीजू ने कहा कि राहुल गांधी भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक इंसान बन गए हैं। क्योंकि वह भारत विरोधी ताकतों से जुड़े हैं। वह विदेश और देश में नक्सलियों, एक्सट्रीमिस्ट, विचारकों, जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से मिलते हैं। अब सवाल ये है कि अगर राहुल गांधी देश की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, तो मोदी सरकार इंतजार किस बात का कर रही है।

राहुल पर अब तक कोई मामला दर्ज क्यों नहीं किया गया है। मानहानि के तो ढेरों मुकदमे राहुल गांधी झेलते ही रहते हैं, एक मामला देशविरोधी गतिविधि का भी बन जाएगा। मगर बजाए कार्रवाई करने के, केवल जुबानी जमाखर्च से मोदी सरकार काम चला रही है।

साहित्य



### अफसरों की शहादत का शोर

**संजय एम तराणेकर**

*आज का सिनेमा युद्ध, शहादत व सेना केंद्रित,*
*कहानियाँ पूरी तरह होना चाहिए थी विकेंद्रित।*
*देशभक्ति के नाम पर बन रही फिल्मों का शोर,*
*उस असली सैनिक की आवाज़ पहुँचे चहूँओर।*

*सीमा पर खड़ा होकर लड़ता रहता हैं सिपाही,*
*बॉर्डर की ज़मीं 1-1 इंच की रक्षा देता गवाही।*
*माना हर पात्र के साथ न्याय करना संभव नहीं,*
*लेकिन उसे क्रेडिट तो बड़े पर्दे पर दो हर कहीं।*

*अब कहानी कहने के तरीके चाहे बदल गये हो,*
*चरित्र-चित्रण में लेखक-निर्देशक का न्याय हो।*
*सैनिकों की बहादुरी में न हो अफसरों का शोर?*
*उनकी शहादतों के साथ न हो अन्याय घनघोर।*






## राशिफल

**मेष:-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्तवपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभ:-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अनिर्णय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुन:-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क:-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंह:-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्या:-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुला:-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिक:-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनु:-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकर:-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभ:-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीन:-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी।

# क्या 2027 में भी आम आदमी पार्टी पर पंजाबियों को भरोसा रहेगा?

*इकबाल सिंह चन्नी*

2022 के विधानसभा चुनाव में पंजाबियों ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व पर बहुत भरोसा जताया और उसके उम्मीदवारों को रिकॉर्ड संख्या में जिताया। पंजाब के चुनावी इतिहास में यह पहली बार हुआ, जब एक ही पार्टी के 92 उम्मीदवार, वह भी ऐसी पार्टी, जिसकी लीडरशिप को किसी भी तरह से परखा नहीं गया था, जीत कर विधायक बने। इस तरह पंजाब में 'आप' की सरकार बनी और लोगों को उम्मीद होने लगी कि जल्द ही उनकी परेशानियां हल हो जाएंगी और 'आप' की गारंटी पूरी होने से उनकी जिंदगी आरामदायक हो जाएगी। क्योंकि 'आप' के मुखिया अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 22 के चुनाव से पहले पंजाब के लोगों को कई गारंटियां दीं और कई वादे किए थे।

'आप' सरकार ने जल्द ही लोगों को 300 यूनिट फ्री बिजली देने का अपना वादा पूरा किया और दावा किया कि 'आप' सरकार की वजह से पंजाब के 80 प्रतिशत लोगों का बिजली बिल जीरो हो गया है। लेकिन बाकी गारंटियां और वादे, जिसमें महिलाओं को 1000 रुपए प्रति महीना देना, बेअदबी के मामलों में 24 घंटे में इंसाफ, 3 महीने में नशा खत्म करना, वी.आई.पी. कल्चर खत्म करना, भ्रष्टाचार खत्म करके सरकारी खजाने में सालाना 34,000 करोड़ रुपए जमा करना, रेत माफिया को खत्म करके 20,00 करोड़ रुपए तथा शराब पॉलिसी के जरिए 20,000 करोड़ रुपए सरकारी खजाने में जमा करके पंजाब की आर्थिक हालत सुधार कर पंजाब को कर्ज के जाल से बाहर निकालना, सेहत और शिक्षा व्यवस्था को नंबर 1 पर लाना, कानून व्यवस्था सुधारने और पंजाब में बड़े पैमाने पर उद्योग लगाकर युवाओं के लिए रोजगार के मौके पैदा करने और विदेश जाने की जरूरत खत्म करने जैसे वादे किए गए थे। भगवंत मान सरकार इनमें से ज्यादातर गारंटियां और वादे पूरे करने में नाकाम रही, हालांकि युवाओं को सरकारी नौकरियां देने में काफी हद तक सफल रही लेकिन विपक्ष यह भी सवाल उठाता है कि सरकार यह क्यों नहीं बताती कि इन 4 सालों में कितने कर्मचारी रिटायर हुए हैं।

सरकार के ये आंकड़े जारी न करने की वजह से विपक्ष का दावा है कि रिटायरमैंट दर 5 से 9 प्रतिशत है और आरोप है कि 'आप' सरकार ने उतने युवाओं को नौकरी नहीं दी, जितने रिटायर हुए हैं। इन्हीं वजहों से 2 साल बाद, 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान 'आप' को 22 के मुकाबले बहुत कम रिस्पॉन्स मिला। इन चुनावों में 'आप' का वोट शेयर 41 से घटकर करीब 26 प्रतिशत रह गया और पार्टी के सिर्फ 3 उम्मीदवार ही जीत पाए, जबकि 'आप' के 2 उम्मीदवार आजाद के तौर पर चुनाव जीतने में कामयाब रहे। इसके अलावा, कुछ ही महीने बाद 2022 में भगवंत सिंह मान अपने ही चुनाव क्षेत्र




से आजाद उम्मीदवार सिमरनजीत सिंह मान से हार गए। इन चुनावों के नतीजों से सीख लेकर 'आप' ने आत्ममंथन शुरू किया और पार्टी के काम करने के तरीकों में भी बदलाव किए। उसने कई तरह के कैंपेन भी चलाए। इनमें पंजाब को एक मॉडल राज्य के तौर पर पेश करना, रैवेन्यू डिपार्टमैंट पर शिकंजा कसना, बुलडोजर चलाना, महिलाओं को 1000 रुपए समेत बाकी गारंटियां और वादे पूरे करने का भरोसा दिलाना, पार्टी में अनुशासन लाना और अब ड्रग्स के खिलाफ मुहिम के अलावा और भी कई कोशिशें की जा रही हैं। हालांकि इसी भरोसे की वजह से पार्टी को पिछले दिनों हुए उपचुनाव और स्थानीय चुनावों में कामयाबी मिली लेकिन इन जीतों को विधानसभा चुनाव जीतने की गारंटी नहीं माना जा सकता, क्योंकि अगर पंजाब के पिछले राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो यह साफ हो जाता है कि पंजाब के लोग भरोसा करने में तो माहिर होते हैं लेकिन जब उनके भरोसे पर थोड़ी-सी भी चोट लगती है, तो वे भरोसा छोड़ भी देते हैं, जिसके 2 हालिया उदाहरण हमारे सामने हैं। पहला, अकाली-भाजपा सरकार का बदलना। हालांकि पंजाबियों को अकाली-भाजपा सरकार के किए गए विकास से कोई एतराज नहीं था लेकिन धार्मिक मामलों में की गई गलतियों और ड्रग्स नियंत्रण के मुद्दे पर पंजाबियों का विरोध झेलना पड़ा, जिसकी वजह से अकाली दल और भाजपा को बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

इसी तरह, कांग्रेस सरकार, जो ड्रग्स खत्म करने, किसानों का कर्ज माफ करने और विकास के वादे की वजह से सरकार बनाने में कामयाब हुई थी, उसे भी पंजाबियों ने 2022 में बाहर कर दिया। लेकिन 'आप' की सरकार इन तीनों पार्टियों से ज्यादा और बड़े वादे करके आगे आई थी। अब पंजाबी फिर से सोचने लगे हैं कि किस पार्टी ने पंजाबियों से किए वादे पूरे किए। इसलिए, अब 'आप' पर दी गई गारंटियों और वादे पूरे करने का बोझ दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। अगर पंजाबियों की सोच ऐसी ही रही और 'आप' गारंटियां और वादे पूरे नहीं करती, तो पंजाबियों की सोच 'आप' के लिए चुनौती बन सकती है और पार्टी के लिए 27 के विधानसभा चुनाव में पंजाबियों का 22 वाला भरोसा हासिल करना मुश्किल हो जाएगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मंडल स्तरीय जूडो ट्रायल में हरदोई की बेटियों का दबदबा, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनः मंजू शर्मा

**हरदोई।** जिला क्रीड़ा अधिकारी ने अवगत कराया है कि आज लखनऊ में आयोजित मंडल सब-जूनियर जूडो प्रतियोगिता के ट्रायल में जनपद हरदोई के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शानदार प्रदर्शन के आधार पर जनपद की मानसी कुमारी, अध्यांशी कुमारी एवं पायल का चयन आगामी राज्य स्तरीय सब-जूनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए हो गया है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 25 से 27 फरवरी 2026 तक लखनऊ में आयोजित की जाएगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और राज्य स्तर पर पदक जीतने की शुभकामनाएँ दीं। जनपद के खेल प्रेमियों में इस उपलब्धि से हर्ष का माहौल है।

### जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 67 शिकायतें

**हरदोई।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 67 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई मे आज एक निराश्रित महिला पेशन, एक बाल सेवा योजना तथा एक व्यकित को दिव्यांग पेशंन योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रियंका सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर गिरी शाहाबाद कोतवाल पर गाज

**हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में बीते दिनों बढ़ते अपराध के ग्राफ को देखते हुए एएसपी/क्षेत्राधिकारी आलोक राज नारायण की रिपोर्ट पर शाहाबाद के कोतवाली प्रभारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने निलंबन की गाज गिरा ही दी।इधर काफ़ी दिनों से उनके निलंबन को लेकर लोग अटकले लगा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा थाना क्षेत्र में डकैती, हत्या, छिनैती जैसी घटनाओं की रोकथाम न कर पाने, उनके द्वारा सम्पादित की जा रही विवेचनाओं में रुचि न लेते हुए निस्तारण में लापरवाही बरतने तथा उच्चाधिकारियों के आदेश/निर्देश की अवहेलना करने के संबंध में सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी आलोक राज नारायण द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच आसन्न की गई है।एसपी ने बिलग्राम के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार राय को शाहाबाद कोतवाली के नया प्रभारी निरीक्षक बनाया है।बिलग्राम में उनके स्थान पर विशेष जाँच प्रकोष्ठ के प्रभारी रहे विजय कुमार को तैनात किया गया है। एसपी ने जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों को निर्देशित है कि कोई भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों/दायित्वों के प्रति उदासीनता/शिथिलता न बरते अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### विवाहिता ने पति सहित चार पर लिखाई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**शाहाबाद/हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के उधरनपुर निवासी पति सहित चार ससुराली जनों पर एक विवाहिता ने दहेज में 10 लाख रुपए की नगदी न मिलने के कारण घर से निकाल देने और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम परेली निवासी आंचल मिश्रा पुत्री उमेश पाठक के अनुसार उसका विवाह 27 जनवरी 2023 को उधरनपुर निवासी प्रत्यूष मिश्रा पुत्र प्रदीप मिश्रा के साथ संपन्न हुआ था। जिसमें उसके पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया लेकिन ससुराल पक्ष के लोग दहेज से संतुष्ट नहीं थे, और लगातार 10 लाख रुपए नगदी की मांग कर रहे थे। आंचल के अनुसार उसने इतनी नकदी देने के लिए असमर्थता जताई है तो 18 जनवरी 2026 को शाम 7:30 बजे उसे पति प्रत्यूष मिश्रा, ससुर प्रदीप मिश्रा, सास गीता मिश्रा, ननद सौम्या मिश्रा द्वारा जानमाल की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय ने बताया आरोपी ससुरली जनों पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में मृतक की पत्नी ने चालक पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाहाबाद/हरदोई।** 6 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में उसकी पत्नी ने कोतवाली में आरोपी डाला चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम गौहनिया निवासी श्रीदेवी पत्नी श्रीपाल के अनुसार 16 दिसंबर 2025 को उसका पति श्रीपाल भतीजे अवधेश के साथ बाइक से शाम को 4:00 बजे शाहाबाद से घर वापस लौट रहे थे। पाली मार्ग पर तेज रफ्तार डाला लेकर आ रहे कप्तान पुत्र बाबू निवासी कुमहारन पुरवा मजरा गौहनिया ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तत्काल सीएचसी ले जाया गया। हालत चिंताजनक होने के कारण मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। जहां 24 दिसंबर को इलाज के दौरान उसके पति श्रीपाल की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय ने बताया आरोपी डाला चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं त्योहारः आलोक राज



**शाहाबाद/हरदोई।** रमजान और होली के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक कोतवाली परिसर में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राजनारायण ने की। इस मौके पर नवागत प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय भी मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण ने कहा आप सभी संभ्रांत जन है आने वाले पर्व होली और चल रहे रमजान को आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा शाहाबाद एक शांति प्रिय क़स्बा है। यहां कभी भी कोई विवाद नहीं हुआ है । ठीक इसी तरह से आप लोग आपसी भाईचारा और सद्भाव के साथ एक दूसरे के त्योहारों में शामिल हों और खुशियां मनाएं। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा अगर कोई भी व्यक्ति अमन चैन में खलल करने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना क्षेत्र के चौकीदार, बीट प्रभारी, उपनिरीक्षक या सीधे कोतवाली प्रभारी को दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। नवागत थाना प्रभारी अरविंद राय ने उपस्थित संभ्रांत जनों से परिचय किया और बताया कि उन्होंने आज ही पदभार ग्रहण किया है इसलिए आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है।आने वाले त्योहारों में किसी तरह की गड़बड़ी फैलाने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।सभी लोग सहयोग बनाए रखें पुलिस हर संभव आपका सहयोग और सुरक्षा करेगी। इस अवसर पर जुनैद अली खान, प्रधान राम रूप, सत्यवीर अजमल खान रमाकांत आदि मौजूद रहे।

### छः साल की जैनब बनी नन्ही रोजेदार, सात साल के इब्राहीम ने रखा रोजा



**मौदहा हमीरपुर।** गुरुवार से शुरु हुए पवित्र माह रमजान को लेकर जहां मुस्लिम समुदाय में उत्साह है तो वहीं बच्चों में अधिक जोश और उत्साह देखा जा रहा है। सहरी में जागने से लेकर तरावीह की नमाज़ तक सभी जगह बच्चों की संख्या दिखाई दे रही है। इसी सिलसिले में कस्बे के मोहल्ला कसौडा निवासी मजहर हुसैन की छः साल की बेटी जैनब ने पहली बार रोजा रखा जिसको लेकर घर परिवार के लोगों में खुशी का माहौल है और घर परिवार के लोगों ने जैनब की लम्बी उम्र और कामयाबी की दुआएं कीं।तो वहीं कस्बे के मोहल्ला बांघा निवासी सेवानिवृत शिक्षक फीरोज कमाल के सात साल के नाती इब्राहिम ने भी गुरुवार का पहला रोजा रखा जिसको अफ्तार के समय सभी ने फूल माला पहना कर बधाईयों के साथ दुआएं दीं

### जनसुनवाई में फरियादियों से सीधा संवाद, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश



**उरई (जालौन)।** जनपद में सुशासन की मंशा को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में प्रातः 10 बजे जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई को प्रभावी एवं परिणाममुखी बनाने हेतु सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी एवं विभागाध्यक्षों को वर्चुअल माध्यम से संबद्ध किया गया, जिससे प्रत्येक प्रकरण पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपने शिकायती पत्र प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने सभी मामलों पर संबंधित अधिकारियों से बिंदुवार जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई प्रशासन की जवाबदेही और संवेदनशीलता का प्रतीक है, इसलिए प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा समाधान की सूचना संबंधित शिकायतकर्ता को अवश्य दी जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने पूर्व में निस्तारित कुछ प्रकरणों पर स्वयं शिकायतकर्ताओं को फोन कर फीडबैक भी प्राप्त किया और समाधान की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं त्वरित कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए।

# जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों एवं राजस्व की समीक्षा बैठक

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**




स्वामी विवेकानंद सभागार में आज जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड, निर्माण कार्यों और राजस्व की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागीय प्रगति की बारीकी से समीक्षा की और लंबित कार्यों को समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर कम रैंकिंग वाले विभागों पर नाराजगी जताते हुए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, आईसीडीएस, उद्योग विभाग (ODOP टूल किट) और समाज कल्याण विभाग को अपनी प्रगति में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि शाहाबाद में रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कार्य इसी माह पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने सिंचाई विभाग और कस्तूरबा विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थलीय जांच करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। पीडब्ल्यूडी विभाग को कार्य में गति लाने का निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय सीमा के भीतर काम पूरा करने को कहा। इस अवसर पर मुख्य विकास, उप जिलाधिकारीगढ़अधिकारी परियोजना निदेशक सहित जिले के समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिंघाड़ा लेने गईं तीन किशोरियां तालाब में डूबीं, ग्रामीणों ने एक को सुरक्षित निकाला, दो लापता



**हरदोई।** पिहानी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर दहेलिया में तालाब से सिंघाड़ा निकालने गई तीन किशोरिया डूब गई। घटना के समय तालाब के पास बकरी चरा रहे एक बच्चे ने यह दृश्य देखा और शोर मचाया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद एक को तालाब से बाहर निकालकर जान बचाई। दो अभी भी तालाब में गायब चल रही है। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। शुक्रवार की सुबह करीब ग्यारह बजे एक साथ तीन बच्चियों के डूबने से पूरे गांव में मातम छा गया।हादसे में जानवी (14 वर्ष) को ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि प्रियंका (12 वर्ष) और आरुषि (13 वर्ष) पुत्री कमलेश अभी तक लापता है। तालाब में तीन बच्चियों के डूबने के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया तीन बच्चियों में एक बच्ची को निकाल लिया गया स्थानीय गौतखोरों की टीम शेष दो बच्चियों की तलाश में जुटी है। बच्चों की खोज के लिए जनपद सीतापुर से पीएसी की गौतखोर कम्पनी को बुलाया गया है।

## हनुमान मूर्ति को अराजक तत्वों ने किया खंडित



**बेनीगंज/हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज के अंतर्गत कुर्सी गांव के शिव तिल पर स्थापित हनुमान जी महाराज की मूर्ति को अराजक तत्वों ने तोड़कर खंडित कर दिया है। यह जानकारी पवन कुमार द्विवेदी ने देते हुए बताया कि लगभग 25 वर्ष पूर्व हमारे पिता रामगोपाल द्वारा इस मंदिर का निर्माण करा कर हनुमान जी महाराज की मूर्ति को स्थापित किया था उसे मूर्ति को भी लगभग 5 से 6 वर्ष पूर्व अराजक तत्वों ने तोड़ डाला था परंतु उसके बाद या दूसरी मूर्ति स्थापित की गई थी। बीती रात 19- 20 फरवरी को अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा तोड़ डाली गई है सुबह जब पता चला तो लोगों की भीड़ जमा हो गई और लोगों में मूर्ति खंडित होने पर आक्रोश व्याप्त है।

## सुगम यातायात के लिए बेतरतीब खड़ें वाहनों, ढ़ाबों, खोखे आदि तत्काल हटवाएंः अनुनय झा

- मुख्य मार्गों पर वैन्डिग जोन बनवाये व अभियान चलाकर सड़क किनारे खाली करायेंः डीएम

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आहूत की। बैठक में जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगरीय तथा अन्य मार्गो से गुजरने वाले ओवर लोड वाहनों की चेकिंग करें और सुगम यातायात के लिए सड़को पर बेतरतीब खड़ें होने वाले वाहनों, अवैध रूप से संचालित ढ़ाबों एवं खोखे को तत्काल प्रभाव से हटवायें तथा वन विभाग एनएचए मार्गो के किनारे लगी झाड़ियों को कटवाकर सफाई कराये। नगर में अतिक्रमण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ईओ नगर के मुख्य मार्गो पर वैन्डिग जोन बनवायें तथा मार्गो के किनारे के अतिक्रमण को अभियान चलाकर खाली कराये और बार-बार अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। बढ़ते ई रिक्शों से खराब हो रही यातायात व्यवस्था को सुधारने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिये कि ई रिक्शों के रूट निर्धारित कर क्यूआर कोड जारी करायें और रूट का पालन न करने वालों पर यातायात पुलिस कार्यवाही करें। उन्होने आरटीओ से कहा कि गन्ना भरे वाहनो पर ओवर लोडिंग पर विशेष नजर रखें। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित एनएचए, लखनऊ व कानपुर के अधिकारियों को निर्देश दिये एनएच मार्गो से सभी प्रकार के अतिक्रमण हटवायें। बैठक में एआरटीओ प्रशासन, परिवर्तन, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, यातायात निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## मानिकपुर में ड्यूटी से लौटते समय सड़क हादसे में मौदहा के दरोगा की मौत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



चित्रकूट के मानिकपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में मौदहा निवासी पुलिस दरोगा गफ्फूर खां की मौत हो गई। वे देर शाम ड्यूटी से लौटते समय काली घाटी के नीचे दुर्घटना का शिकार हो गए। दरोगा पुलिस लाइन में तैनात थे और बाइक से मानिकपुर की ओर जा रहे थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर सरैया-मानिकपुर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल दरोगा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। इलाज के दौरान ही चिकित्सकों ने दरोगा को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट और क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच के निर्देश दिए। थाना प्रभारी श्री प्रकाश यादव ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह सड़क दुर्घटना बताई जा रही है।

### मारपीट के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद/हरदोई।** कोतवाली छेत्र में अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है। थाना छेत्र के ग्राम टडेर निबासी रेखा देवी पत्नी छोटेलाल के अनुसार 17 फ़रवरी की शाम को 5 बजे पुरानी रंजिश में गांव निवासी सुधीर कुमार पुत्र रविन्द्र कुमार ने भाई सुनील कुमार और भाभी संगीता के साथ मिलकर गाली गलौज कर लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। थाना छेत्र के ग्राम धर्मापुर निवासी वीरपाल पुत्र शिव बक्श के अनुसार 19 फरवरी को गांव निवासी श्याम सिंह पुत्र ब्रजकिशोर ने अपने पुत्र सतेंद्र और मझिला थाना छेत्र के ग्राम आदमपुर निवासी सौरभ पुत्र गुड्डू सिंह, मंगल पुत्र वीरेंद्र ने उसे गाली गलौज कर उसे मारपीट कर घायल कर दिया।

**NOTICE**

Hitherto known as AMAR SINGH S/O SHYAM SINGH Village and Post Rutaul Kaimganj District Farrukhabad Uttar Pradesh- 209502, have changed my name and shall hereafter be ANAR SINGH.

## अपराध नियंत्रण में चौकीदारों की रहती अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिकाः एसपी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद महोबा के विभिन्न थानाक्षेत्रों में तैनात ग्राम प्रहरियों/चौकीदारों की कार्यक्षमता बढ़ाने एवं पुलिस के सूचना तंत्र को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से उन्हें निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। पुलिस लाइन महोबा में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्रों के कुल 48 ग्राम चौकीदारों को साइकिल प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक ने चौकीदारों से संवाद करते हुए उनके कर्तव्यों और दायित्वों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ग्राम चौकीदार की सक्रियता अपराध नियंत्रण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सभी चौकीदारों को बीट पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी के लगातार संपर्क में रहने, अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, नए बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही पर ध्यान देने, भूमि विवाद, अवैध शराब एवं अन्य अपराधों की सूचना संबंधित थाने को देने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, और क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

## सीबीआई ने रेलवे के टीआरडी ऑफिस में छापामारी एसएसई समेत तीन को पकड़ा

**उरई (जालौन)।** गुरुवार की आधी रात्रि को सीबीआई उरई रेलवे के टीआरडी (ट्रैक्शन रोलिंग स्टॉक) दफ्तर में छापा मारकर एसएसई को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। एसएसई संविदा कर्मी भर्ती के नाम पर पैसे ले रहे थे। टीम की छापेमारी से हड़कंप मच गया। छापेमारी की कार्रवाई सीबीआई इंस्पेक्टर देवेंद्र व राजीव नयन सीरौठिया के नेतृत्व में की गई है। रेलवे कॉलोनी व रेलवे स्टेशन के समीप स्थित टीआरडी दफ्तर में गुरुवार रात बारह बजे सीबीआई टीम के छापा मारते ही हड़कंप मच गया। अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक के हाथ-पांव फूल गए। रेलवे सूत्रों की मानें तो टीम में एक दर्जन अधिकारी थे। टीम ने टीआरडी विभाग के एसएसई भगवान सिंह को मौके से बीस हजार रुपये रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़ा। वहीं डीईई शांतुन कुमार व उनके साथ टेक्नीशियन प्रकाश को चित्रकूट से पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि इन दिनों विभाग में संविदा कर्मचारियों की भर्ती चल रही है। इसको लेकर लोग जुगाड़ लगा रहे थे। पिछले दिनों टीम से शिकायत की गई थी, उसी के आधार पर सीबीआई ने देर रात अचानक छापा मारा तो सनसनी फैल गई। ढाई घंटे तक टीम उरई रेलवे कॉलोनी में रुकी। जानकारों की मानें तो पता चला है इसके पहले टीम ने चित्रकूट से भी रेलवे कर्मचारी को उठाया है। जब इस बारे में मंडलीय अधिकारियों से जानकारी ली तो वह चुप्पी साधे नजर आए।

## दाल-चावल के गोदाम का ताला तोड़ लाखों रुपए का माल लोडर में लादकर चोर रफूचक्कर

**हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली के बगल में एक दाल चावल के थोक व्यापारी के गोदाम का ताला तोड़ अज्ञात चोर लाखों रुपए का माल लोडर मे लादकर रफू चक्कर हो गए। सुबह दुकान की हालत देख व्यापारी ने माथा पीट लिया उसने इस घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को सौंप अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

मौदहा नगर की कोतवाली के बगल में मराठीपुरा निवासी सुशील कुमार गुप्ता एक दुकान किराए पर लेकर सालों से दाल चावल समेत अन्य अनाज का थोक व्यापार करता है। गुरुवार की रात्रि 8 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह जब वह अपनी दुकान पहुंचा तो दरवाजे का ताला टूटा देख और अंदर से दर्जनों बोरियां दाल चावल गायब देख उसने माथा पीट लिया। पीड़ित ने इस घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को सौंप अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

पीड़ित ने बताया कि उसकी दुकान से 94 बोरी दाल चावल गायब है जिसकी कीमत ढाई लाख रुपए से ऊपर है फिलहाल कोतवाली पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज के सहारे चोरों की तलाश में जुट गई है। इस घटना से व्यापारियों के दिल में असुरक्षा की भावना घर कर गई है।

## कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः-436/न0पं0 खिम0/ई0नि0सू0/2025-26 दिनांकः-20/02/2026

### ई- निविदा सूचना

नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2025-26 में **'स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0'** के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-पी.एम.यू./1041/563 (2)/2025 लखनऊ दिनांक 18 फरवरी, 2026 द्वारा 05 टी0पी0डी0 वेट वेस्ट प्रोसेसिंग (पिट कम्पोस्टिंग) के सिविल निर्माण कार्य को कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदारों/फर्मो/सप्लायर्स से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से **दिनांक 21/02/2026 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23/03/2026 को समय अपरान्ह 12: 00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा संचालित खाता संख्या- SB041810210000036, IFS Code-BKID0ARYAGB आर्यावर्त बैंक खिमसेपुर में आर.टी.जी.एस./ डी.डी. द्वारा जमाकर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./ एम.एस.सी.05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिमसेपुर के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर **दिनांक 23.03.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक** कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा **दिनांक 23.03.2026 को समय अपरान्ह 04:00 बजे** समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष **www.etender.up.nic.in** पर कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/ अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत खिगसेपुर में निहित है। विस्तृत शत, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पं0खिम0/2025-26 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 21.02.2026 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bids | 23.03.2026 12:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 23.03.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive Officer Nagar Panchayat Khimsepur, Farrukhabad |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रुखाबाद

अध्यक्ष
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रुखाबाद

## कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः-435/न0पं0 खिम0/ई0नि0सू0/2025-26 दिनांकः-20/02/2026

### ई- निविदा सूचना

नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2025-26 में **' मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना (CM-NSY)'** के अन्तर्गत शासनादेश संख्या- I/1235592/2026/मु0मं0न0सृ0यो0/2006667, नगर विकास अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 11/2/2026 द्वारा नवसृजित नगर पंचायतों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास तथा मूलभूत आवश्यक सुविधाओं के विकास/सुदृढ़ीकरण हेतु कार्यो को कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदारों/फर्मो/सप्लायर्स से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से **दिनांक 21/02/2026 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23/03/2026 को समय अपरान्ह 12: 00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा संचालित खाता संख्या- SB041810210000036, IFS Code-BKID0ARYAGB आर्यावर्त बैंक खिमसेपुर में आर.टी.जी.एस./ डी.डी. द्वारा जमाकर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./ एम.एस.सी.05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिमसेपुर के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर **दिनांक 23.03.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक** कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा **दिनांक 23.03.2026 को समय अपरान्ह 04:00 बजे** समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष **www.etender.up.nic.in** पर कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/ अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत खिगसेपुर में निहित है। विस्तृत शत, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पं0खिम0/2025-26 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 21.02.2026 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bids | 23.03.2026 12:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 23.03.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive Officer Nagar Panchayat Khimsepur, Farrukhabad |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रुखाबाद

अध्यक्ष
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रुखाबाद

# श्रीमद्भागवत कथा सुन स्रोता हुए भावविभोर

▸ मनुष्य के जीवन का लक्ष्य भगवान की प्राप्ति है, जो अहंकार के त्याग, सत्संग से ही संभव : आचार्य श्री नारायण दास जी महाराज

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

आदि गंगा-गोमती नदी के पावन तट पर स्थित अचकामऊ ग्राम के प्राकृतिक एवं शांत वातावरण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। हरित वनों और निर्मल जलधारा के बीच सजे भव्य पांडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। ऋषिकेश धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य श्री नारायण दास जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। आचार्य जी ने कहा कि मनुष्य जीवन का परम लक्ष्य भगवान की प्राप्ति है, जो अहंकार के त्याग, सत्संग, साधना और सच्ची भक्ति से ही संभव है। उन्होंने नैमिषारण्य में ऋषि-मुनियों के समागम, यज्ञ के महत्व तथा भगवान के विभिन्न अवतारों के उद्देश्य का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की पुनः स्थापना करते हैं। भागवत महापुराण को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का समन्वित ग्रंथ बताते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक आख्यान नहीं,



बल्कि जीवन को दिशा देने वाला आध्यात्मिक प्रकाश स्तंभ है।

कथा के दौरान आचार्य जी ने युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए सनातन धर्म के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी अपने संस्कारों, परंपराओं और आध्यात्मिक विरासत को समझे तथा धर्म के नाम पर भ्रम फैलाने वाली शक्तियों से सतर्क रहे। सत्य, संत और शुद्ध आचरण को जीवन की आधारशिला बताते हुए उन्होंने कहा कि इन्हीं गुणों से समाज और राष्ट्र सुदृढ़ बनता है। उन्होंने महिलाओं के सम्मान और संरक्षण को राष्ट्र की उन्नति का मूल आधार बताया तथा भारतीय नारी की पतिव्रता, त्याग और मर्यादा की परंपरा का उल्लेख किया।

आचार्य जी ने कहा कि जिस समाज में नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवताओं का वास होता है। कथा श्रवण में अनुसूचित जाति आयोग, उ.प्र. के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, ज्योतिषाचार्य श्री सीताराम, अनिल शास्त्री, श्याम नारायण अवस्थी, संतोष सिंह, संजीव सिंह, तिलकराम वर्मा, भानुप्रताप सिंह, श्याम मिश्रा एवं अजय सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, क्षेत्रवासी एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया।

## त्योहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा की टीम हुई सक्रिय

बेलहरा,बाराबंकी। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने बेलहरा कस्बे में सघन अभियान चलाया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अंकिता यादव के नेतृत्व में टीम ने बेलहरा बाजार में कार्रवाई करते हुए करीब दो क्विंटल कचरी को नष्ट कराया। नष्ट की गई कचरी की अनुमानित कीमत लगभग 6500 रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई बेलहरा कस्बे में स्थित जुनैद किराना स्टोर और राहुल किराना स्टोर पर की गई,जहां जांच के दौरान कचरी की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। खाद्य सुरक्षा टीम ने मौके पर ही आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए कचरी को नष्ट कराया,ताकि मिलावटी या घटिया खाद्य सामग्री उपभोक्ताओं तक न पहुंच सके।

# जनपद की सीमा पर हुआ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

बछरावां समृद्धि न्यूज़।

शुक्रवार दोपहर अपने एकदिवसीय दौरे पर जनपद फतेहपुर जा रहे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान लोकसभा सांसद अखिलेश यादव का जनपद की सीमा पर स्थित दखिना टोल प्लाजा पर पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। विदित हो कि उनका काफिला जैसे ही जनपद की सीमा में प्रवेश हुआ, वैसे ही स्वागत कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं के द्वारा जय अखिलेश, जय समाजवाद के नारे लगाए जाने लगे। इस दौरान उन्होंने स्वागत कार्यक्रम में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं का स्नेह स्वीकार करते



हुए अभिवादन किया है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव, बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती, सदर विधानसभा सपा प्रत्याशी आरबी यादव, विनय यादव, आशीष पटेल, बृजेंद्र चौधरी राजेंद्र यादव, देशराज यादव, सहित पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कभी भी आवागमन हो सकता है बन्द,संजय सेतु में आई भारी दरारें

रामनगर बाराबंकी। लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग 28 सी पर स्थित संजय सेतु के अप्रोचों में एक बार फिर गहरी दरारें आने लगी हैं।जिससे बहराइच गोंडा श्रावस्ती बलरामपुर अयोध्या नेपाल आदि स्थानों तक का आवागमन करने वाले वाहनों के प्रभावित होने की पूरी संभावना जताई जा रही है।कई अप्रोचो में दरारें बढ़ रही है रेलिगे भी हिलने लगी है।एक स्थान पर रेलिंग हट भी चुकी है।जिसके कारण कई सप्ताह पहले राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश सरकार ने संजय सेतु के बंद होने की अफवाहों और अप्रोचो में निरंतर आ जाने वाली दरारो का संज्ञान लेते हुए एक प्लाटून पुल के निर्माण की वैकल्पिक व्यवस्था कर संजय सेतु को पूर्ण रूप से बंद कर व्यापक मरम्मती करण कराये जाने का प्रावधान घोषित किया था। लेकिन अभी तक काम चलाऊ पुल के निर्माण हेतु कोई कार्य शुरू नहीं किया जा सका है।

# भगवान शिव व माँ जगदम्बा के मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार

▸ तीन दिनों तक चले प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के बाद स्थापित की गई मूर्ति

रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

भूतभावन भगवान भोलेनाथ व आदि शक्ति माँ जगदम्बा की कृपा से शहर के अमोल विहार कालोनी में निर्माणाधीन राना बेनी माधव बक्स सिंह सभागार परिसर में शुक्रवार को दो मंदिरों का जीर्णोद्धार के बाद मूर्तियों की विधिवत पूजा अर्चन के बाद प्राण प्रतिष्ठा की गई और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

निर्माणधीन सभागार में पूर्व दिशा में भगवान शिव के परिवार एवं पश्चिम दिशा में आदि शक्ति माँ दुर्गा जी के मंदिर का जीणोद्धार करा कर भव्य रूप दिया गया है। दोनों मंदिरों में बाबा भोलेनाथ व आदि शक्ति मां भगवती की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम तीन दिवसीय 18 से 20 फरवरी तक किया गया। धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के शिष्य आचार्य पंडित राम लखन मिश्र प्रतापगढ़ के सानिध्य में अन्य विद्वान आचार्यों के द्वारा 18 फरवरी को फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा प्रातः नौ बजे सुबह से प्राण प्रतिष्ठा के पूजन का कार्य प्रारंभ हुआ।

शुक्रवार को प्रातः नौ बजे से स्थापन पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यजमान की भूमिका में मदन बाजपेई सपत्नी ने मूर्ति स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दोनों ही मंदिरों में मूर्तियों की स्थापना के बाद 12 बजे से विशाल कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। कन्या भोज में कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद दिया। इसके बाद सभागार परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। शाम तक चले अनवरत भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि राना बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक सभागार में दो मंदिरों में बाबा भोलेनाथ व आदि शक्ति मां भगवती की पुनः मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम तीन दिवसीय 18 से 20 फरवरी तक गया। समिति के सदस्यों समेत साकेत नगर के निवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डायट जय प्रताप सिंह, राम बली सिंह, हरिहर सिंह, विजय रस्तोगी, रविंद्र सिंह, राकेश भदौरिया, राजेश यादव, डॉ. मनीष चौहान, डॉ. बृजेश सिंह, विकास सिंह, गजेंद्र सिंह, राकेश भदौरिया, हरीशानंद मिश्र,, नरेंद्र सिंह फौजी, राजन कछवाह, महेंद्र कछवाह , महेंद्र अग्रवाल, डॉ रवि प्रताप सिंह, शिवम सिंह, विकाश सिंह, राम राज सिंह, अशोक सिंह, डॉ. आरएन सिंह, डॉ अभिषेक द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाने की घोषणा को शिक्षकों ने किया स्वागत

बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विधान सभा में 01 अप्रैल 2026 से शिक्षामित्रो का मानदेय 10000 रूपये से बढ़ाकर 18000 रूपये प्रति माह एवं अनुदेशकों का मानदेय 9000 रूपये से बढ़ाकर 17000 रूपये प्रति माह किए जाने की घोषणा की है।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने इस फैसले का जोरदार स्वागत किया है।उन्होने कहाकि पहली बार सरकार ने मानदेय में एक साथ रूपया 8000 की बढ़ोत्तरी की है। इस महंगाई के दौर में शिक्षामित्रों,अनुदेशकों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। हमारी मांग और ज्यादा थी लेकिन वर्तमान हालात को देखते हुए यह भी बहुत है। सरकार ने हमारी लंबे समय से चली आ रही मांग पर अमल किया है। हम शिक्षामित्रो की ओर से माननीय मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं, जिन्होंने शिक्षा परिवार की भावनाओं का सम्मान करते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया।

# बिना ले-आउट पास कराये प्लाटिंग व निर्माण कार्यों का चिन्हांकन शुरू

▸ विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बिना ले-आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग निर्माण न करें : सचिव, आरडीए

रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

रायबरेली विकास प्राधिकरण, प्राधिकरण क्षेत्र में बिना ले-आउट पास कराये प्लाटिंग करने या बिना नक्शा पास कराये मकान बनाने या कि किसी भी प्रकार के निर्माण को लेकर सख्त हो गया है। जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष रायबरेली विकास प्राधिकरण हर्षिता माथुर के निर्देश पर सचिव, विकास प्राधिकरण/अपर जिलाधिकारी विशाल कुमार यादव ने ऐसे बिना ले-आउट पास कराये प्लाटिंग तथा भवन व अन्य निर्माण कार्यों का चिन्हांकन प्रारम्भ कर दिया है। सचिव द्वारा बताया गया कि उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रवर्तन कार्य में तेजी लायी गयी है। प्राधिकरण क्षेत्र में पूर्व में भी बिना ले-आउट या नक्शा पास प्लाटिंग/भवनों आदि पर डिमोलीशन/ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। समय-समय पर अवैध प्लाटिंग, निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही विकास प्राधिकरण द्वारा की जाती है। सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि कोई भी प्लाट क्रय करने से पूर्व भूमि का भू-उपयोग (लैण्ड यूज) अवश्य पता कर ले तथा ले-आउट स्वीकृत प्लाट ही खरीदें। बिना ले-आउट स्वीकृत कॉलोनी विकसित करना और प्लाटिंग करना अवैधानिक है। ऐसे बिना ले-आउट पास कालोनी में मकान बनाने या अन्य निर्माण पर रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृत नहीं किया जा सकता तथा ऐसे अवैध प्लाटिंग और कालोनियों तथा अनधिकृत निर्माण की स्थिति में विधिक व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा की जा सकती है।

रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में प्लाटिंग कर्ताओं को चेतावनी दी है कि बिना ले-आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग, निर्माण आदि न करें साथ ही उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि कोई भी प्लाट खरीदने से पूर्व भूमि का भू-उपयोग (लैण्ड यूज) अवश्य पता कर ले, यदि किसी प्लाटिंग/कालोनी में प्लाट क्रय कर रहे हैं तो यह अवश्य जानकारी कर लें कि प्लाटिंगकर्ताओं द्वारा कालोनी का ले-आउट विकास प्राधिकरण से स्वीकृत कराया गया है या नहीं। यदि ले-आउट अप्रूव है तभी प्लाट/भूमि खरीदें, अन्यथा जब कालोनी को अवैध मानते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जायेगी तब आमजन के जीवन भर की पूंजी चली जायेगी। साथ ही अवैध कालोनी में आपके मकान का मानचित्र भी स्वीकृत नहीं होगा इसलिए उन्होंने आमजन से अपील की है कि रायबरेली विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लाटिंग/कालोनी में ही प्लाट खरीदें। किसी कालोनी का ले-आउट स्वीकृत है या नहीं या भू-उपयोग क्या है, इसकी जानकारी विकास प्राधिकरण में किसी भी कार्यालय दिवस में ली जा सकती है।

प्राधिकरण क्षेत्र में कोई भी निर्माण करने से पूर्व मानचित्र अवश्य स्वीकृत करा लें। मानचित्र स्वीकृति के लिए विकास प्राधिकरण में सिंगल विंडो सिस्टम है। विकास प्राधिकरण लैण्ड यूज के अनुरूप 15 दिवस में मानचित्र स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। मानचित्र स्वीकृत न पाये जाने की दशा में निर्माण कार्य रोकने, सीलिंग के साथ ध्वस्तीकरण की भी कार्यवाही की जा सकती है।

## खबरें एक नजर में

### बेटी की मौत से नाराज मायके वालों ने घर के सामने जलाई चिता



अमेठी समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज अंतर्गत पूरे शिवदीन मजरे टिकरिया निवासी चेतना पुत्री कृष्ण कुमार पाण्डेय की शादी 10 वर्ष पूर्व अमेठी कोतवाली अंतर्गत पूरे शिवगुलाम घूरे का पुरवा मजरे लोहरता दरखा निवासी उमाकांत शुक्ला के साथ हुई थी। चेतना के पिता के मुताबिक शादी के कुछ दिन बाद चेतना के ससुरालीजन चेतना को प्रताड़ित करने लगे थे, जिसके कारण सुलह समझौता भी करवाया गया था। बीते 18 फरवरी की सुबह चेतना के बीमार होने की सूचना मिली,जब अस्पताल पंहुचे तो चेतना का शव मिला। चेतना के सुसराल वालो ने बताया वाशिंग मशीन में उतरे करंट के लगने से मौत हुई, वहीं चेतना के मायके वालों ने करंट देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। आक्रोशित चेतना के मायके वालों ने पोस्टमार्टम बाद शव को उनके घर के बाहर ही जला दिया।

### रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी द्वारा ली गई परेड की सलामी

अमेठी समृद्धि न्यूज़। शुक्रवार को जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आदि क निरीक्षण किया गया तथा 112-पीआरवी व थानों के वाहनों में आवश्यक भीड़ व दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया गया तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### वृहद रोजगार मेले का आयोजन 27 फरवरी को : डीएम

रायबरेली समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि जनपद के कर्मयोगी डिग्री कॉलेज मुलिहामऊ, रायबरेली में 27 फरवरी 2026 को प्रातः 09:00 बजे वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि रोजगार मेले में अधिक से अधिक अभ्यर्थियों के प्रतिभाग हेतु समस्त ग्राम स्तर, ब्लॉक स्तर आदि पर रोजगार मेले का प्रचार-प्रसार कराया जायें।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का एक सप्ताह का शिविर शुरू



अमेठी समृद्धि न्यूज़। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के सैटलाइट केंद्र, अमेठी का राष्ट्रीय सेवा योजना के एक सप्ताह का विशेष शिविर दूरई पुरवा गांव मे सेहत बाबा मंदिर के प्रांगण मे प्रथम दिवस उत्साह एवं गरिमा के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के कायक्रम अधिकारी डॉ. शंकर लाल केंद्र के प्रभारी निदेशक डॉ रविंद्र नाथ, एवं अन्य शिक्षकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. शंकर लाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का संचार करती है। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ नीरज कुमार तिवारी ने कहा कि युवा शक्ति जब समाजोत्थान के कार्यों से जुड़ती है, तब राष्ट्र प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होता है। कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के डॉ. रविंद्र नाथ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जागरूकता का विकास करती है। खाद्य विज्ञानं और तकनीकी विभाग के मुरली नायक ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य समाज के प्रति कर्तव्यबोध उत्पन्न करना है। इतिहास विभाग के डॉ राजेश कुमार ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि युवा वर्ग ही परिवर्तन का वाहक होता है।

## छप्पर नुमा घर में लगी आग गृहस्थी जलकर खाक

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। बरौलिया गांव में एक छप्पर के मकान में आग लग गई। इस घटना में घर में रखा हजारों रुपये का सामान और नकदी जलकर खाक हो गई। सूचना मिलने पर सिरौलीगौसपुर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। यह घटना गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे हुई। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते, आग की लपटें तेज होने लगीं। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे इस पर काबू नहीं पा सके। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही सिरौलीगौसपुर फायर ब्रिगेड की टीम प्रभारी रामसनेही के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। आग बुझने तक बरौलिया गांव निवासी दिनेश कुमार विश्वकर्मा पुत्र समयदीन के घर में रखा हजारों रुपये का सामान पूरी तरह जल चुका था। पीड़ित दिनेश कुमार के अनुसार, आग में बेड, अनाज, कपड़े, नगद रुपये और घर का अन्य सभी सामान जलकर राख हो गया।

# परिजनों ने लगाया आरोप, गैंगरेप कर काटी जुबान, जलाकर मार डाला

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

मोहम्मदपुर खाला थाने के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों में जली 17 वर्षीय किशोरी को इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई वहीं, इस मर्माहत करने वाली घटना में मृतका के परिजनों ने गम्भीर आरोप लगाये हैं। मृतका की बहन रूबी ने बयान दिया है कि मृतका के साथ तीन लोगों ने गैंग रेप किया और उसकी जुबान काटी और पेट्रोल डालकर जलाकर मार दिया है। परिजनों ने बताया है कि घटना स्थल पर शराब की बोतल और तीन गिलास मिले हैं जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। फिलहाल पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने बताया है कि हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है, जुबान काटने जैसे कोई बात अभी सामने नही आई है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की धाराएं बढ़ाई जाएगी। मोहम्मदपुर खाला गांव निवासी मैकू की बेटी प्रीति शौच के लिए घर से निकली थी। कुछ समय बाद लोगों ने उसे थाने के पीछे ईंट-भट्ठे के पास जलता हुआ देखा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाकर किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सूरतगंज पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल और फिर ट्रामा सेंटर रिफर हुई लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# सीडीओ की अध्यक्षता में लगाई गई ग्राम चौपाल

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

ग्राम पंचायत टेरा मे सीडीओ की अध्यक्षता मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां उन्होने गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये।जानकारी के अनुसार विकास खंड हरख क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेरा पंचायत भवन मे शुक्रवार को गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अन्ना सुदन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर करीब 2 बजे हुआ। ग्राम प्रधान राकेश वर्मा ने सीडीओ अन्ना सुदन का बुके देकर स्वागत किया,जबकि बीडीओ प्रीति वर्मा ने उन्हे पौधा भेंट किया। एडीओ पंचायत



बृजेश कुमार ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। सीडीओ अन्ना सुदन ने सर्वप्रथम गाँव में सरकारी कार्य से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री, आवास लाभार्थियो की जांच, स्वच्छ पेयजल, पेंशन योजना, राशन कार्ड,पशु टीकाकरण,स्वयं सहायता समूह और आशा बहुओं के कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने आवास, साफ सफाई व राशन कार्ड बनवाने की समस्या से सीडीओ को अवगत कराया। जिस पर सीडीओ ने सभी प्रकरण को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया।इस अवसर पर सप्लाई इंस्पेक्टर अवधेश पांडे,सचिव, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील सिंह,किसान नेता रवि वर्मा,अमित वर्मा, ग्राम प्रधान राकेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग ने पकड़ी 73ली. कच्ची शराब

▸ अवैध शराब के निर्माण व बेचने की रोकथाम के लिए सूचना देने की अपील की गई

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में होली पर्व के दृष्टिगत अवैध कच्ची शराब की बिक्री एवं तस्करी के रोकथाम हेतु जनपद में गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम- बलई का पुरवा, अमेठी, जामो, साहबगढ़ व मल्लहन का पुरवा मजरे खेममऊ में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान थाना-बाजार शुकुल के अंतर्गत ग्राम - साहबगढ़ व मल्लहन का पुरवा से लगभग 73 ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 250किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही मे 4अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम



हेतु सूचना देने की अपील की गई तथा आबकारी दुकानों का सघन निरिक्षण किया गया। दबिश की कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक व थाना - बाजार शुकुल से पुलिस बल के रूप में उप निरीक्षक राजेश मौर्य मय स्टाफ थाना बाजार शुकुल व आबकारी स्टाफ में तीरथनाथ, शमशेर कुमार, संजय सरोज व सर्वेश वर्मा शामिल रहे।

# प्रतियोगी परीक्षा मे छात्रों को ग्राम प्रधान ने किया पुरस्कृत

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

बहादुरपुर विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बहादुरपुर मे अमन पब्लिक जूनियर हाई स्कूल पूरे तोमड मे ग्राम प्रधान फूलकली द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई जिसमे उन्होंने प्रथम विजेता को एक साईकिल पुरस्कार देने की घोषणा की।

प्रतियोगिता परीक्षा में कुल 50 छात्रों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा के दौरान हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य ज्ञान, विज्ञान आदि विषयों से प्रश्न पूछे गए थे। इन प्रश्नों को हल करने के लिए अभ्यर्थियों को 2 घंटे का समय दिया गया था। परीक्षा में छात्र देवा निवासी कमरी कस्बा जायस व अमित सरोज ग्रामसभा नकदेय्यापुर के अंक एक सामान थे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आलोक पासी द्वारा दोनों प्रतिभागी विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया और दोनों छात्रों को एक एक साईकिल पुरस्कार के रूप में दिया गया। बाकी सभी छात्रों को सात्वना पुरस्कार दिया गया। प्रधान प्रतिनिधि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा हर वर्ष ग्राम पंचायत के सभी छात्र-छात्राओं की योग्यता व आत्मविश्वास को परखने के लिए ऐसी प्रतियोगिता निरंतर कराई जाएगी और हर वर्ष विजेता छात्रों को साइकिल पुरस्कार मेरे द्वारा दिया जाएगा।

## पिता की मौत की सूचना सुनकर युवती हुई बेहोश

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। पिता की हृदयघात से मौत से सदमे में आई 18 वर्षीय युवती बेहोश हो गई। जिसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुबह थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी रवींद्र शुक्ला 65 वर्ष पिछले कुछ समय से दिल की बीमारी के शिकार थे। गुरुवार की रात अचानक अटैक पड़ने से उनकी मौत हो गई। जिसके कारण उनकी पुत्री अंजली सदमे में आ गई।

आज दोपहर पिता के शव को घर से जाता देख अंजली बेहोश हो गयी। होश में लाने का प्रयास किया गया परन्तु सफलता न मिलने पर सीएचसी लाया गया जहाँ उपचार जारी है।

## छिपकली के काटने से महिला हुई बेहोश

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बैरिहा गांव में खाना निकालते समय छत से गिरी छिपकली द्वारा काट लेने से 26 वर्षीय महिला बेहोश हो गई। गांव निवासी रुचि यादव पत्नी सुरेश यादव शुक्रवार की दोपहर बाद लगभग ढाई बजे रसोई में खाना निकालने गई थी कि इसी दौरान छत पर चल रही छिपकली उनके ऊपर गिर पड़ी। छिपकली को हटाने के लिए उन्होंने हाथ दीवाल पर पटका इसी दौरान दबाव में आने के कारण छिपकली ने उन्हें काट लिया। जानकारी होते ही परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां पर उपचार के बाद होश आ गया।

# आंगनबाड़ी केंद्र की बदहाल स्थिति पर सीडीओ सख्त

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत नेरी स्थित पंचायत भवन में संचालित हाईटेक लाइब्रेरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के अवलोकन में पाया गया कि स्वीकृत एस्टीमेट के अनुसार धनराशि पूर्ण रूप से आहरित कर ली गई है, किंतु उसके सापेक्ष स्थल पर कोई भी कार्य पूर्ण नहीं कराया गया था। मौके पर न तो कंप्यूटर उपलब्ध पाए गए और न ही पार्टिशन पर विद्युत व्यवस्था थी।

पत्रावलियों में कार्य प्रारंभ एवं पूर्णता से संबंधित फोटोग्राफ उपलब्ध नहीं थे तथा ग्राम निधि से कराए जा रहे कार्यों के संबंध में भी सचिव कोई संतोषजनक जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सके। तकनीकी सहायक एवं कंसल्टिंग इंजीनियर भी कार्यों की प्रगति व व्यय के संबंध में स्पष्ट जानकारी देने में असफल रहे। माप पुस्तिका एवं प्राक्कलन पुस्तिका के अवलोकन में दोनों में समान धनराशि अंकित पाई गई, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि माप पुस्तिका एवं प्राक्कलन पुस्तिका में समान धनराशि अंकित होना गंभीर अनियमितता की ओर संकेत करता है। इस पर उन्होंने संबंधित तकनीकी सहायक, ग्राम विकास अधिकारी एवं कंसल्टिंग इंजीनियर के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित प्रगति की जानकारी भी मांगी गई, किंतु सचिव द्वारा कोई सूची अथवा विवरण उपलब्ध नहीं कराया जा सका, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने गंभीर आपत्ति दर्ज की। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय नेरी परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में केंद्र अत्यंत जर्जर अवस्था में पाया गया। बच्चों के बैठने हेतु बेंच उपलब्ध नहीं थी तथा बच्चे जमीन पर बैठे पाए गए। उपस्थिति पंजिका में बच्चों की संख्या अधिक दर्ज थी, किंतु मौके पर केवल दो बच्चे उपस्थित मिले।

केंद्र पर बच्चों की लंबाई व वजन मापने की मशीन उपलब्ध नहीं थी। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि उपस्थिति पंजिका में दर्ज कई बच्चों में से लगभग आठ बच्चों के नाम पंजिका में अंकित ही नहीं थे।

## द्वारपूजा के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने लूटा दूल्हे के पिता का बैग

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान अज्ञात बदमाशों ने जनपद पुलिस को खुली चुनौती देते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। कोतवाली क्षेत्र अमेठी के एक निजी मैरिज हाल में रात्रि के समय द्वारपूजा का कार्यक्रम चल रहा था, तभी बाइक सवार बदमाशों ने दूल्हे के पिता के पास से लाखों रुपए से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिजनों के अनुसार बैग में करीब एक लाख रुपए रखे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल शुरू की और सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित परिजन संग्रामपुर थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।

# तालगांव में अनियमितता, जांच में दोषी मिले प्रधान-सचिव

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

जनपद के विकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत तालगांव में ग्रामीणों की शिकायत पर हुई उच्च स्तरीय जांच में ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा किए गए गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जांच में लाखों रुपये की शासकीय धनराशि के दुरुपयोग की पुष्टि होने के बावजूद अब तक दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत तालगांव निवासी बराती पुत्र पुत्तू ने ग्राम पंचायत में हुए वित्तीय अनियमितताओं को लेकर लोकायुक्त उत्तर प्रदेश के यहां परिवाद प्रस्तुत किया था। शिकायत में ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर भारी गड़बड़ी



और सरकारी धन के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए गए थे। लोकायुक्त द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश पारित किए गए और प्रकरण की जांच लखनऊ मंडल आयुक्त कार्यालय को सौंपी गई।

आयुक्त कार्यालय ने पत्र संख्या 2329-2023/ 16/7710 (01) दिनांक 08 सितम्बर 2025 के तहत त्रिसदस्यीय जांच समिति का गठन किया। इस समिति में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता मनोज कुमार शुक्ला, जिला पंचायतराज अधिकारी लखनऊ तथा उपायुक्त (स्वरोजगार) लखनऊ को शामिल किया गया। समिति द्वारा ग्राम पंचायत तालगांव पहुंचकर कराए गए विकास कार्यों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान अभिलेखों, निर्माण कार्यों और भुगतान से संबंधित दस्तावेजों का मिलान किया गया। जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों में कुल 17,83,566 रुपये की शासकीय धनराशि की क्षति हुई है। समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट में ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव को उक्त वित्तीय अनियमितताओं के लिए सीधे तौर पर दोषी ठहराया है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम संदीप पाल पुत्र राम किशोर निवासी बक्शीपुरा गोंडा रोड बहराइच का हूं। लिपिकीय त्रुटिवश ड्राइवर लाइसेंस में संदीप कुमार पुत्र राम किशोर हो गया है। जो कि गलत है। जबकि आधार कार्ड में संदीप पाल पुत्र राम किशोर है जो सही है।

# फांसी से लटका मिला युवक का शव, मचा कोहराम

- कन्नौज जिले के थाना तालग्राम के भीखमपुर गांव का मामला
- भाई की डांट से नाराज होकर बीती शाम को घर से निकला था मृतक युवक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गांव के बाहर पेड़ के सहारे फांसी के फंदे से लटकता हुआ युवक का शव मिलने की सूचना पर गांव के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव भीखमपुर निवासी उपेन्द्र कुमार के परिवार में खेतीबारी करके जीविका चलती है।

उपेन्द्र की शादी 6 साल पहले ही थी और उसके चार बच्चे भी हैं।

बताया जा रहा है कि,बीती सायं उपेन्द्र को उसके भाई ने किसी बात पर डांट दिया था जिसके बाद वह गुस्से में घर से निकल गया था। काफी समय गुजरने पर जब उपेन्द्र घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन इसके बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। शुक्रवार की सुबह गांव के ग्रामीण जब नित्य क्रिया को निकले तो उन्होंने गांव के बाहर एक पेड़ के सहारे फंदे पर लटका हुआ युवक का शव देखा।

घटना की जानकारी पर गांव में हड़कंप मच गया। उपेंद्र के परिजनों तक जब घटना की सूचना पहुंची तो परिजन भी मौके पर पहुंचे। यहां परिजनों ने फांसी के फंदे के सहारे लटक रहे युवक की पहचान उपेंद्र के रूप में की। उपेंद्र की मौत पर परिजनों के करुण कंदन का सिलसिला जारी था। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा था। थाना प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों की शिकायत पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।



## आयुष्मान आईडी पर डीएम सख्त

**कन्नौज।** जनपद में आयुष्मान योजना के तहत आईडी निर्माण की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नाराजगी जताई है। 19 फरवरी 2026 को मात्र 98 आयुष्मान आईडी बनाए जाने पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जनपद में कुल 3,39,799 लाभार्थियों की आयुष्मान आईडी बनाई जानी है, जिसके लिए 1237 ऑपरेटर आईडी सक्रिय हैं। इनमें 234 एएनएम, 74 आशा संगिनी और 150 सीएचओ सहित 458 स्वास्थ्य विभाग के कर्मी शामिल हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक ऑपरेटर प्रतिदिन कम से कम एक आयुष्मान आईडी अनिवार्य रूप से बनाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलता है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमित मॉनिटरिंग और दैनिक समीक्षा सुनिश्चित करते हुए प्रगति में तेजी लाई जाए, अन्यथा जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

# राधाकृष्ण एवं खाटू श्याम मूर्तियों की निकली भव्य शोभायात्रा

- पुष्प वर्षा से हुआ कई जगह स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्रेसीगंज, हनुमानगढ़ी स्थित नगर के प्रथम नवनिर्मित श्री राधाकृष्ण एवं श्री खाटू श्याम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कई जगह पुष्प वर्षा से शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत हुआ।

मुख्य आचार्य पंडित रमण विहारी शरण जी (श्रीधाम वृन्दावन, मथुरा) ने 18 एवं 19 फरवरी को प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक मूर्तियों का अधिवास एवं पूजन संपन्न कराया। शुक्रवार को दोपहर में मूर्तियों का भव्य नगर भ्रमण निकाला गया। डीजे पर भक्ति गीतों की धुन पर खाटू श्याम के निशान लहराते हुए बड़ी संख्या में भक्त शोभायात्रा में शामिल हुए। यात्रा हनुमानगढ़ी विशुनगढ़ रोड से शुरू होकर पीपल चौराहा मंदिर, कालिका देवी मंदिर, गंगेश्वरनाथ मंदिर होते हुए श्री राधाकृष्ण एवं खाटू श्याम मंदिर पर समाप्त हुई।

इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान पूर्वक मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना की गई। इस धार्मिक आयोजन ने पूरे नगर में भक्ति एवं उत्साह की लहर पैदा कर दी। आयोजक विपिन द्विवेदी एवं मंदिर के पुजारी प्रभात शुक्ला ने बताया कि शनिवार 21 फरवरी को दोपहर 2 बजे से सभी भक्तों के लिए विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में रजत त्रिपाठी, पवन गुप्ता, जितेन्द्र कुमार, रवि तिवारी, अमित तिवारी, विवेक दीक्षित, विभा द्विवेदी, शिवम् पाली, देवकीनन्दन मिश्रा, अभिषेक दुबे (नानू), सोनू गुप्ता, अरविन्द गुप्ता सहित दर्जनों स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय सहयोग दिया।



## अभियान चलाकर पकड़े गए निराश्रित गोवंश



**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशानुसार अभियान चलाकर निराश्रित गोवंश पकड़कर गौशाला भिजवाए गए। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर नेम कुमार ने बताया अभियान का उद्देश्य सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुंचाकर आम जनमानस की सुविधा सुनिश्चित करना तथा किसानों की फसलों को होने वाली क्षति से बचाना है। अभियान के अंतर्गत नगर पालिका के कैटल कैचर से तहसील छिबरामऊ में 4 निराश्रित गोवंशों को पकड़कर कान्हा गोशाला सिकंदरपुर भेजा गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सरदूल सिंह ने बताया कि जनपद में निराश्रित गोवंशों की समस्या के स्थायी समाधान हेतु यह विशेष अभियान आगामी 15 दिनों तक निरंतर चलाया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं नगर निकायों को निर्देशित किया है कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक निराश्रित गोवंशों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित गोशालाओं में पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि यदि उनके क्षेत्र में निराश्रित गोवंश दिखाई दें तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित नगर निकाय अथवा पशुपालन विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर गोवंशों को सुरक्षित आश्रय प्रदान किया जा सके।

# अंधविश्वास से बुद्धि का रुकता है विकासः पंकज सिंह

**मशहूर जादूगर पीसी कानपुरी ने दिखाए जादू, बोले- कोई शक्ति नहीं, कला और अभ्यास है**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वामी विवेकानंद इकाई द्वारा ग्राम पंचायत चाँदापुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन वैज्ञानिक सोच और तार्किकता को बढ़ावा देने तथा अंधविश्वास निर्मूलन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ सूचना तकनीकी साइबर अभियंता पंकज कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वैज्ञानिक सोच और तर्क शक्ति ही व्यक्ति की बुद्धि के विकास का आधार हैं। अंधविश्वास मनुष्य के दिमाग को कुंद बना देता है और उसकी सोचने- समझने की क्षमता को प्रभावित करता है।

उन्होंने कहा कि आज के समाज में लोगों को अंधविश्वासों के बजाय तर्कशील और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है, तभी समाज सही मायनों में विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व बैंक अधिकारी व मशहूर जादूगर पीसी कानपुरी ने अपने जादुई करतबों से उपस्थित लोगों को चकित कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जादू केवल ट्रिक, माइंड रीडिंग की कला और निरंतर अभ्यास का परिणाम है, इसमें किसी प्रकार की अलौकिक शक्ति नहीं होती। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार की कलाओं को चमत्कार बताकर समाज में कुछ लोग ठगी करते हैं, जिनसे सतर्क रहने की जरूरत है। अंधविश्वास एक सामाजिक कुरीति है, जिसे वैज्ञानिक चेतना से समाप्त किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में विज्ञान और तर्क के प्रचार- प्रसार के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, छात्र- छात्राओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन डॉ. शिखा कुमारी ने किया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पल्लवी यादव सहित आदि लोग रहे।




मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्राचार्य डॉ हरिओम

## कंपोजिट विद्यालय अकबरपुर ने मंडलीय खेलकूद में रचा इतिहास



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय अकबरपुर ने इटावा में आयोजित मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। जूनियर और प्राथमिक वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ यह विद्यालय चैंपियन बना। प्रमुख उपलब्धियों में छात्रा सूर्या ने गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीता, जबकि सलोनी ने कुश्ती में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कुश्ती और ऊंची कूद में कुल 5 रजत पदक प्राप्त हुए। कबड्डी, लोकगीत और व्यायाम में विद्यालय की टीम उपविजेता रही। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के फलस्वरूप दो खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए, जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है। कोच सुशील यादव (अनुदेशक) ने बताया कि छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से यह सफलता मिली। टीम एआरपी ने सभी खिलाड़ियों, शिक्षकों, सहयोगियों, प्रभारी ब्लॉक व्यायाम शिक्षक मुनीश गुप्ता और विवेक यादव को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि छिबरामऊ ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भी यह विद्यालय जूनियर और प्राथमिक वर्ग में चैंपियन रहा था।

## खबरें एक नजर में

### तहसीलों के कायाकल्प को 4-4 लाख मंजूर



**कन्नौज।** जनपद की सभी तहसीलों का अब स्वरूप बदलने जा रहा है। प्रत्येक तहसील में साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और लैंडस्केपिंग कार्यों के लिए 4-4 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्देश दिए हैं कि आवंटित बजट का उपयोग इसी वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित किया जाए और कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। तहसील परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ हरित पट्टियों का विकास, आकर्षक उद्यान और सुव्यवस्थित परिसर तैयार किए जाएंगे, जिससे आमजन को स्वच्छ व सुखद वातावरण मिल सके। इसके अलावा कलेक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई और पुष्प-पौधों की बेहतर व्यवस्था के लिए भी 4 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रशासन का मानना है कि इस पहल से न केवल सरकारी भवनों का स्वरूप निखरेगा, बल्कि स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता भी बढ़ेगी।

### रमज़ानः पूरा महीना रोज़े रखने पर दिया गया जोर

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** रहमतों और बरकतों का महीना रमज़ान का पहला जुमा की नमाज़ से पहले समधन नगर के मोहल्ला सौरखी तरफ मस्जिद में नमाजियों को दीनी बातें बताते हुए मौलाना मुफ्ती रिजवान ने कहा कि इस रमजान मुबारक महीने की सभी मुसलमानों को अच्छे से कद्र करनी चाहिए इस महीने में अल्लाह ताला नेकियां में इजाफा करता है एक नेकी के बदले सत्तर गुनाह ज्यादा शबाब कर देता है आगे उन्होंने बताया कि इसी महीने में कुरान पाक नाजिल हुआ था इसीलिए इस महीने में रमजान के रोजो के साथ-साथ शाम के वक्त तरावीह में कुरान पढ़ा और सुना जाता है। कहा कि जो मर्द और औरत 15 का हो जाता है तों वह बालिग हो जाता है उसपर पांच वक्त की नमाज़ के साथ- साथ रोज़े भी फर्ज हो जाते हैं बगैर किसी तखलीफ के रोज़ा नहीं छोड़ना चाहिए। तरावीह के बारे में बताया कि जब तराबीह में कुरान पाक पढ़ा जा रहा हो तब बड़ी खामोशी की हालत में कुरान को गौर से सुनना चाहिए।

### देवीटोला में गोवंश पकड़ने पहुंची टीम लौटी खाली हाथ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सदर नगर पालिका परिषद की कैटल कैचर टीम ने शुक्रवार को देवीटोला क्षेत्र में विशेष गो-संरक्षण अभियान चलाया, लेकिन आक्रामक और अत्यधिक बड़े गोवंशों के कारण टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सरदूल सिंह ने बताया कि निराश्रित गोवंशों को पकड़ने का प्रयास किया गया, किंतु सुरक्षा कारणों से उन्हें तत्काल काबू में नहीं किया जा सका। उन्होंने बताया कि टीम को पुनः सुदृढ़ तैयारी के साथ अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में निराश्रित गोवंशों की समस्या के समाधान के लिए 15 दिन तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अधिक से अधिक गोवंशों को चिन्हित कर सुरक्षित गोशालाओं तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। ग्राम प्रधानों और नागरिकों से भी सहयोग की अपील की गई है।

### उपसंभागीय परिवहन कार्यालय में परिवहन मेला आयोजित

**कन्नौज।** उपसंभागीय परिवहन कार्यालय कन्नौज के प्रांगण में परिवहन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद की ट्रांसपोर्ट यूनियनों के पदाधिकारी व हल्के व्यावसायिक वाहन स्वामी शामिल हुए। मेले में परिवहन यानों पर लागू एकबारीय कर की दरें वाहन पोर्टल पर लाइव प्रदर्शित की गईं। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी इज्या तिवारी ने बताया कि 30 जनवरी 2026 से लागू नई दरों के तहत विभिन्न श्रेणी के हल्के परिवहन यानों पर निर्धारित प्रतिशत के अनुसार एकमुश्त कर देय होगा। पहले से पंजीकृत वाहनों के लिए पूर्व अवधि पर प्रति वर्ष 8 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है, जो अधिकतम 75 प्रतिशत तक सीमित रहेगी। मेले में हेलमेट विक्रय स्टॉल भी लगाया गया तथा चालकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उपायुक्त राज्यकर राजीव त्यागी व डिप्टी कमिश्नर नाजिम ने जीएसटी सुधार, दुर्घटना बीमा योजना और इलेक्ट्रिक वाहनों पर कर छूट की जानकारी दी गई।

## पैसों के विवाद में बड़े ने छोटे भाई और उसकी पत्नी को पीटा

**कन्नौज।** पैसों के लेनदेन के विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई पर हमला बोल दिया। विवाद में जहां छोटा भाई घायल हुआ वहीं बचाव में पहुंची उसकी पत्नी भी घायल हुई है। जानकारी के मुताबिक, ठठिया थाना क्षेत्र के चौकी खैरनगर के गांव गाढ़ापुर्वा निवासी किशोरी लाल के पुत्र राजा सिंह का उनके बड़े भाई से पैसों को लेकर विवाद हो गया। राजा का आरोप है कि, उनके बड़े भाई, भाभी, भतीजे ने मां शांति देवी के द्वारा दिए गए रुपयों का तकादा किया। विरोध पर गालीगलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला बोल दिया। राजा के मुताबिक बीच बचाव करने के दौरान भतीजे ने धारदार हथियार से घायल कर दिया। राजा का कहना था कि, विवाद की जानकारी पर मौके पर बीच बचाव को पहुंची उनकी पत्नी को भी उपरोक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# विवाहिता की मौत पर परिजनों ने लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**गुरसहायगंज कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के फतेहपुर भट्ठा निवासी विक्रम सिंह पुत्र मथुरा प्रसाद ने थाना गुरसहायगंज में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री सुनैना की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। परिजनों का कहना है कि यह मामला दहेज उत्पीड़न से जुड़ा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनैना का विवाह दो वर्ष पूर्व मोनू पुत्र हरवक्स के साथ हुआ था। उसके साथ जेठ सोनू व राहुल व उनकी सास कई दिनों से गली गलौज करता थे 7 विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। पीड़ित का कहना है कि एक लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर मारपीट, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया जाता था तथा जानमाल की धमकी भी दी जाती थी। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि लगातार हो रहे उत्पीड़न के चलते यह अप्रिय घटना घटी है। जिसका शव फर्रुखाबाद के लोहिया में रखा है 7 घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दबंग प्रवृत्ति के हैं, जिसके कारण वे पहले खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे थे। पीड़ित पिता ने थाना प्रभारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर पोस्टमार्टम कराकर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की है।

# यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के प्रदर्शन पर रोक की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

यादव समाज से जुड़े अधिवक्ताओं ने हाल ही में रिलीज हुई या प्रचारित हो रही फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का तीव्र विरोध किया है। उन्होंने फिल्म के नाम, कथानक और प्रचार सामग्री पर गंभीर आपत्ति जताते हुए इसके प्रदर्शन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को सौंपा।

यादव समाज के अधिवक्ताओं का आरोप है कि फिल्म का शीर्षक और कथावस्तु एक विशेष समाज (यादव) की छवि को खराब करती है। फिल्म में यादव समुदाय की एक लडकी का मुस्लिम युवक से प्रेम संबंध दिखाया गया है, जिसे वह लव जिहाद जैसी स्थिति उत्पन्न करने वाला बताते हैं। उनका कहना है कि इससे समाज विशेष की छवि को ठेस पहुंचती है, युवाओं में भ्रम फैलता है और सामाजिक सौहार्द बिगडने का खतरा बढ़ता है।

प्रचार सामग्री भी संवेदनशील भावनाओं को आहत कर रही है, जिससे सार्वजनिक शांति और कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि जनहित और सामाजिक शांति को ध्यान में रखते हुए फिल्म के प्रदर्शन व प्रचार पर रोक लगाई जाए। साथ ही, फिल्म के नाम और कथानक में उचित संशोधन कराया जाए या किसी सक्षम समिति से जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस मौके पर बृजेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, घनश्याम सिंह यादव, अवनीश यादव, रजनीश यादव व राम प्रकाश सहित कई अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।



# बिजली विभाग ने बकाया बिल वसूली का चलाया महाअभियान



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बिजली विभाग ने बकाया बिल वसूली का महाअभियान चलाया। इस दौरान कई बड़े बकाएदारों ने ओटीएस कराकर छूट का लाभ लिया। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहर के कई मोहल्लों में एसडीओ के निर्देश पर जेई के नेतृत्व में बकाया बिल वसूली का महाअभियान चलाया गया। इस दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्र के कई बड़े बकाएदारों का ओटीएस के तहत रजिस्ट्रेशन कर उन्हें छूट का लाभ दिलाया गया। साथ ही रजिस्ट्रेशन होने के बाद बिजली उपभोक्ताओं को अब अपनी बकाया बिल की धनराशि किश्तों में विभाग को जमा करनी होगी।

# रोज़ा सब्र तौबा और अल्लाह की तरफ लौटने की एक खूबसूरत मिसाल है : तहसीन सिद्दीकी

- हम सभी लोगों को बहुत ही अदब और एहतराम करना चाहिए और अल्लाह से रो-रो कर अपने गुनाहों की तौबा करना चाहिए

**गुरसहायगंज कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

दुनिया मे सबसे पहला रोजा हज़रत आदम अलैहिस्सलाम ने रखा था जब उन्होंने शैतान के बरगलाने पर पेड़ का फल खा लिया जिसे अल्लाह ने मना किया था जब उनसे ग़लती हुई और उन्हें जन्नत से निकाल कर धरती पर भेजा गया यहां उन्होंने कई सालों तक खुदा से माफी मांगी उन्हें अल्लाह ने उस ग़लती की माफ़ी दी और उन्हें रोज़ा रखने को कहा तब हज़रत आदम अलैहिस्सलाम ने तौबा और माफ़ी के लिए रोज़े रखे थे उन्होंने अल्लाह से माफ़ी मांगी इबादत की और सब्र किया। रोज़ा उसी सब्र तौबा और अल्लाह की तरफ़ लौटने की एक खूबसूरत मिसाल माना जाता है। उपरोक्त बातें शुक्रवार को फर्रुखाबाद के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी ने कहीं। उन्होंने कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो गया है इस महीने में हम सभी लोगों को रोज़े रखकर अल्लाह की इबादत करना चाहिए और दिल खोलकर ग़रीबों की मदद करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने बताया कि रोज़ा इबादतों में एक अज़ीम इबादत है शहरी एवं इफ्तार के समय रोजदार की हर जायज़ दुआ कुबूल होती है इसलिए इस पवित्र महीने रमज़ान का हम सभी लोगों को बहुत ही अदब और एहतराम करना चाहिए और अल्लाह से रो-रो कर अपने गुनाहों की तौबा करना चाहिए क्योंकि अल्लाह बहुत बड़ा माफ़ करने वाला है।



## वृहद ऋण वितरण शिविर में 107 लाभार्थियों को मिला संबल

**कन्नौज।** जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, मकरंद नगर में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी की अध्यक्षता में वृहद ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त उद्योग श्री प्रेमकांत ने अधिकारियों एवं आगंतुकों का स्वागत कर किया। शिविर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ,उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक,एचडीएफसी बैंक, केनरा बैंक ,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक शिविर में सहित विभिन्न बैंकों ने स्टॉल लगाकर आवेदकों को ऋण योजनाओं की जानकारी दी और समस्याओं का समाधान किया। जिला अग्रणी प्रबंधक ने युवाओं को सीएम युवा मोबाइल ऐप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ऐसे शिविरों से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

# नगर पालिका ने शुरू किया गोवंश पकड़ने का अभियान

- सिकंदरपुर गौशाला में संरक्षित किए जाएंगे गोवंश

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर नगर पालिका परिषद क्षेत्र में आवारा घूम रहे गोवंश को पकड़ने के लिए नगर पालिका परिषद के कर्मियों ने अभियान चलाया पूरे नगर में अभियान चलाकर गोवंश को पड़कर सिकंदरपुर गौशाला में संरक्षित किया गया।

अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने बताया कि फरवरी माह में नगर में आवारा घूम रहे गोवंशों को पकड़ने का अभियान चलाया गया है इस अभियान के तहत गोवंश को पड़कर सिकंदरपुर गौशाला में संरक्षित कराया जा रहा है अधिशासी अधिकारी ने बताया कि यह अभियान नगर को आवारा घूम रहे गोवंश से मुक्त कराए जाने तक निरंतर चलाया जाएगा जिसके लिए एक टीम गठित की गई है यह टीम पूरी नगर में घूम-घूम कर आवारा पशुओं को पड़कर सिकंदरपुर भेजने की व्यवस्था करेगा इस टीम में जेडएस आई अशोक कुमार अनिल कुमार पूरन सिंह उधम सिंह आदि कर्मचारियों को तैनात किया गया है यह कर्मचारी गोवंश को पड़कर अभियान को गति प्रदान करेंगे और नगर पालिका परिषद में प्रतिदिन संख्या भी बताएंगे जिससे कि अभियान की जानकारी हो सके।




# खनन अधिकारी ने अवैध खनन कर रहे हाइड्रा व ट्रैक्टर को पकड़ा

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।**

सकरावा थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर के पास स्थित नहर के पास सरकारी जमीन पर बीती रात अवैध खनन की सूचना पर खनन अधिकारी ने अपनी टीम के साथ मौके पर अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर व हाइड्रा को पकड़ कर थाने में सुपुर्द किया। सकरावा थाना क्षेत्र में मिर्जापुर गांव के पास स्थित नहर के पास सरकारी जमीन पर बीती रात अवैध खनन की सूचना मिलने पर खनन अधिकारी संदेश कुमार पटेल अपनी टीम के साथ पहुंचे और मौके पर अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर व हाइड्रा को पकड़ लिया। वही मौका पाकर ट्रैक्टर चालक और खनन माफिया मौके से फरार हो गए अचानक हुई इस कारवायी से खनन माफिया में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में खनन अधिकारी संदेश कुमार पटेल ने बताया कई दिनों से खनन करने की सूचना मिल रही थी जिसके चलते बीती रात यह कार्रवाई की गई है। और उधर सकरावा थाना अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बताया कि खनन अधिकारी द्वारा थाने में हाइड्रा व ट्रैक्टर की शपुर्दगी दी गई है।



# जेपी एकेडमी में राष्ट्रीय क्रेडिट कोर की रैंक सेरेमनी संपन्न

- प्रधानाचार्य ने केडेट्स को रैंक पहनकर किया सम्मानित

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के इंद्रा नगर स्थित जे पी एजुकेशन एकेडमी में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की रैंक सेरेमनी अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम में प्रशिक्षित कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न रैंक प्रदान की गईं। शुक्रवार को कैडेट्स को सीनियर अंडर ऑफिसर, अंडर ऑफिसर, सर्जेंट और कॉर्पोरल की रैंक दी गईं। समारोह में कैडेट्स ने परेड, ड्रिल और ध्वजारोहण का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स विद्यालय का गौरव हैं। उन्होंने कैडेट्स के अनुशासन और समर्पण की सराहना की।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने कैडेट्स को रैंक पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक पी.आई. संजय भोंसले ,विद्यालय स्तर पर ए एन ओ ममता शर्मा ने कैडेट्स आरुषि राठौर, फरहा खान, रिया सिंह, सेजल राठौर को रैंक हेतु चुना। इस दौरान विद्यालय के सिद्धार्थ गुप्ता सहित सभी कैडेट्स उपस्थित रहकर उनका उत्साहवर्द्धन किया।



# सख्ती के चलते हाईस्कूल में 1597 व इंटर में 1061 परीक्षार्थियों ने किया किनारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यू.पी. बोर्ड हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में 1597 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी, जबकि सामाजिक विज्ञान में 24613 छात्र-छात्रायें पंजीकृत थे। इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 20747 छात्र-छात्रायें पंजीकृत थे, जिसमें से1061 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। इंटरमीडिएट एग्रीकल्चर विषय की परीक्षा में पांच छात्र अनुपस्थित रहे। बोर्ड परीक्षा केंट्रोल रुम के प्रभारी रामलखन से मिली सूचना के अनुसार प्रात:कालीन हाईस्कूल सामाजिक विषय की परीक्षा में 1597 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी, जबकि 24613 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। प्रात:कालीन की पाली में इंटर एग्रीकल्चर विषय में 229 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें पांच छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा शुरु होने से पूर्व केंद्रों पर परीक्षार्थियों की आंतरिक सचल दल द्वारा तलाशी ली गयी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ0 महेंद्र देव के निर्देश पर परीक्षा के दौरान फोटो स्टेट कॉपी की दुकानें बंद रहीं तथा संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात किया गया। शिक्षा निदेशक ने संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये। शिक्षा निदेशक ने बोर्ड परीक्षा से जुड़े शिक्षा अधिकारियों को प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के संबंध में स्ट्रांग रुम की रात में रैंडम चेकिंग करने के भी निर्देश दिये। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी विश्वनाथ प्रताप, सह जिला विद्यालय निरीक्षक ए.पी. सिंह के सचल दलों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं की तलाशी ली। परीक्षा समाप्ति के पश्चात संकलन केंद्र जीआईसी फतेहगढ़ तथा सीपीवीएन विद्या निकेतन कायमगंज पर उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल पुलिस सुरक्षा में जमा किये गये।

संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर रही विशेष नजर



परीक्षार्थियों की तलाशी लेते कक्ष निरीक्षक

- शिक्षा निदेशक के आदेश पर परीक्षा अवधि में बंद रहीं फोटो स्टेट की दुकानें
- संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर रही विशेष नजर

# पेड़ से टकराई कार, दो घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के भोजपुर बघार में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार अत्यधिक तेज गति में थी। इसी कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। यह उल्लेखनीय है कि भोजपुर बघार क्षेत्र लगातार सड़क हादसों का केंद्र बनता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में इसी स्थान पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही और पर्याप्त चेतावनी संकेतों की कमी इन हादसों का मुख्य कारण है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस क्षेत्र में गति नियंत्रण, चेतावनी बोर्ड लगाने और नियमित निगरानी की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।



पेड़ से टकराई कार

# खुले पैसों को लेकर ऑटो चालक और महिला में विवाद, मौके पर पहुंची पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक महिला फतेहगढ़ की ओर से ऑटो में सवार होकर मिशन कंपाउंड जा रही थी। गंतव्य पर पहुँचने के बाद महिला ने किराए के लिए 500 रुपये का नोट निकाला। ऑटो चालक के पास खुले पैसे नहीं थे। पैसों को छुट्टा कराने के लिए चालक महिला को करीब 250 मीटर आगे आवास विकास तिराहे पर ले आया। यहाँ पैसे तो खुले हो गए, लेकिन असली विवाद तब शुरू हुआ जब चालक ने महिला को वहीं उतरने को कहा। महिला यात्री ने तिराहे पर उतरने से साफ इनकार कर दिया। उसका कहना था कि चालक उसे वापस उसी स्थान पर छोड़कर आए जहाँ उसे वास्तव में उतरना था। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई। विवाद को देख बीच सड़क पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। स्थिति को बिगड़ता देख ऑटो चालक ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। काफी देर तक चले ड्रामे के बाद पुलिस ने मध्यस्थता की। अंततः पुलिस के समझाने और हस्तक्षेप के बाद ऑटो चालक महिला को उसके तय स्थान तक वापस छोड़ने के लिए राजी हुआ, तब जाकर मामला शांत हुआ।



मौके पर विवाद को निपटाती पुलिस

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर सैदवाड़ा निवासी मनीष गंगवार पुत्र स्व0 अशोक गंगवार बीती शाम चीनी मिल रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित दावत से वापस अपने घर लौट रहे थे। देर रात जब वह कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर गांव पापड़ी खुर्द के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनीष सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास शुरू किया। काफी देर तक पहचान नहीं हो सकी, लेकिन बाइक के नंबर के आधार पर मृतक की पहचान मनीष गंगवार के रूप में हुई। जैसे ही हादसे की खबर परिजनों को मिलीए परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी पारुल गंगवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मासूम बेटे प्रांशु और बेटी काजल को अभी यह समझ भी नहीं आ रहा कि उनके सिर से पिता का साया उठ चुका है। गांव में भी घटना के बाद शोक की लहर दौड़ गई। मनीष दो भाइयों में बड़े थे। छोटे भाई चिरैया लाल सहित पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। इलाके में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर लोगों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है।

# रमजान के पहले जुमे पर मस्जिदों में नमाजियों की रही भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रमजान के पहले जुमे पर जिले की मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी गई। रमजान के चलते बाजारों में भी चहल.पहल देखी गई। रोजेदारों ने अपनी जरूरत का सामान खरीदा। जिससे बाजारों में रौनक बनी रही।

जिले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार और सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने शहर की जामा मस्जिद का दौरा किया। मस्जिद के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। कोतवाली प्रभारी दर्शन सोनकी, मऊदरवाजा थाना प्रभारी अजब सिंह, एसएसआई वीरेंद्र सिंह, एसआई अमित गुप्ता, एसआई इमरान फरीद, एसआई पंकज कुमार, एसआई नितिन कुमार, एसआई लक्ष्मण सिंह और एसआई अजय कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी फोर्स के साथ मौजूद रहे। रमजान का पहला शुक्रवार होने के कारण बड़ी संख्या में रोजेदारों ने जुमे की नमाज अदा की। मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ देखी गई। शहर की जामा मस्जिद, रानी साहिबा की मस्जिद, मस्जिद जान अली, शीश महल मस्जिद, बारह खां मस्जिद, बदा खां मस्जिद और मनिहारी वाली मस्जिद नमाजियों से खचाखच भरी रहीं। जामा मस्जिद में इमाम मुफ्ती मुअज्जम अली, रकाबगंज तिराहा मस्जिद जान अली में सैय्यद हारून अली और सैंथली सुनहरी मस्जिद में इमाम मोहम्मद अब्बास ने नमाज अदा कराई।



पहले जुमे पर नमाज अदा करते अकीदतमंद

# बाइकों की भिड़ंत में एक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद कन्नौज के थाना क्षेत्र विशुनगढ़ के गांव बखरिया निवासी शैलेंद्र यादव उम्र 40 वर्षीय पुत्र मलखान सिंह यादव अपनी पत्नी संगीता व पुत्री शिवन्या एवं पुत्र आर्यन के साथ बाइक से कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव जयसिंहपुर अपने बहनोई के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए बीते दिन गुरुवार को आए हुए थे। जहां से आज वह दोपहर शुक्रवार को बाइक से पत्नी व बच्चों के साथ लौट रहे थे। जब वह अचरा के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही बाइक में उनकी टक्कर हो गई। जिसमें शैलेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से निजी वाहन द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है। वहीं इस दुर्घटना में उनकी पत्नी संगीता व पुत्री शिवन्या एवं पुत्र आर्यन बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दूसरे बाइक चालक को भी हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घायल शैलेंद्र को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। फिलहाल में उनकी हालत स्थिर है।



घायल का उपचार करता फार्मासिस्ट

## शादी समारोह में हुए विवाद के बाद मां-बेटे पर लाठी-डंडों से हमला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के त्योरी इस्माइलपुर गांव में शुक्रवार सुबह एक युवक और उसकी मां पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। यह घटना शादी समारोह में हुए विवाद के बाद हुई। मारपीट में मां माधुरी देवी घायल हो गईं। पुलिस ने अंशुल सिंह की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार त्योरी इस्माइलपुर निवासी अंशुल सिंह का बीती रात गांव के ही एक युवक से बारात समारोह में विवाद हो गया था। इसी विवाद के चलते शुक्रवार सुबह लगभग आठ बजे वह युवक अपने साथियों के साथ अंशुल के घर पहुंचा। उन्होंने अंशुल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अंशुल ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो युवक और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। अंशुल को बचाने आई उसकी मां माधुरी देवी पत्नी कृपाल सिंह को भी हमलावरों ने पीटा। जिससे वह घायल हो गईं। अंशुल सिंह ने इस मामले में युवक सहित दो नामजद लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# अनियंत्रित कार बिजली खंभों से टकराई, दो घायल, बिजली आपूर्ति बाधित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में देर रात एक अनियंत्रित कार बिजली के खंभों से टकरा गई। इस दुर्घटना में अलीगढ़ से शादी समारोह में आ रहे दो युवक मामूली रूप से घायल हो गए। टक्कर के कारण बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हो गए। जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

घायलों की पहचान अलीगढ़ के दादो थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी विक्रम कुमार 21 पुत्र नीरज कुमार और योगेश कुमार 22 पुत्र राजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। ये दोनों कार से अलीगढ़ से मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के बीबीगंज चौकी अंतर्गत सुमन गार्डन नेकपुर खुर्द में एक शादी समारोह में जा रहे थे। यह दुर्घटना अर्रा पहाड़पुर सब्जी मंडी के सामने हुई। सूचना मिलते ही बीबीगंज चौकी पुलिस के कांस्टेबिल सौरभ और नितिन कुमार मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कार के बिजली के खंभों से टकराने के कारण जसमई फीडर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इस घटना में कई बिजली के खंभे और एक ट्रांसफॉर्मर टूटकर गिर गए। जिससे शहर के एक बड़े हिस्से में कई घंटों तक बिजली गुल रही। दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मऊदरवाजा थाना प्रभारी अजब सिंह ने बताया कि देर रात हुई इस दुर्घटना में कार बिजली के खंभे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई थी और दोनों व्यक्तियों को हल्की चोटें आई हैं। उन्होंने कहा कि यदि बिजली विभाग की ओर से तहरीर मिलती हैए तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बिजली विभाग के अवर अभियंता मासूम अली ने बताया कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग एक घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई थी।



बिजली के खंभे में घुसी कार

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के पेट्रोल पंप चौराहे पर गुरुवार रात एक कार और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। शमशाबाद के गांव उलियापुर निवासी रवि पुत्र रोहितास गुरुवार शाम नगर के मोहम्मदाबाद रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में दावत में शामिल होने आए थे। दावत के बाद रात में वह अपनी बाइक से घर वापस जा रहे थे। पेट्रोल पंप चौराहे पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रवि दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल रवि को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# बाइकों की भिड़ंत में छात्र की मौत, दो साथी छात्र घायल

- इंटर अंग्रेजी की परीक्षा देकर बाइक से लौट रहे थे तीनों

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव मुरैठी निवासी प्रियांशु उम्र 18 वर्षीय पुत्र राजकुमार व शमसाबाद के मोहल्ला टीला निवासी अमर सिंह का 19 वर्षीय पुत्र सचिन तथा मोहल्ला बाग शमसाबाद निवासी राजीव शाक्य का पुत्र सूरज शमसाबाद के ही श्री श्याम लाल राजपूत स्मारक शिक्षण संस्थान में इंटर के छात्र थे। शुक्रवार को इंटर के अंग्रेजी विषय का पेपर था। वह कंपिल थाना क्षेत्र के गांव रसीदाबाद तिवारियान में जनता इंटर कॉलेज में अंग्रेजी का पेपर देकर वापस से बाइक से लौट रहे थे। जैसे ही वह कायमगंज-अलीगंज मार्ग पर गांव रुटौल से आगे निकले ही थे, इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से भिड़न्त हो गई। दुर्घटना के बाद प्रियांशु सचिन व सूरज तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां प्रियांशु को देखते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि सचिन व सूरज को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाते ही कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल सचिन, कांस्टेबिल धर्मेन्द्र तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुँचकर जाँच पड़ताल कर मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक प्रियांशु चार बहनों का इकलौता भाई था। सूचना पर पहुंची मां सुनीता देवी व बहनों एवं अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मां सुनीता देवी ने रुंधे गले से बताया कि प्रियांशु पढ़ने में बहुत तेज था। बहन नीरू ने बताया कि प्रियांशु आर्मी में भर्ती होना चाहता था, लेकिन यह सपना अधूरा ही रह गया।



मृतक छात्र का फाइल फोटो



सीएचसी में मौजूद मृतक छात्र के परिजन व पुलिस

## डियूटी न ज्वाइन करने वाले शिक्षकों का रुकेगा वेतन: डीआईओएस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यू.पी. बोर्ड परीक्षा में तैनात किये गये जिन शिक्षकों ने अभी तक संबंधित परीक्षा केंद्र पर ज्वाइन (कार्यभार) नहीं किया है, उनका वेतन रोका जायेगा तथा बोर्ड परीक्षा में जान बूझकर लापरवाही बरतने के मामले में कार्यवाही की जायेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह के हवाले से बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रुम प्रभारी राम लखन पाल ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने शुक्रवार को सचल दल के साथ एक दर्जन परीक्षा केंद्रों पर छापा मारा। जहां परीक्षायें शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होते हुए मिलीं। परीक्षा केंद्र व्यवस्थपकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को जानकारी दी कि कई शिक्षकों जिनकी बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु आप द्वारा डियूटी लगायी गयी है, उन्होंने अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। जिससे परीक्षा में कक्ष निरीक्षक की डियूटी लगाने में शिक्षकों की कमी रहती है। कभी-कभी एक कक्ष में एक ही शिक्षक की डियूटी लगानी पड़ती है। जिन परीक्षा केंद्रों पर डियूटी लगने के बाद भी अभी तक शिक्षक नहीं पहुंचे हैं उनके नाम हैं-रामप्रकाश आदर्श इंटर कालेज तिराहा मुरहास, भारतीय विद्यालय महेशनगर, सर्वेदय इंटर कालेज खिमसपुर, रक्षा देवी इंटर कालेज खिमेसपुर, मेजर शिवदयाल इंटर कालेज मोहम्मदाबाद, शान्ति इंटर कालेज फर्रुखाबाद, बाबा रामदीन इंटर कालेज, पुरुषोत्तम सिंह इंटर कालेज राजेंद्र नगर, भदंत विजय सोम इंटर कालेज संकिसा के नाम शामिल हैं।

# आगामी त्योहार होली और रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को पीस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आगामी होली और रमजान त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने दोनों समुदायों के संभ्रांत नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने होली को रंगों और खुशियों का त्योहार तथा रमजान को इबादत और संयम का महीना बताया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने सभी क्षेत्रवासियों से इन त्योहारों को आपसी प्रेम, सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया। थाना प्रभारी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में कड़े निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस बैठक में क्षेत्र की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई ग्राम प्रधानों और स्थानीय समाजसेवियों ने भाग लिया। इस दौरान क्राइम प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार राय, उपनिरीक्षक (एसआई) जगराम सिंह सहित आदेश राठौर, साजिद अली, विजय वर्मा, पुरुषोत्तम सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को साइबर क्राइम के प्रति भी जागरूक किया और ऐसे किसी भी कार्य से बचने की सलाह दी। जिससे वे ठगी का शिकार हो सकते हैं।



पीस कमेटी की बैठक लेते थानाध्यक्ष

# त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव की संशोधन अधिसूचना कार्यक्रम घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश की संशोधन अधिसूचना के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण का कार्य निम्नांकित समय-सारणी के अनुसार कराये जाने का आदेश देते हुए बताया कि दावा आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियां तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण, अधिकारी के कार्यालय में जमा करना एवं सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन निस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि 7 जनवरी से 16 मार्च 2026 तक है। दावा और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने एवं यथावश्यक मतदान केंद्रों/स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही 21 फरवरी से 16 मार्च तक है। मतदाता सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केंद्र/स्थल का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांक, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउलोडिंग फोटो प्रतियां करने आदि 17 मार्च से 13 अप्रैल तक है। निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन 15 अप्रैल 2026 को किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश के दिवसों में संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे।

# एफ.एस.डी.ए. ने छापा मारकर नमूने किये संग्रह

- 45 किलोग्राम खराब खोया कराया नष्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आगामी होली पर्व के दृष्टिगत एफ.एस.डी.ए. द्वारा छापामार कार्यवाही कर जांच हेतु नमूने संग्रह किये गये। इस दौरान 45 किलोग्राम खराब खोया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 11700 रुपये को नष्ट कराया गया।

आगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु एवं खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय अजीत कुमार के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवदास सिंह, संजय कुमार सिंह व बृज मोहन गुप्ता द्वारा फर्रुखाबाद स्थित चौक खोया मण्डी में स्थित खोया आढ़त खाद्य कारोबारकर्ता विनोद कुमार गुप्ता पुत्र किशनलाल गुप्ता से खाद्य पदार्थ खोया का एक नमूना संकलित किया गया। यहीं पर खोया विक्रेता खाद्य कारोबारकर्ता प्रमोद कुमार पुत्र रामदयाल से खाद्य पदार्थ खोया का एक नमूना संकलित किया गया। कतिपय अन्य खाद्य कारोबारकर्ता मौके पर अपना खोया लगभग 45 किलोग्राम अनुमानित मूल्य 11700 रुपया जमीन पर फेंककर/गिराकर कार्यवाही के दौरान भाग गये। जनहित में उक्त खराब खोये को उपयुक्त स्थान पर गड्ढे में दबाकर नष्ट करा दिया गया।



नमूने संग्रह करती टीम

# एआरटीओ कार्यालय में परिवहन मेले का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा एआरटीओ-प्रशासन श्रीकृष्ण कुमार यादव ने एआरटीओ कार्यालय में परिवहन मेले का आयोजन किया। जिसमें टाटा मैजिक एवं ऑटो रिक्शा तथा हल्के वाहनों के स्वामी एवं संचालक उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी से भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित दोपहिया मोटर साइकिल, तिपहिया मोटर कैब एवं मैक्सी कैब, माल वाहन आदि के सम्बन्ध में उ0प्र0 मोटरयान कराधान अधिनियम में संशोधन कर उ0प्र0 सरकार द्वारा परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार करते हुए एक बारीय कर की व्यवस्था को लागू किया गया है। यह व्यवस्था तकनीकी रूप में वाहन पोर्टल पर लाइव हो गयी है। इस व्यवस्था का

## ▸ वाहन स्वामियों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

प्रमुख उद्देश्य वाहन स्वामियों को बार बार भुगतान की जटिल एवं समय-साध्य प्रक्रिया से राहत प्रदान करना, कर प्रशासन को सरल बनाना, अधिकाधिक गैर-परिवहन यानों को परिवहन यानों में परिवर्तित करना तथा राजस्व संग्रह की प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़ करना है।

परिवहन विभाग की अधिसूचना के अनुसार परिवहन यानो पर एक बारीय कर की दर निर्धारित की गयी है। तिपहिया मोटर कैब पर एकबारीय कर की दर यान के मूल्य का 7 प्रतिशत निर्धारित की गयी है। तिपहिया मोटर कैब को छोड़कर 10 लाख रूपये तक के मूल्य वाली मोटर कैब तथा मैक्सी



वाहन स्वामियों को जागरुक करते एआरटीओ

कैब पर एकबारीय कर की दर यान के मूल्य का 10.50 प्रतिशत निर्धारित की गयी है। तिपहिया मोटर कैब को छोड़कर 10 लाख रूपये से अधिक मूल्य वाली मोटर कैब तथा मैक्सी कैब पर एकबारीय कर की दर यान के मूल्य का 12.50 प्रतिशत निर्धारित की गयी है। 3000 किलोग्राम तक सकल यान भार वाले माल वाहनों पर एकबारीय कर की दर यान के मूल्य का 3 प्रतिशत निर्धारित की गयी है। 3000 किलोग्राम से अधिक किन्तु 7500 किलोग्राम से अनधिक सकल यान भार के वाहन (मिनी ट्रक आदि) पर एकबारीय कर की दर यान के मूल्य का 6 प्रतिशत निर्धारित की गयी है। पूर्व से रजिस्ट्रीकृत वाहनों पर एक बारीय कर की गणना के लिए पूर्व में अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए एक बारीय कर की धनराशि में आठ प्रतिशत की छूट देकर गणना की जायेगी, परन्तु यह छूट 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। इस प्रकार पुराने व्यावसायिक वाहनों में वाहन स्वामी बहुत कम कर का भुगतान कर एक बारीय कर जमा करा सकते हैं। 20 व 21 फरवरी को परिवहन मेले का आयोजन किया जायेगा। सभी लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर शपथ भी दिलायी गई।

# 122 लाभार्थियों को वितरित किये गये 03.35 करोड़ का ऋण स्वीकृति पत्र

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत हुआ कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सी.एम. युवा मिशन कार्यालय लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वृहद ऋण शिविर का आयोजन किया गया। ऋण शिविर में शासन की मंशा के अनुरूप कुल 122 लाभार्थियों को कुल 03.35 करोड़ का ऋण मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत वितरण/स्वीकृत पत्र जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा वितरित किया गया। डीएम ने लाभार्थियों को विकसित भारत में अपना योगदान दिये जाये हेतु अनुरोध किया, साथ ही अधिक से



लाभार्थी को चेक सौंपते डीएम

अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा अपने स्टाल से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया एवं सी.एम. युवा फेलों द्वारा सी.एम. युवा एप के बारे में जानकारी दी। उपायुक्त उद्योग ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर एल.डी.एम., सहायक आयुक्त उद्योग मो0 आजम, विभिन्न बैंकों के मैनेजेर व लाभार्थी उपस्थित रहे।

# रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेले में 40 अभ्यार्थियों का हुआ चयन



अभ्यार्थी का साक्षात्कार लेते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में रोजगार/ अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेला में 04 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 180 रिक्तियों के सापेक्ष 56 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। मेला में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 56 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर कुल 40 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कम्पनियों में इण्डिया यामाहा मोटर प्रा0लि0 ग्रेटर नोएडा-10 अप्रेन्टिसशिप, हाइवे रूप प्रेसिजन टेक्नोलाजी लि0 मानेश्वर-11 जॉब ट्रेनी, वैकमेट इण्डिया लि0 चट्टा माथुरा-09 जॉब ट्रेनी एवं के0पी0 रिलाइवल टेक्निक इण्डिया प्रा0लि0 दिल्ली-10 जॉब ट्रेनी के लिए चयन किया गया। मेला की व्यवस्था नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, बृजेश कुमार कार्यदेशक, सुनील कुमार प्लेसमेन्ट प्रभारी, रंजीत कुमार सुमन अप्रेन्टिस प्रभारी, विंजेन्द्र सिंह भास्कर, राजकिशोर महतो एंव समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# सीओ की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद द्वारा कोतवली मोहम्मदाबाद पर आगामी त्योहारो, होली पर निकलने वाले जुलूस, ईद व जुमा नमाज के दृष्टिगत संभ्रांत व्यक्तियों/पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। सीओ ने होली को रंगों और खुशियों का त्योहार तथा रमजान को इबादत और संयम का महीना बताया। सभी क्षेत्रवासियों से इन त्योहारों को आपसी प्रेम, सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने



पीस कमेटी की बैठक लेते सीओ

कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बिना आधिकारिक अनुमति के डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और हुड़दंग करने वालों या शांति भंग करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफकठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जुलूस और अन्य कार्यक्रमों के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। सीओ ने कहा कि त्योहार समाज में भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। त्योहारों पर कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। मिल जुलकर त्योहार मनाएं। इस दौरान संभ्रांत व्यक्ति व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।




टीकाकरण कराते बच्चे

# 48 बच्चों को लगायी गई रुबेला वैक्सीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में एएनएम ने टीकाकरण किया गया। सीएचसी कायमगंज के तत्वावधान में एएनएम शिववती ने आशा कार्यकर्ता रामदेवी के सहयोग से एमआर का टीका स्कूली बच्चों को लगाया। मीजेल्स रुबेला वैक्सीनेशन में प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री मेमवती, शिक्षामित्र कमलेश राजपूत, डीएलएड प्रशिक्षु ज्योति प्रसाद ने सहयोग किया। 56 के सापेक्ष 48 बच्चों के टीके लगाए गए।

# ग्रीन चौपाल व ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक




कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण व अतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्रीन चौपाल व ग्राम चौपाल लगाकर अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा समाधान भी किया। जिला पंचायती राज विभाग तथा वन विभाग द्वारा ग्रीन चौपाल तथा ग्राम चौपाल कायमगंज विकास खंड क्षेत्र के भर्तूपुर में संचालित की गई। जिसमे अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। बीडीओ आरपी सिंह, पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन, एडीओ अनुराग सक्सेना, रेणु शाक्य, प्रधान, पंचायत सहायक आदि उपस्थित रहे। बीडीओ आरपी सिंह ने आयुष्मान कार्ड, फसल बीमा योजना, स्वयं सहायता समूह, मिशन शक्ति आदि की बारे में चल रही योजनाओं से अवगत कराया। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने बताया कि किसान किस प्रकार कार्बन क्रेडिट कार्ड का प्रयोग कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते है। वृक्षारोपण तथा लगाए गए पौधों का संरक्षण कर वह वातावरण को प्रदूषित होने से बचा सकते है तथा उत्सर्जित कार्बन को कम करके कार्बन क्रेडिट कार्ड ले कर पर्यावरण को सुरक्षित कर सकते है। गाँव को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा।

गुंजा जैन ने मृदा स्वस्थ तथा जैविक खेती के महत्व को बताया। इस मौके पर बीडीओ कायमगंज आरपी सिंह, पर्यावरण विशेषज्ञ गूंजा जैन, एडीओ अनुराग सक्सेना, प्रधान, पंचायत सहायक तथा ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

## आलू के भाव में उछाल आने से किसानों में जागी उम्मीद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू मण्डी सातनपुर में भाव में मामूली उछाल आने के कारण किसानों के चेहरे खिल उठे। बीते एक माह से आलू के भाव में उछाल न होने के कारण



मण्डी में लगा आलू

किसान मायूस थे। शुक्रवार को आलू के भाव में मामूली उछाल के साथ गड्डु आलू 321 रुपये से 451 रुपये कुंतल बिका। छट्टा आलू 451 रुपये से 551 रुपये कुंतल बिका। सुपर छट्टा आलू 551 रुपये से 631 रुपये कुंतल की बिकवाली हुई। हाइलैंड आलू का भाव सुर्ख रहा। 721 रुपये से 821 कुंतल की बोली लगी। पिछले तीन दिनों से आलू के भाव में मामूली उछाल आने के कारण आलू किसानों के चेहरे खिल उठे। अगली फसल गेहूं व सरसों की बुवाई अधिकांश खेतों में हो चुकी है। कोल्ड स्टोरेजों में आलू रखना शुरु हो गया है। कोल्ड स्टोरेज में नये सत्र का आलू का रख-रखाव जोरों पर है। बाहर के व्यापारियों ने भी इस बार आलू कोल्ड स्टोरेजों में जमा किया है। अब आलू के भाव लगातार सुर्ख बना रहेगा। शहर के अलावा बाहर भी आलू का लदान हो रहा है। पिछले माह आलू के भाव में मंदा होने के चलते आलू किसान बर्बादी की कगार पर रहा। जैसे ही धूप निकलना शुरु हुई तो बाहर के व्यापारी भी मंडी में आकर खरीददारी की और अपना आलू स्टाक करने के लिए कोल्ड स्टोरेजों में भी जमा किया।

# ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए ताइक्वांडो में तीन खिलाड़ियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

20 एवं 21 फरवरी को छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी के इंटर यूनिवर्सिटी ट्रायल प्रतियोगिता एसएन बालिका महाविद्यालय कानपुर में आयोजित हो रही है।

जिसमें शुक्रवार को बालक वर्ग की प्रतियोगिता में जनपद से 5 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जनपद के श्री बाबू सिंह डिग्री कॉलेज नबावगंज के सनी दिवाकर ने अंडर-58 किलो भाव में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। गिरजा देवी पीजी कॉलेज सकवाई अंडर-68 में सागर दिवाकर ने स्वर्ण पदक, श्री रविनाथ सिंह डिग्री कॉलेज मानिकपुर के अर्जुन सिंह का चयन हुआ। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी का आयोजन



चयनित खिलाड़ी

दयानंद एंग्लो-वैदिक विश्वविद्यालय जालंधर में 16 से 21 मार्च तक आयोजित होगा।

जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ0 रजनी सरीन तथा सचिव/प्रशिक्षक अजय प्रताप सिंह एवं साथी खिलाड़ियों ने खुशी जताकर चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। 21 फरवरी को बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में 4 महाविद्यालय से 7 खिलाड़ी अपने-अपने भर वर्ग में प्रतिभाग करेंगें। यह जानकारी जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अजय प्रताप सिंह ने दी है।

# डीएम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के संदर्भ में ली बैठक

## ▸ 22 फरवरी से चलेगा विशेष अभियान दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी प्रधानों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत 22 फरवरी को आयोजित विशेष अभियान दिवस, फार्मर रजिस्ट्री, फैमली आई0डी0, आयुष्मान कार्ड व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के संबंध में बैठक की।

डीएम ने बताया कि 22 फरवरी को सभी बी0एल0ओ0 अपने बूथों पर रहकर मतदाता सूची पढ़कर सुनाएंगे व 18 वर्ष प्राप्त कर चुके आयु के युवक व युवतियों के फॉर्म




बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

06 भरवाएंगे। नाम अपमार्जन हेतु फार्म 07 व मतदाता सूची में शुद्धीकरण, स्थांतरण व दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हीकरण हेतु फार्म 08 भरवाएंगे। डीएम ने सभी प्रधानों से अनुरोध किया कि वह अपनी ग्राम पंचायत में सभी लोगों की फार्मर रजिस्ट्री कराए, बेरोजगार युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में फार्म भरवाकर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करे, पात्र लोगो के आयुष्मान कार्ड बनवाये, फैमली आई.डी. बनवाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, पी.डी. डीआरडीए, उपजिलाधिकारी सदर, अपर उपजिलाधिकारी सदर, उप निदेशक कृषि व संवंधित मौजूद रहे।

# रमजान उल मुबारक के पहले जुमे की नमाज हुई मुकम्मल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

रमजान उल मुबारक के पहले जुमे की नमाज पढ़ने के लिए अजान से पहले ही मस्जिदों में भीड़ लग गई।

जुमें की नमाज मुकम्मल होने के बाद नमाजियों ने देश और दुनिया के लिए दुआऐं की। मालूम हो कि रमजान उल मुबारक का बरकतों और रहमतों वाला महीना चल रहा है। ऐसे में मुस्लिम बहुल इलाकों में सुबह 3 बजे से ही चहल पहल हो जाती है। रोजेदार सहरी करके नमाज पढ़ने के बाद अपने-अपने काम से लग जाते हैं। गुरुवार से शुरू हुए रमजान उल मुबारक के महीने का कल दूसरा



रोजा तथा रमजान का पहला जुमा था। दोपहर 12:30 पर होने बाली जुमे की अजान से पहले ही मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ पहुंचने लगी और 2 बजे तक सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज सकुशल संपन्न होने के बाद नमाजियों ने देश और दुनिया के लिए दुआऐं की।

# ग्राम लखमीपुर में ग्राम चौपाल लगाकर सीडीओ ने सुनी समस्यायें

## गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चे को खीर खिलाकर किया अन्नप्राशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत लखमीपुर विकासखंड बढ़पुर में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में ग्राम वासियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे विधवा, दिव्यांग, वृद्धावस्था पेंशन योजनाएं, समूह गठन, बैंक से संबंधित योजनाएं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना आदि के साथ में सभी ग्राम वासियों को पंचायत चुनाव एवं एसआईआर, फॉर्मर रजिस्ट्री आदि की के बारे में भी जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी के साथ जिला विकास



बच्चे को खीर खिलाते सीडीओ

अधिकारी, खंड विकास अधिकारी बढ़पुर, एडियो पंचायत, एडियो कृषि, प्रधान, सचिव एवं विभिन्न तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम वासियों बताया गया कि वे सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर देश के विकास में भागीदार बने।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एक बच्चे की खीर खिलाकर उसका अन्नप्राशन संस्कार करने के साथ एक गर्भवती महिला को वऊल वितरण भी किया गया, साथ ही संविलियन विद्यालय लखमीपुर का भी निरीक्षण किया गया।

# रमजान में रोजा हर बुराई से बचाता है................

## रोजेदोरों ने नवाज अदा कर रखे रोजे, पढ़ी तरावीह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमजान का पवित्र महीना रहमतों व बरकतों का है। उपवास इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है, साथ ही आस्था की घोषणा, प्रार्थना, दान और




तीर्थयात्रा भी इसमें शामिल हैं। इसे धार्मिकता प्राप्त करने और ईश्वर के प्रति समर्पण का एक अनुष्ठान माना जाता है। रमजान के 30 रोजे तराबीह व पांच वक्त की नवाज से रोजदार की हर तरह से इस्लाह होती है। रोजा सिर्फ अल्लह के लिए है और वहीं इसका ईनाम देने वाला है। रोजे पर नगर में जगह-जगह रोजा इफ्तार व रोजा कुशाई का सिलसिला बदस्तूर जारी है।



हाजी शाहिद हुसैन

रमजानुल पवित्र माह में रोजदार सिलसिलेवार रोजे व नमाज के एहतमाम के साथ मशगूल है। हर छोटा बड़ा बालिग इस मुकद्दस व बरकतों गों वाले दिनों में अधिक अधिक से शबाव हासिल करने के प्रयास में लगा है। **हाजी शाहिद हुसैन** का कहना है। कि रोजा सिर्फ अल्लाह की रजा के लिए है। अल्लाह इसकी जजा देने वाला है। रोजे के दौरान नमाज कुरान की तिलावत व गुफ्तगू जरूरी है। उन्होंने कहा कि रोजे के दौरान अपने



सैफ हुसैन

मुंह से किसी को बुरा भी नहीं कहा जाता है। **सैफ हुसैन** का कहना है, रोजे से समान्यता भाई चारा एवं आपसी प्रेम का वातावरण बनता है। साल के इस विशेष महीने में सभी मुसलमानों को चाहें वह निर्धन हो या धनवान रोजा रखने वाले सभी राजदारों को निधारित समय तक रोजा रखना फिर तयशुदा समय तक खाते पीते रहना होता है। इसलिए समाज को समान्यता एवं सूत्र में बांधता है। **सैय्यद रिजवान अली** ने बताया



सैय्यद रिजवान अली

आवह की राह में जितनी इबादत की जाये उनका अज्र अल्लाह कई गुना देता है। रमजान के महीने में रोजदार द्वारा खाना पीना छोड़ने से ही रोजा पूरा नहीं हो जाता है, बल्कि रोजेदारों को गुनाह बेहयाही एवं बुरे कार्य को छोड़ना जरूरी है। इसके बाद ही अल्लाह से दुआ की जाती है कि अल्लाह हमें हमेशा रहमतों के साये में रख, रोजा एक ऐसी रूहानी इबादत है कि इन्सान को हर बुरे कार्यो से बचाकर उसे ऊंचे स्थान पर पहुंचाता है।

## खबरें एक नजर में

### केडिया फार्म में मस्जिद से लौट रहे युवक पर धारदार हथियार से हमला, चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** कोतवाली गोला क्षेत्र के केडिया फार्म इलाके में मस्जिद से घर लौट रहे एक युवक पर चार लोगों द्वारा धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केडिया फार्म निवासी शराफत पुत्र मो. अयूब ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 19 फरवरी 2026 की शाम करीब 5 बजे वह मस्जिद से नमाज अदा कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के ही अरशद पुत्र मुस्ताक, सोनू पुत्र नामालूम, नईम पुत्र सलामुद्दीन तथा आमिर पुत्र नामालूम ने रास्ता रोक लिया। आरोप है कि विपक्षियों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर शराफत के सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया। इसके बाद लाठी-डंडों से मारपीट की गई, जिससे उनका सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। शराफत ने पुलिस को बताया कि आरोपी दबंग और हेकड़ी किस्म के लोग हैं तथा भविष्य में भी किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। उन्होंने अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक योगेश कुमार को सौंपी गई है।

### बिजली बिल वसूली को लेकर बवाल, उपभोक्ता ने टीम पर ताना धारदार हथियार

**लखीमपुर खीरी।** शहर के कोतवाली सदर क्षेत्र के बहादुरनगर मोहल्ले में बिजली बिल की बकाया वसूली के दौरान उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब विद्युत विभाग की टीम को उपभोक्ता के विरोध और आक्रामक व्यवहार का सामना करना पड़ा। विभागीय कर्मचारियों का आरोप है कि बकाया राशि जमा कराने के लिए कहने पर उपभोक्ता ने न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि घर से धारदार हथियार उठाकर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना 18 फरवरी 2026 की सुबह करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र नई बस्ती की टीम राजस्व वसूली एवं विद्युत विच्छेदन अभियान के तहत बहादुरनगर स्थित 'मामा समोसे वाली गली' में पहुंची थी। टीम में तकनीकी सहायक मिथिलेश निषाद के साथ संविदाकर्मी अनूप कुमार, विवेक कुमार, अयेन्द्र पाल और निलेश मौर्या शामिल थे। विभागीय अभिलेखों के अनुसार संबंधित उपभोक्ता जितेन्द्र कुमार रस्तोगी पर 97,876 रुपए का बिजली बिल बकाया था। कर्मचारियों ने जब उपभोक्ता को बकाया राशि की जानकारी देते हुए भुगतान करने अथवा अन्यथा विद्युत कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई की बात कही, तो वह कथित रूप से उग्र हो गया। आरोप है कि उसने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। कर्मचारियों ने जब इसका विरोध किया तो वह घर के भीतर गया और हाथ में धारदार हथियार लेकर बाहर आ गया। उसने कथित तौर पर कर्मचारियों को धमकाते हुए कहा कि देख लूंगा तुम लोगों को, जिससे मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना के कारण राजस्व वसूली एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई बाधित हो गई। कर्मचारियों का कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम से उनमें भय का माहौल व्याप्त हो गया है और भविष्य में ऐसी परिस्थितियों में जानमाल का खतरा बना रह सकता है। विभाग की ओर से घटना से संबंधित फोटो भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई है, जिसमें उपभोक्ता के हाथ में धारदार हथियार होने का दावा किया गया है। मामले में अवर अभियंता अमरजीप कुमार की ओर से कोतवाली सदर में प्रार्थना पत्र देकर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक तेज सिंह को सौंपी गई है।

### नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, तीन पर केस दर्ज

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी के घर से चले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 फरवरी 2026 की शाम करीब 5 बजे उनकी 17 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि उसी दौरान पसगवां थाना क्षेत्र के ग्राम बरबर, मोहल्ला गांधीनगर निवासी छोटू पुत्र हरद्वारी उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया। पिता का आरोप है कि इस घटना में हरद्वारी पुत्र बुध्दा और राजकपूर पुत्र हरद्वारी ने भी सहयोग किया। घटना के समय किशोरी अपने साथ मोबाइल फोन भी ले गई थी। परिजनों ने गांव और रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद 20 फरवरी को थाना उचौलिया में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार चाचा भतीजा घायल, रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग गलरा गांव में शुक्रवार की दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतरने से बाइक सवार चाचा भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया।जहां से चिकित्सक द्वारा उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफ्र कर दिया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव निवासी 25 वर्षीय सुमंत अपने भतीजे 14 वर्षीय शनी के साथ बाइक से रतेह चौराहा जा रहे थे की जैसे ही घर से कुछ दूर आगे बढ़ा की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बाइक उतर् गई जिससे बाइक सवार चाचा भतीजा दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण मिश्रा व मनोकामना मिश्रा ने दोनों घायलो को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफ्र कर दिया है।

### बाइक से गिरकर महिला घायल, रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंण्डगंज मार्ग महुगढ़ गांव में शुक्रवार को माइके से पति के साथ ससुराल जा रही महिला महुगढ़ गांव के पास गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया। जहां चिकित्सक ने हालात गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर के लिए रेफ्र कर दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के लालापुर गांव निवासी रीता देवी 35 पति मुंशीलाल के बाइक पर पीछे बैठकर ससुराल हलिया के पंवारी कलां गांव अपने ससुराल जा रही थी। जैसे ही महुगढ़ गांव के पास पहुंचा कि पीछे सवार महिला को झपकी लगने से गिर कर सड़क से 50 मीटर नीचे खेत में चली गई। जिससे उसको गंभीर चोटें आ गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि बाये हाथ में फैक्चर तथा शरीर में चोट लगने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मीरजापुर के लिए रेफ्र कर दिया गया।

### पोल टूटने से पशु आश्रय स्थल गलरा की विद्युत आपूर्ति बाधित



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत गलरा गांव स्थित पशु आश्रय स्थल पर पशु आश्रय स्थल की आपूर्ति के लिए लगाया गया दस केवीए के ट्रांसफर्मर का पोल टूट जाने के कारण पशु आश्रय स्थल की आपूर्ति बाधित हो गई है। पोल को ठीक कराने के लिए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण मिश्रा द्वारा संबंधित अधिकारियो के यहां गुहार लगाया लेकिन इसके बाद भी पोल को ठीक नहीं कराया गया है जिससे पशु आश्रय स्थल की विद्युत आपूर्ति बाधित है। पशु आश्रय स्थल का ट्रांसफर्मर जमीन पर पड़ा हुआ है। पोल को अविलम्ब ठीक कराने की मांग किया है। पशु आश्रय स्थल की आपूर्ति अस्थाई तौर से कराई गई है। इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया की पशु आश्रय स्थल के आपूर्ति के लिए लगा पोल टुटा है तो मरम्मत कार्य कराया जायेगा।

### अदलहाट थाना क्षेत्रः अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**अदलहाट (मिर्जापुर)।** जनपद के अदलहाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत नरायनपुर-बरईपुर वाराणसी मिर्जापुर नेशनल हाइवे मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। चन्दौली जिले के चकिया थाना क्षेत्र स्थित बलिया खुर्द निवासी रमेश (पुत्र वाल्मीकि) सुबह अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक से वाराणसी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह नरायनपुर बरईपुर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रमेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल एंबुलेंस द्वारा बीएचयू ट्रामा सेंटर, वाराणसी ले जाया गया। हालांकि, वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई नारद ने अदलहाट थाने में लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अमित तिवारी (हेड मुहर्रिर) ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस फ़िलहाल फ़रार अज्ञात ट्रैक्टर और उसके चालक की तलाश में जुटी है।

# दिनदहाड़े फायरिंग, दोनों आरोपी तमंचे समेत गिरफ्तार

- सीओ ने की त्वरित कार्रवाई
- एक लाख के लेन-देन का विवाद बना खूनी संघर्ष, सीने में गोली लगने से युवक की हालत गंभीर





**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गोला गोकर्णनाथ के गोला कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नई बाईपास स्थित अंधेरी बाग के पास अचानक फायरिंग हो गई। पैसों के लेन-देन को लेकर चल रहा विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया और बीच-बचाव करने पहुंचे एक युवक को गोली लग गई। दिनदहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, काशीराम कॉलोनी में एक लाख रुपए के लेन-देन को लेकर कहासुनी हो रही थी। मामला बढ़ने पर दो युवक एक व्यक्ति को दौड़ाते हुए कॉलोनी में घुस आए। शोर सुनकर आसपास के लोग बीच-बचाव के लिए आगे आए, जिनमें लईक नामक युवक भी शामिल था। इसी दौरान आरोपियों का पीछा करते-करते लोग नई बाईपास अंधेरी बाग तक पहुंच गए। अचानक आरोपियों ने तमंचा निकाल लिया और फायर कर दिया। गोली लईक के सीने में बाईं ओर नीचे की तरफ जा लगी। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। सीओ गोला रमेश तिवारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायल युवक को तुरंत सीएचसी गोला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि गोली सीने में बाई ओर नीचे की तरफ लगी है और हालत गंभीर बनी हुई है। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए लखनऊ भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि प्रशांत कमल पुत्र दिनेश कुमार और प्रशांत वर्मा पुत्र सर्वेश कुमार निवासी हेमपुर थाना हैदराबाद का संगम बिजुआ निवासी (वर्तमान पता काशीराम कॉलोनी) से एक लाख रुपए का लेन-देन था। बताया जा रहा है कि 47 हजार रुपए ऑनलाइन दिए जा चुके थे, जबकि 53 हजार रुपए बाकी थे। बकाया रकम को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक रूप ले बैठा और फायरिंग तक जा पहुंचा। वारदात के तुरंत बाद सीओ रमेश तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस बल के साथ घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को तमंचे समेत हिरासत में ले लिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी, हालांकि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आरोपियों की फौरन गिरफ्तारी ने लोगों को कुछ राहत जरूर दी है।

> गोला कोतवाल अम्बर सिंह ने बताया कि घायल लईक के भाई वकील अहमद की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सेवा कार्यों के लिए पीढ़ियों तक याद रखे जाएंगे डॉ. प्रदीप टंडन



**लखीमपुर खीरी।** स्थानीय सौभाग्य पैलेस सभागार में सेवा भारती के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नगर के सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. प्रदीप टंडन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख युद्ध वीर जी ने कहा कि जो लोग समाजहित में कार्य करते हैं, उन्हें समाज पीढ़ियों तक याद रखता है। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रदीप टंडन का सेवा भाव, सरल स्वभाव और समर्पित व्यक्तित्व सदैव लोगों के हृदयों में जीवित रहेगा। इससे पूर्व सेवा भारती अवध प्रांत के महामंत्री रजनीश जी, जिलाध्यक्ष गोपाल जी अग्रवाल, डॉ. प्रदीप मेहता, किशन जी सेठ एवं डॉ. रुचिका टंडन ने भी अपने-अपने भाव व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने डॉ. टंडन के सामाजिक योगदान, मानवीय संवेदनशीलता और संगठनात्मक सक्रियता को स्मरण करते हुए उन्हें सच्चा समाजसेवी बताया। सभा का संचालन सेवा भारती अवध प्रांत के प्रशिक्षण प्रमुख राम मोहन गुप्त ने किया। उन्होंने स्वर्गीय डॉ. प्रदीप टंडन के जीवन, सेवा कार्यों तथा सामाजिक एवं पारिवारिक व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए भावपूर्ण शब्दों में कहा- हंसता मुस्कुराता, हर दिल को भाता-लुभाता, डॉ. प्रदीप टंडन जी का व्यक्तित्व सभी को था सुहाता। डॉ. रुचिका टंडन ने अपने पूज्य पिताश्री को स्मरण करते हुए क्या-क्या मैं लिखूं... शीर्षक से काव्य पंक्तियों के माध्यम से अपने भाव पुष्प अर्पित किए, जिससे सभागार का वातावरण भावुक हो उठा। कार्यक्रम में संघ के सह विभाग प्रचारक अविनाश जी, सेवा भारती अवध प्रांत के प्रचार प्रमुख अभिषेक जी, समाजसेवी राजेश दीक्षित, डॉ. डी.एन. मालपानी, डॉ. जयराम, सीए अमित गुप्ता, राजकुमार भीमराजका, राहुल अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर स्वर्गीय डॉ. प्रदीप टंडन को श्रद्धांजलि दी। अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रभु से प्रार्थना की गई तथा कल्याण मंत्र के साथ श्रद्धांजलि सभा का समापन हुआ।

## दहशत का पर्याय बना तेंदुआ वन विभाग के पिंजरे में कैद

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



तहसील निघासन के पढुआ क्षेत्र में करीब एक वर्ष से ग्रामीणों के लिए दहशत का कारण बना तेंदुआ गुरुवार देर रात वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर मिलते ही आसपास के गांवों में लोगों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार गांव चंदैयापुर के मजरा कंडौहा निवासी शालिकराम के आम के बाग में वन विभाग ने रणनीति के तहत पिंजरा लगाया था। पिंजरे में बकरी को चारे के रूप में बांधा गया था। देर रात शिकार की तलाश में पहुंचा तेंदुआ जैसे ही बकरी पर झपटा, वह पिंजरे में कैद हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि बीते एक वर्ष से यह तेंदुआ क्षेत्र में सक्रिय था और कई छोटे पशुओं को अपना शिकार बना चुका था। हाल ही में खेतों पर काम कर रहे कुछ ग्रामीणों पर भी उसने हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। इससे पूरे इलाके में भय का माहौल बना हुआ था। ग्रामीणों ने कई बार वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की थी। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं। प्रारंभिक जानकारी में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि पकड़ा गया तेंदुआ नर है या मादा। धौरहरा वन प्रभाग के अधिकारियों के अनुसार तेंदुए का चिकित्सीय परीक्षण कराया जाएगा। सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। तेंदुए के पकड़े जाने से पढुआ क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत महसूस की है और वन विभाग की कार्रवाई की सराहना की है।

# अकीदत के साथ रमजान के पहले जुमे की नमाज़ अदा, मुल्क में अमन-चैन के लिए मांगी दुआएं

- सुरक्षा के मद्देनज़र पुलिस रही अलर्ट, मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रहे जवान

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



माह-ए-रमजान के पहले जुमे पर शुक्रवार को शहर और आसपास के इलाकों में अकीदत और इबादत का माहौल देखने को मिला। रोजेदारों ने बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंचकर जुमे की नमाज़ अदा की और मुल्क में अमन, चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए खास दुआएं मांगीं। मस्जिदों में नमाज से पहले उलेमाओं ने तकरीर करते हुए रोजे की अहमियत और इंसानियत, भाईचारे व सब्र का पैगाम दिया।

नगर की प्रमुख जामा मस्जिद नीची भूड़, ऊंची भूड़ मस्जिद, गढ़ी मस्जिद, अर्जुन नगर कॉलोनी मस्जिद, केडिया फॉर्म मस्जिद, हफीजपुर मस्जिद सहित क्षेत्र की समस्त मस्जिदों में नमाज के दौरान खासी भीड़ रही। दोपहर होते-होते मस्जिदों के बाहर भी नमाजियों की कतारें नजर आईं। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर रमजान की मुबारकबाद दी।

इमामों ने अपने बयान में कहा कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है। इस पाक माह में ज्यादा से ज्यादा इबादत, जरूरतमंदों की मदद और समाज में भाईचारे को मजबूत करने की सीख दी जाती है। नमाज के बाद देश की तरक्की, सामाजिक सौहार्द और आपसी एकता के लिए विशेष दुआएं की गई।

वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। संवेदनशील स्थानों और प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। नमाज के दौरान और बाद में पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में लगातार गश्त की, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह को रोका जा सके।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रमजान माह के दौरान विशेष सतर्कता बरती जा रही है और सभी धार्मिक स्थलों के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न होने पर प्रशासन ने संतोष जताया। पहले जुमे पर शहर में इबादत के साथ अनुशासन और सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। पूरे दिन रमजान की रौनक बरकरार रही और शाम को इफ्तार के वक्त घरों व मस्जिदों में विशेष तैयारियां की गई।

## खपरैल बाजार में दिनदहाड़े मारपीट, तमंचा दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

**लखीमपुर खीरी।** थाना सदर क्षेत्र के खपरैल बाजार में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ युवकों ने एक व्यक्ति के साथ कथित रूप से मारपीट कर तमंचा दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हाथीपुर उत्तरी निवासी रामजी मौर्या पुत्र राजेन्द्र प्रसाद मौर्या 19 फरवरी 2026 को करीब तीन बजे खपरैल बाजार स्थित अपने मित्र अनिकेत गुप्ता की दुकान पर कपड़े लेने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान वहां मौजूद अनमोल गुप्ता, कृष्णा गुप्ता और आयुष गुप्ता पुत्र राजेश कुमार निवासी हाथीपुर कोठार हनुमान मंदिर के पीछे, कोतवाली सदर क्षेत्र तथा उनके एक अन्य अज्ञात साथी ने उन्हें घेर लिया और कहासुनी के बाद मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने तमंचा निकालकर उन्हें डराया-धमकाया और कहा कि आज तो कम मारा है, अगली बार जान से मार देंगे। घटना से बाजार में हड़कंप की स्थिति बन गई। आसपास मौजूद लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। घटना के बाद रामजी मौर्या ने थाना सदर पहुंचकर लिखित शिकायत दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक रमेश कुमार कन्नौजिया को सौंपी गई है।

## डीएम ने जनता दर्शन के दौरान आए हुए फरियादियों की सुनी समस्याएं



**मिर्जापुर।** जन समस्याओं को अधिक से अधिक निस्तारण व फरियादियों को न्याय दिलाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में आए हुए फरियादियो की जन समस्याओं को सुनने के दौरान निर्देशित किया कि सभी अधिकारी आने वाले जनता की समस्याओं को सुनकर, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीड़ितो की समस्याओं को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि इनकी समस्याओं को सुनते हुये तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करायें। यदि आवश्यकता हो तो मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण भी करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू/रा देवेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर संजीव यादव उपस्थित रहें।

# ग्राम चौपाल में बीडीओ व एडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्यायें

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत महुगढ़ में कंपोजिट विद्यालय परिसर शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। चौपाल में ग्रामीणों की शिकायतो को सुनकर बीडीओ ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। चौपाल में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दिया गया। बीडीओ ने चौपाल में ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दिया जिसमें कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास आदि योजनाओ कि जानकारी दिया गया।इसी प्रकार ग्राम पंचायत गलरा के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल मे एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। ग्रामीणों द्वारा आवास, शौचालय, पेंशन, शौचालय पीएम सम्मान निधि के मांग को रखा। एडीओ पंचायत ने समस्या को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। इस दौरान ग्राम सचिव संदीप कुमार, मनोज गौतम, ग्राम प्रधान महुगढ़ विविध भारतीय पाण्डेय, गलरा ममता मिश्रा, अरुण मिश्र मौजूद रहे।

### टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षु पुलिस जवानों को किया गया जागरूक

**मिर्जापुर।** टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन की पुलिस उपाधीक्षिका गायत्री यादव के उपस्थिति में मौजूद प्रशिक्षु पुलिस जवानों को शुक्रवार 20 फ़रवरी 2026 को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा टीबी, एचआईवी एवं कैंसर रोग के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस लाइन में सीओ गायत्री यादव द्वारा मौजूद जवानों से स्वास्थ्य विभाग की टीम का परिचय कराते हुए कहा गया कि उपरोक्त रोग समाज के लिए एक बड़ी चुनौती है। इसमें भारत के हर नागरिक को जागरूक होने की आवश्यकता है, ताकि समाज में ऐसी बीमारियों से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों से बचाव किया जा सके। क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा जवानों को टीबी रोग के समस्त लक्षणों से परिचित कराते हुए सरकारी स्तर से वर्तमान में दी जा रही सभी जांच एवं इलाज की निःशुल्क सुविधाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। कहा गया कि आप सभी आगामी समय में विभागीय जिम्मेदारियां के तहत निभाए जाने वाले शांति और सुरक्षा आदि के दायित्व के दौरान संज्ञान में आए लक्षण प्रभावित मरीज को सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक भेजने का भी फ़र्ज निभाने का प्रयास करते हैं तो यह जनहित एवं देश हित में एक बड़ा सराहनीय सहयोग सिद्ध होगा। कार्यक्रम में एचआईवी काउंसलर अपर्णा त्रिपाठी द्वारा एचआईवी, एड्स के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए रोग से संक्रमित होने कारण एवं बचाव की जानकारी प्रदान की गई। कहा गया की हर गर्भवती महिला को गर्भ के प्रारम्भिक तीन माह के दौरान एचआईवी जांच अवश्य करा लेना चाहिए, ताकि यदि मां में संक्रमण की स्थिति हो तो बच्चे को पॉजिटिव होने से बचाया जा सके। इस दौरान अखिलेश कुमार पांडेय, पंकज सिंह, अवध बिहारी कुशवाहा, प्रतीक आदि मौजूद रहे।

# बेलन नदी के पुल की रेलिंग से असंतुलित बोलरो टकराया, किशोर की मौत

- गुरुवार की देर रात बारात में शामिल होकर सभी लौट रहे थे घर

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।**

लालगंज थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे बरौंधा स्थित बेलन नहर पुल की रेलिंग से गुरुवार की देर असंतुलित बोलेरो टकराकर पलट गया। संयोग ठीक रहा कि बोलेरो वाहन सड़क पर पलट गया। इस दौरान रेलिंग की सरिया धंसने से बोलेरो सवार किशोर सुनील कुमार पाल 15 निवासी बडौही थाना हलिया की मौके पर ही मृत्यु हो गई।देर रात बारातियों को लेकर लौट रही एक बोलेरो की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बोलेरो पर सवार बड़ौंही निवासी अश्विनी पाल 16 पवन पाल 12 जीतबहादुर पाल 13 गोलू पाल 08 गढवा घोरावल निवासी अंजनी पाल 06 पवांरी कला निवासी लीलम पाल 14 घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे लालगंज इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह व उप निरीक्षक सीता राम ने सभी घायलों को सीएचसी लालगंज भेजवाया। जहां चिकित्सक ने सुनील कुमार पाल को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल बारातियों को वहां से मंडलीय अस्पताल के लिए रेफ्र कर दिया गया। मृतक के चाचा बृजेश कुमार पाल ने बताया कि गुरुवार को ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के इंद्रवार गांव निवासी उनके रिस्तेदार लक्ष्मण पाल के पुत्र बृजेश पाल की बारात लालगंज के लखनिया गांव मे गई थी। थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल सुनील कुमार पाल की मौत हो गई है। दुर्घटना में घायल अन्य छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संयोग ठीक रहा कि पुल की रेलिंग से टकराकर बोलेरो वाहन सड़क पर पलटा। जिससे भीषण दुर्घटना से अन्य सवार बच गए।

### असंतुलित बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल, ट्रामा सेंटर रेफर



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के तिलाव चौकी क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह गांव के रामलीला मैदान के पास गुरुवार की रात्रि में बाइक सवार असंतुलित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा 108 के कर्मियों ने बाइक सवार युवक को उपचार के लिए लेकर आए। चिकित्सक द्वारा बाइक सवार युवक की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफ्र कर दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह गांव निवासी 30 वर्षीय आशीष बाइक से बिजुरी गांव की तरफसे लौट रहा था की जैसे ही कोटा शिव प्रताप सिंह गांव के रामलीला मैदान के पास पहुंचा की बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिरकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर दिया। मौके पर पहुँचे पायलट अरूण यादव व ईएमटी हरिशचंद्र ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक रीना पटेल ने बाइक सवार युवक के बाएं हाँथ व पैर में गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफ्र कर दिया है।